आषाढ़ कृष्ण पक्ष पंचमी
विक्रम संवत 2081

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

बुधवार, 26 जून 2024
वर्ष 4, अंक 129, पृष्ठ 14
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 6 रुपये

अमृत विचार

हल्द्वानी

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com

अफगानिस्तान ने रचा इतिहास 13

करीना ने करिश्मा को जन्मदिन की बधाई दी 14

मप्र में अब मंत्री स्वयं अदा करेंगे अपना आयकर

- मंत्रिमंडल ने 52 साल पुराना नियम समाप्त किया

भोपाल। मध्यप्रदेश मंत्रिमंडल ने मंगलवार को निर्णय लिया कि राज्य के मंत्रियों को अपना आयकर स्वयं अदा करना होगा और इसका भुगतान राज्य सरकार नहीं करेगी। मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव ने एक बयान में कहा कि मंत्रिमंडल ने 1972 के नियम को समाप्त करने का निर्णय लिया है, जिसके तहत राज्य सरकार मंत्रियों के वेतन और भत्तों पर आयकर का भुगतान करती थी। सभी मंत्री अपने वेतन और भत्तों पर आयकर का भुगतान करेंगे।

लोकसभा अध्यक्ष पद के लिए ओम बिरला और के. सुरेश के बीच मुकाबला

ई दिल्ली, एजेंसी

लोकसभा अध्यक्ष पद के लिए सरकार और विपक्ष के बीच मंगलवार को आम-सहमति नहीं बन सकी और अब राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) के उम्मीदवार तथा भाजपा सांसद ओम बिरला का मुकाबला कांग्रेस के कोडिकुन्नील सुरेश के साथ होगा। बिरला और सुरेश ने मंगलवार को क्रमशः राजग और विपक्षी गठबंधन इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इन्क्लूसिव अलायंस (इंडिया) के उम्मीदवारों के रूप में अपने नामांकन पत्र दाखिल किए। लोकसभा अध्यक्ष के चुनाव में उतरने के लिए विपक्ष ने अंतिम समय में तब फैसला लिया जब भाजपा के वरिष्ठ नेताओं ने उनकी इस पूर्व शर्त को नहीं माना कि राजग के उम्मीदवार बिरला का समर्थन करने के एवज में इंडिया गठबंधन को उपाध्यक्ष पद दिया जाना चाहिए।

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के संसद भवन स्थित कार्यालय में विपक्ष की ओर से कांग्रेस के संगठन महासचिव केसी वेणुगोपाल और द्रमुक के टीआर बालू ने सिंह, गृहमंत्री अमित शाह तथा स्वास्थ्य मंत्री और भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा से इस मुद्दे पर आम-सहमति बनाने के उद्देश्य से बातचीत की लेकिन दोनों पक्ष अपने रुख पर अड़े रहे और कोई नतीजा नहीं निकला।

पिछली लोकसभा में भी अध्यक्ष रह चुके बिरला को राजग की तरफ से सर्वसम्मति से उम्मीदवार बनाया गया है। बिरला ने नामांकन दाखिल करने से पहले प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से मुलाकात की। वेणुगोपाल और बालू लोकसभा अध्यक्ष के पद के लिए राजग उम्मीदवार का समर्थन करने से इनकार करते हुए रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के कार्यालय से बाहर आ गए। वेणुगोपाल ने आरोप लगाया कि सरकार ने उपाध्यक्ष पद विपक्ष को देने की प्रतिबद्धता नहीं जताई। केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल ने कहा कि लोकसभा अध्यक्ष के लिए उम्मीदवार के नाम पर सर्व सम्मति होती तो बेहतर होता। आधिकारिक सूत्रों के अनुसार लोकसभा अध्यक्ष का निर्वाचन बुधवार को होना है और यदि मतदान होता है तो लोकसभा के इतिहास में ऐसा तीसरी बार ही होगा। सदन में भाजपा समेत राजग के 293 सांसद हैं और विपक्षी गठबंधन इंडिया के 233 सदस्य हैं। दो लोकसभा सीट से निर्वाचित हुए कांग्रेस नेता राहुल गांधी के केरल की वायनाड सीट से इस्तीफा दिए जाने के बाद सदन में कुल सदस्यों की संख्या 542 रह गई है। यदि कोटा से भाजपा सांसद बिरला फिर से लोकसभा अध्यक्ष चुने जाते हैं तो पांचवीं बार ऐसा होगा कि कोई अध्यक्ष एक लोकसभा से अधिक कार्यकाल तक इस पद पर आसीन रहेगा।

सरकार को विपक्ष के बीच नहीं बन सकी आम सहमति, आज मतदान संभव

- लोकसभा के इतिहास में तीसरी बार अध्यक्ष पद के लिए मतदान

शपथ लेने के बाद राहुल ने जय संविधान तो ओवैसी ने जय फिलिस्तीन बोला

नई दिल्ली। 18वीं लोकसभा के पहले सत्र के दूसरे दिन मंगलवार को ओम बिरला, राहुल गांधी, अखिलेश यादव, सुप्रिया सुले, सुदीप बंदोपाध्याय, अभिषेक बनर्जी, असदुद्दीन ओवैसी और संबित पात्रा समेत अनेक नवनिर्वाचित सदस्यों ने सदन की सदस्यता की शपथ ली। राहुल गांधी ने शपथ लेने के बाद पोडियम से जय हिंद, जय संविधान के नारे लगाए। सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने शपथ के वक्त अपने हाथ में संविधान की प्रति ले रखी थी। धारावाहिक रामायण में राम के किरदार से मशहूर मेरठ से भाजपा सांसद अरुण गोविल और मथुरा से भाजपा सांसद हेमा मालिनी ने भी सदस्यता ग्रहण की। एआईएमआईएम नेता असदुद्दीन ओवैसी ने शपथ के बाद फिलिस्तीन के पक्ष में नारे लगाए। संसद से बाहर संवाददाताओं से ओवैसी ने कहा कि उन्होंने सदन के भीतर जय फिलिस्तीन कहा है। बरेली से भाजपा सांसद छत्रपाल गंगवार ने शपथ लेने के बाद हिंदू राष्ट्र की जय कहा। आजमगढ़ से सपा के सदस्य धर्मेंद्र यादव ने पीडीए जिंदाबाद के नारे लगाए। इस बीच प्रोटेम स्पीकर भर्तृहरि महताब ने सदस्यों से आग्रह किया कि वे केवल लिखित शपथ ही पढ़ें, शपथ के अतिरिक्त बोली गई कोई भी बात रिकॉर्ड में नहीं जाएगी।

एक नजर

बीएड प्रवेश परीक्षा में अलीगढ़ के मनोज टॉपर

लखनऊ। उप्र संयुक्त बीएड प्रवेश परीक्षा- 2024 का परिणाम मंगलवार को जारी किया गया। अलीगढ़ के मनोज कुमार टॉपर रहे। इन्हें 400 में से 344 .67 अंक प्राप्त हुए हैं। ये आर्ट स्ट्रीम के हैं। परीक्षार्थी बुंदेलखंड और झांसी विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर परिणामों की जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। 9 जून को प्रदेश के 51 जिलों में 470 केंद्रों पर हुई परीक्षा में 2 .23 लाख अभ्यर्थियों ने पंजीकरण कराया था जिनमें 1.93 लाख ने परीक्षा दी। दूसरे स्थान पर प्रयागराज के शिव मंगल और तीसरे स्थान पर वाराणसी के नजीर अहमद रहे।

जैन की जमानत पर 9 जुलाई को आएगा फैसला

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को कहा कि उसे उम्मीद है कि दिल्ली हाईकोर्ट धनशोधन के एक मामले में आम आदमी पार्टी (आप) के नेता एवं पूर्व मंत्री सत्येंद्र जैन की जमानत याचिका पर सुनवाई की अगली तारीख 9 जुलाई को फैसला सुनाएगा।

पेपर लीक कराया तो होगी उम्रकैद

लगेगा एक करोड़ जुर्माना, सॉल्वर गैंग से क्षति की भरपाई, गड़बड़ी करने वाली संस्था होगी ब्लैक लिस्ट

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- सार्वजनिक परीक्षाओं में पेपर लीक रोकने के अध्यादेश को कैबिनेट की मंजूरी
- कैबिनेट की बैठक में रखे गए कुल 44 प्रस्तावों में से 43 को दी गई स्वीकृति

अमृत विचार : प्रदेश में अब पेपर लीक के दोषियों को दो साल से लेकर आजीवन कारावास की सजा और एक करोड़ रुपये तक का जुर्माना लगेगा। फर्जी प्रश्नपत्र बांटना, फर्जी सेवायोजन वेबसाइट बनाना आदि दंडनीय अपराध होगा। यदि परीक्षा प्रभावित होती है तो उस पर आने वाले वित्तीय भार की वसूली सॉल्वर गिरोह से की जाएगी। गड़बड़ी करने वाली संस्था व सेवा प्रदाताओं को ब्लैक लिस्ट करने के साथ संपत्ति की भी कुर्की होगी।

परीक्षाओं की शुचिता पर उठ रहे सवालों के बीच मंगलवार को राज्य सरकार ने एक और महत्वपूर्ण कदम उठाया है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में लोक भवन में हुई कैबिनेट बैठक में सार्वजनिक परीक्षाओं में अनुचित साधनों और पेपर लीक की रोकथाम के लिए अध्यादेश को मंजूरी दी गई। विधानसभा से पारित होने के बाद राज्यपाल की मंजूरी मिलते ही अध्यादेश कानून का रूप ले लेगा।

अयोध्या में 750 करोड़ से बनेगा संग्रहालय

पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि अयोध्या में टाटा संस अपने सीएसआर फंड से भारतीय मंदिर संग्रहालय का निर्माण कराएगा। इस प्रस्ताव को भी कैबिनेट से मंजूरी मिल गई। इसपर टाटा संस कुल 750 करोड़ रुपये खर्च करेगा। संग्रहालय विश्वस्तरीय होगा जिसमें 650 करोड़ रुपये के साथ साइट के डेवलपमेंट में 100 करोड़ रुपये खर्च होंगे।

राज्य सरकार पहले भी पेपर लीक जैसे मामलों पर कड़े कदम उठा चुकी है। ताजा अध्यादेश एक और बड़ा कदम माना जा रहा है। वित्त एवं संसदीय कार्य मंत्री सुरेश खन्ना ने बताया कि कैबिनेट के समक्ष कुल 44 प्रस्ताव रखे गए थे, जिसमें 43 को मंजूरी दी गई है। अनुमोदित प्रस्तावों में सार्वजनिक परीक्षाओं में अनुचित साधनों और पेपर लीक रोकथाम अध्यादेश 2024 भी शामिल रहा। अध्यादेश के तहत लोकसेवा आयोग, उप्र. अधीनस्थ सेवा चयन बोर्ड, उप्र. बोर्ड, विश्वविद्यालय, प्राधिकरण या निकाय या उनके द्वारा नामित संस्था शामिल हैं। अध्यादेश किसी प्रकार की भर्ती परीक्षाओं, नियमतीकरण या पदोन्नत करने वाली परीक्षाएं, डिग्री-डिप्लोमा, प्रमाण पत्रों या शैक्षणिक प्रमाण पत्रों के लिए होने वाली प्रवेश परीक्षाओं पर भी लागू होगा। इसके तहत सभी अपराध संज्ञेय, गैर जमानती एवं सत्र न्यायालय द्वारा विचारणीय एवं अशमनीय बनाए गए हैं। जमानत के भी कठोर प्रावधान किए गए हैं।

वाराणसी, बरेली व मुरादाबाद विकास प्राधिकरणों के विस्तार को मंजूरी :

कैबिनेट ने तीन प्रमुख शहरों वाराणसी, गोरखपुर और प्रयागराज के सीमा विस्तार और वाराणसी, बरेली और मुरादाबाद विकास प्राधिकरणों के विस्तार के प्रस्ताव को मंजूरी दी गई। इन विकास प्राधिकरणों में कई राजस्व गांवों को शामिल किया गया है। वित्त मंत्री सुरेश खन्ना ने बताया कि वाराणसी विकास प्राधिकरण में 215 राजस्व गांव, बरेली में भी 35 राजस्व गांव जबकि मुरादाबाद विकास प्राधिकरण में 71 राजस्व गांवों को शामिल किया गया है।

मुख्यमंत्री टूरिज्म फेलोशिप कार्यक्रम को मंजूरी

कैबिनेट ने मुख्यमंत्री टूरिज्म फेलोशिप कार्यक्रम के प्रस्ताव को भी मंजूरी दी है। इसके तहत पर्यटन विभाग शोधार्थियों का चयन करेगा जो राज्य में पर्यटन को बढ़ावा देने, निवेशकों को आ रही समस्याओं को निपटाने के साथ निवेश को गति देंगे। पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि 25 शोधार्थियों का चयन किया जाएगा। इन्हें 40 हजार रुपये प्रति माह मानदेय मिलेंगे। जिसमें पारिश्रमिक के रूप में 30 हजार और क्षेत्र भ्रमण के लिए 10 हजार रुपये मिलेंगे।

हजारों कर्मचारियों को पुरानी पेंशन का विकल्प

लखनऊ। राज्य सरकार ने प्रदेश के ऐसे हजारों राज्य कर्मियों के लिए पुरानी पेंशन का विकल्प देने का फैसला लिया है, जिनकी भर्ती प्रक्रिया वर्ष 2005 से पहले शुरू हुई थी और उन्हें बाद में नियुक्ति दी गई। मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में मंगलवार को हुई कैबिनेट की बैठक में इससे जुड़े प्रस्ताव को मंजूरी दी गई। अधिकारियों के अनुसार 31 मार्च 2004 तक विज्ञापित पदों के विरुद्ध चयनितों को जिन्हें किन्हीं कारणों से सेवा में कार्यभार एक अप्रैल 2005 के बाद ग्रहण कराया गया, ऐसे सभी राज्य कर्मियों-शिक्षकों को पुरानी पेंशन में जाने का सरकार ने विकल्प खोल दिया है। राज्य कर्मियों की ओर से काफी समय से यह मांग की जा रही थी।

इमरजेंसी लगाने वाले संविधान के प्रति प्रेम न जताएं : नरेंद्र मोदी

नई दिल्ली, एजेंसी

- आपातकाल को काला दिन बताते हुए प्रधानमंत्री ने कांग्रेस पर किया पलटवार

विपक्षी इंडिया गठबंधन के भाजपा के खिलाफ देश के संविधान के लिए सबसे बड़ा खतरा होने का नारा लगाए जाने के एक दिन बाद प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को पलटवार करते हुए कहा कि आपातकाल लगाने वालों को संविधान के प्रति प्रेम का दावा करने का कोई अधिकार नहीं है। मोदी ने सोशल मीडिया पर पोस्ट में कांग्रेस पर 24-25 जून 1975 से 21 मार्च 1977 तक तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी द्वारा लगाए गए आपातकाल के लिए हमला बोला। आपातकाल को काले दिन के रूप में याद करते हुए उन्होंने कहा कि यह दिन हमें याद दिलाएगा कि कैसे कांग्रेस ने बुनियादी स्वतंत्रता को नष्ट किया। उन्होंने कहा कि जिस मानसिकता के कारण आपातकाल लगाया गया था, वह अभी भी उसी पार्टी में जीवित है। आज का दिन उन सभी महान पुरुषों और महिलाओं को श्रद्धांजलि देने का दिन है, जिन्होंने आपातकाल का विरोध किया।

प्रधानमंत्री ने कहा कि सिर्फ सत्ता पर काबिज रहने के लिए तत्कालीन कांग्रेस सरकार ने हर लोकतांत्रिक सिद्धांत की अवहेलना की और देश को जेल बना दिया। मोदी ने कांग्रेस पर परोक्ष रूप से हमला करते हुए कहा कि ये वही लोग हैं, जिन्होंने अनगिनत मौकों पर अनुच्छेद 356 लगाने के साथ ही प्रेस की स्वतंत्रता को खत्म करने वाला विधेयक पारित किया। उन्होंने कहा कि वे अपने दिखावे के ज़रिए संविधान के प्रति अपनी घृणा को छिपाते हैं, लेकिन देश के लोगों ने उनकी हरकतों को समझ लिया है और इसीलिए उन्हें बार-बार नकार दिया है।

पिकअप की चपेट में आने से मां-बेटे की मौत

- लमगड़ा के गौलीमहर के समीप मंगलवार देर शाम हुआ हादसा

संवाददाता, अल्मोड़ा, अमृत विचार : विकासखंड लमगड़ा के गोली महर के पास मंगलवार देर शाम एक दुर्घटना में छह साल के मासूम और उसकी मां की मौत हो गई। पुलिस से मिली जानकारी मुताबिक गीता देवी (26) पत्नी आनंद सिंह छह वर्षीय बेटे यशपाल के साथ लमगड़ा स्थित सिरसौड़ा किसी परिजन के यहां गई थी। लौटते समय रास्ते में एक पिकअप वाहन से अपने मायके गौली महर जाने के लिए लिफ्ट मांगी। लेकिन गौली महर से कुछ ही दूरी पर ढलान में अचानक वाहन अनियंत्रित हो गया और वाहन का दरवाजा खुल गया। इतने में दरवाजे के पास बैठी गीता और उसका बेटा छिटकर बाहर गिर गए और पहिए के नीचे आ गए। गीता देवी की मौके पर ही मौत हो गई। बेटे ने अस्पताल ले जाते समय रास्ते में दम तोड़ दिया। लमगड़ा थानध्यक्ष राहुल राठी ने बताया कि शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

सुहास एलवाई बने दुनिया के नंबर एक पैरा शटलर

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- प्रदेश के खेल विभाग में सचिव हैं अंतर्राष्ट्रीय खिलाड़ी

अमृत विचार : प्रदेश के खेल सचिव और स्टार पैरा शटलर सुहास एलवाई दुनिया के नंबर एक खिलाड़ी बन गए हैं। हाल में जारी की गई विश्व रैंकिंग में उन्हें यह उपलब्धि मिली। उन्होंने फ्रांस के लुकास मजूर को एसएल-4 एकल वर्ग में पीछे छोड़ यह कामयाबी हासिल की। टोक्यो ओलंपिक में रजत पर कब्जा करने वाले सुहास एलवाई अगस्त माह के अंत में होने वाले पेरिस पैरालंपिक गेम्स में बतौर शीर्ष खिलाड़ी के रूप में कोर्ट में उतर कर भारतीय तिरंगा लहराएंगे।

ग्लास्गो (स्कॉटलैंड) में आयोजित फोर नेशंस पैरा बैडमिंटन इंटरनेशनल चैंपियनशिप में सुहास ने दमदार प्रदर्शन करते हुए रजत पदक जीता था। मंगलवार को वर्ल्ड पैरा बैडमिंटन एसोसिएशन की ओर से खिलाड़ियों की रैंकिंग जारी की गई जिसमें सुहास 60257 अंकों के साथ शीर्ष वरीयता दी गई है। सुहास एलवाई ने बताया कि ये पल हमारे लिए अनमोल हैं। विश्व का शीर्ष शटलर बनना जीवन के सर्वश्रेष्ठ उपलब्धियों में एक है।

केजरीवाल को जमानत देने से हाईकोर्ट का इनकार

- निचली कोर्ट के फैसले को पलटा, सुप्रीम कोर्ट जाएगी आप

नई दिल्ली। दिल्ली हाईकोर्ट ने कथित आबकारी नीति घोटाले से जुड़े धन शोधन मामले में मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को जमानत देने के निचली अदालत के आदेश पर मंगलवार को रोक लगा दी। न्यायमूर्ति सुधीर कुमार जैन की अवकाशकालीन पीठ ने कहा कि निचली अदालत प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) द्वारा उसके समक्ष पेश की गई सामग्री का उचित आकलन करने में विफल रही और उसने आम आदमी पार्टी नेता की जमानत याचिका पर फैसला करते समय विवेक का इस्तेमाल नहीं किया। पीठ ने कहा कि निचली अदालत ने आदेश पारित करते समय रिकॉर्ड पर प्रस्तुत सामग्री/दस्तावेजों और ईडी के तर्कों का उचित आकलन नहीं किया। हाईकोर्ट ने कहा कि विवादित आदेश के क्रियान्वयन पर रोक लगाई जाती है। निचली अदालत की न्यायाधीश, न्याय बिंदु ने 20 जून को केजरीवाल को जमानत दे दी थी।

जसपुर में डंपरों में भिड़ंत से लगी आग चालक जिंदा जला, क्लीनर भी घायल

संवाददाता, जसपुर

- दूसरे डंपर के चालक-क्लीनर फरार, हाईवे पर जाम

अमृत विचार : नेशनल हाईवे-74 पर मंगलवार सुबह दो डंपरों में आमने-सामने हुई भिड़ंत के बाद दोनों में आग लग गई। एक डंपर का चालक जिंदा जल गया, जबकि क्लीनर गंभीर रूप से घायल है। दूसरे डंपर के चालक व क्लीनर हादसे के बाद फरार हो गए।

चालक रवि कुमार (फाइल फोटो)

काशीपुर के अंतर्गत गांव धनौरा भुड़िया फॉर्म निवासी मनकीरत सिंह संधू का डंपर (एचआरडी 58 डी-6631) उप्र के बिजनौर जिले के गांव शादीपुर में रेत उतारने के बाद नेशनल हाईवे-74 से काशीपुर जा रहा था। सुबह पांच बजे वह जसपुर से करीब 5 किमी दूर गोविंदपुर व शिवराजपुर पट्टी के पास पहुंचा, तभी सामने से रांग साइड से आ रहे रेत से लदे डंपर (पीबी13 बीडी- 5888) से जबरदस्त टक्कर हो गई। टक्कर लगते ही दोनों डंपर बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गए और उनमें आग लग गई। इससे मनकीरत सिंह संधू के डंपर का चालक गांव प्रेमपुरी कालागढ़ निवासी रवि कुमार (28) जलते ट्रक के अंदर फंस गया। जिससे उसकी मौत हो गई।

डंपर का क्लीनर मानपुर, काशीपुर निवासी विक्की भी झुलसने की वजह से गंभीर रूप घायल हुआ है। उसे काशीपुर के निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। जबकि दूसरे डंपर का चालक व क्लीनर फरार हो गए। कुंडा थाना पुलिस ने मौके पर मौजूद लोगों के सहयोग से चालक के शव को जले हुए ट्रक से बाहर निकाला और पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। हादसे की सूचना मिलने पर उसके परिवार में कोहराम मच गया। हादसे की वजह से नेशनल हाईवे पर काफी देर तक यातायात बाधित रहा। फायर ब्रिगेड की टीम ने आग पर काबू पाया।

हाईटेंशन लाइन से करंट लगने पर हाथी की मौत

संवाददाता, दिनेशपुर

- जंगल से भटककर देर रात आबादी की ओर आते समय हुई घटना

अमृत विचार : 11 केवी हाईटेंशन लाइन के झूल रहे तारों की चपेट में आने से हाथी की मौत हो गई। वन विभाग के अधिकारियों की मौजूदगी में पोस्टमार्टम के बाद हाथी के शव को जंगल में दफना दिया। मंगलवार सुबह जयनगर नंबर- 3 के ग्रामीणों में गांव के निकट जंगल में हाथी का शव देखकर हड़कंप मच गया। आबादी को आ रही 11 हजार वोल्ट हाईटेंशन की लाइन कई महीनों से सिर्फ 12 फीट की ऊंचाई पर झूल रही है। माना जा रहा है कि सोमवार देर रात उधर से गुजर रहा हाथी करंट की चपेट में आ गया, जिससे उसकी मौत हो गई। ग्रामीणों ने वन विभाग के अधिकारियों व पुलिस को घटना की सूचना दी।

जानकारी मिलते ही एसडीओ मयंक मेहता व एसडीओ शशि देव, टांडा रेंज के रेंजर रूपनारायण गौतम व रेंजर दीवान सिंह रौतेला ने मौके का निरीक्षण किया। हाथी के शव को हाइड्रा की मदद से ट्रैक्टर ट्रॉली में जंगल ले जाया गया। जहां पशु चिकित्सक डॉ. रवि खुल्वे व डॉ. तरुण कुमार गर्ग ने स्टाफ की मदद से पोस्टमार्टम किया। बाद में वन कर्मियों ने शव को जंगल में दफना दिया।

मानसखंड मंदिर माला मिशन के लिए मांगे एक हजार करोड़

ब्यूरो, देहरादून

अमृत विचार : मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने मंगलवार को नई दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात की और उन्हें लगातार तीसरी बार प्रधानमंत्री बनने की शुभकामनाएं दी। मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर प्रधानमंत्री मोदी को महासू मंदिर की प्रतिकृति भेंट की। मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री को राज्य के विकास योजनाओं की विभिन्न जानकारियां दी। कहा कि राज्य की विद्युत पूर्ति के लिए खुले बाजार से लगभग 1000 करोड़ की विद्युत प्रतिवर्ष क्रय करनी पड़ती है, जिससे राज्य पर अतिरिक्त वित्तीय बोझ पड़ रहा है। उन्होंने अलकनंदा, भागीरथी तथा सहायक नदियों में प्रस्तावित 24 जल विद्युत परियोजनाओं के बारे में सर्वोच्च न्यायालय के निर्देशानुसार गठित विशेषज्ञ समिति-2 की अंतिम रिपोर्ट पर जल शक्ति तथा विद्युत मंत्रालय के साथ पुनर्समीक्षा का अनुरोध किया। राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण, बॉर्डर रोड ऑर्गनाइजेशन, आईटीबीपी, रेलवे एवं सेना की ओर से सड़क एवं अन्य संरचनाओं के निर्माण में वन संरक्षण एवं सवंर्धन अधिनियम 2023 के तहत क्षतिपूर्ति में दोगुनी गैर वनभूमि वनीकरण का प्रावधान अड़चन बना है। गैर वानिकी परियोजना के लिए अधिसूचित नियम-2017 को यथावत रखते हुए पूर्व की भांति राज्य में उपलब्ध अधिसूचित अवनत वन भूमि में क्षतिपूर्ति वनीकरण कराने व ऐसे लंबित प्रस्तावों को संबंधित मंत्रालयों से अनुमोदन दिलाने का अनुरोध किया।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को महासू मंदिर की प्रतिकृति भेंट करते मुख्यमंत्री धामी।

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य में निवेश को प्रोत्साहित करने के लिए मल्टी मॉडल लॉजिस्टिक पार्क तथा औद्योगिक विकास के लिए बीएचईएल हरिद्वार से राज्य को भूमि हस्तांतरण का अनुरोध किया। उन्होंने बताया कि मानसखंड मंदिर मंदिर माला मिशन में चिन्हित 48 पौराणिक मंदिरों में 16 में अवस्थापना विकास काम शुरू हो चुका है। इन मंदिर मार्गों के लिए एक हजार करोड़ की सहायता का अनुरोध भी किया।

75 हजार घूस लेते जीएसटी का सहायक आयुक्त पकड़ा

संवाददाता, देहरादून

- रेस्टोरेंट के बिलों में कमियां बता जुर्माने के दबाव में मांगी थी रिश्वत

अमृत विचार : देहरादून की विजिलेंस टीम ने जीएसटी कर विभाग के सहायक आयुक्त को 75 हजार रुपये रिश्वत लेते रंगेहाथों गिरफ्तार किया है। रेस्टोरेंट के बिलों में कमियां बताकर भारी जुर्माने के दबाव में रिश्वत मांगी थी। विजिलेंस टीम ने सहायक आयुक्त के देहरादून स्थित आवास की भी तलाशी ली। अब उनकी चल-अचल संपत्ति के बारे में जानकारी की जा रही है।

विजिलेंस के एसएसपी धीरेंद्र गुंज्याल के निर्देशन में टीम ने मंगलवार को जीएसटी कार्यालय लक्ष्मी रोड, डालनवाला में छापा मारकर सहायक आयुक्त शशिकांत दुबे को 75 हजार रुपये रिश्वत लेते हुए गिरफ्तार किया। उनके खिलाफ भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के अंतर्गत मुकदमा दर्ज किया गया है। आरोप है कि शशिकांत दुबे द्वारा शिकायतकर्ता से रेस्टोरेंट के बिलों में जीएसटी के नियमों के क्रम में कमियां बताकर भारी जुर्माने का दबाव बनाकर रिश्वत मांगी गई थी। रणनीति के तहत शिकायतकर्ता रिश्वत की तय रकम देने पहुंचा तभी टीम ने सहायक आयुक्त को दबोच लिया।

सार-संक्षेप

नैनीताल में एसडीएम से वार्ता करते पुनीत टंडन।

नगर की समस्याओं को लेकर एसडीएम से की चर्चा

नैनीताल : मंगलवार को मां नयना देवी नैनीताल व्यापार मंडल के संस्थापक अध्यक्ष पुनीत टंडन ने नगर पालिका में एसडीएम प्रशासक केएन गोस्वामी से नगर व व्यपारियों की समस्याओं को लेकर चर्चा की। इस दौरान पुनीत टंडन ने कहा कि बीते फरवरी माह में मल्लीताल रिक्शा स्टैंड से पुराना घोड़ा स्टैंड तक बिजली के खंभे व स्वचालित सोलर पैनल लगाने तथा माल रोड आदि क्षेत्रों में बिजली व्यवस्था सुचारू करने के निर्देश दिए गए थे लेकिन उन पर अभी तक कोई कार्यवाही नहीं हो पाई है। इस दौरान मां नयना देवी व्यापार मंडल द्वारा खड़ी बाजार में सुरक्षा हेतु कैमरा लगाने की अनुमति देने, साफ सफाई, जगह-जगह कबाड़ के बोरों के बड़े बड़े चट्टे लगने और कई अन्य मुद्दों पर बात हुई। साथ ही पंत पार्क में फड़ बाजार द्वारा समय सीमा का उल्लंघन करने व वेंडर जोन के चयन को लेकर भी चर्चा की गई।

कमरा बुकिंग के नाम पर हजारों की धोखाधड़ी

नैनीताल : माल रोड क्षेत्र स्थित प्रतिष्ठित होटल स्वामी ने पूर्व में होटल में तैनात रीजनल मैनेजर पर हजारों रुपये की धोखाधड़ी करने का आरोप लगाया है। पुलिस ने तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर लिया है। माल रोड क्षेत्र निवासी गीता पांडे ने कोतवाली में तहरीर देकर कहा है कि बीते दो वर्षों से उनके होटल में पश्चिमी विहार दिल्ली निवासी एक व्यक्ति रीजनल जनरल मैनेजर के पद पर कार्य करता था। बीते जनवरी-फरवरी माह में मैनेजर ने एक पर्यटक से कमरा बुक करवाया। जिसके एवज में मैनेजर ने 42 हजार की रकम होटल के खाते में मंगाने के बजाए अपने खाते में मंगा ली। कुछ समय बाद पर्यटक ने जब होटल के नंबर पर इसको लेकर पूछताछ की तो अन्य कर्मियों से इसकी पुष्टि हुई। वहीं कई अन्य पर्यटकों से भी धोखाधड़ी से मैनेजर अपने खाते में रकम डलवा कर घर जाने की बात कहकर फरार हो गया।

वेतन को लेकर पालिका प्रशासक का किया घेराव

नैनीताल : नगर पालिका में आउटसोर्स पर तैनात कर्मचारियों को बीते मार्च माह से वेतन न मिलने से दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। मंगलवार को आउटसोर्स कर्मचारी और देवभूमि सफाई कर्मचारी संघ के पदाधिकारियों ने नगर पालिका के प्रशासक केएन गोस्वामी का घेराव कर जल्द से जल्द वेतन दिलाने की मांग की। संघ के महासचिव सोनू सहदेव ने बताया कर्मचारियों को मार्च माह से वेतन नहीं मिला है। जिसके चलते कर्मचारियों को परिवार के भरण पोषण व बच्चों की स्कूल फीस देने समेत अन्य कार्यों में दिक्कतों का सामना करना पड़ा रहा है। अगर जल्द वेतन नहीं मिला तो कर्मचारी उग्र आंदोलन को बाध्य होंगे। इस दौरान सफाई कर्मचारी संघ के अध्यक्ष धर्मेश प्रसाद, विक्की सिलेलान, रवि कुमार समेत अन्य आउटसोर्स कर्मी मौजूद रहे।

वित्त मंत्री अग्रवाल ने किए बाबा नीब करौरी के दर्शन

भीमताल : वित्त मंत्री प्रेम चंद्र अग्रवाल ने कैंची धाम पहुंचकर बाबा नीब करौरी के दर्शन किये। इस दौरान वरिष्ठ भाजपा कार्यकर्ता अखिलेश सेमवाल व ग्राम प्रधान पंकज निगलटिया ने वित्त मंत्री को बाबा की फोटो देकर स्वागत किया। वित्त मंत्री ने हनुमान चालीसा का पाठ कर देश में खुशहाली की कामना की। उन्होंने कहा कि आज देश-दुनिया से श्रद्धालु कैंची धाम आ रहे हैं। बाबा का एक दिव्य धाम है, हर किसी पर बाबा की कृपा बनी रहे।

वित्त मंत्री का स्वागत करते भाजपा नेता।

फरार वारंटी गिरफ्तार

भीमताल : थानाध्यक्ष जगदीप नेगी ने बताया कि राजीव उप्रेती पुत्र अंबा दत्त उप्रेती निवासी थपलिया महरा गांव नौकुचियाताल लंबे समय से फरार चल रहा था, जिसे गिरफ्तार कर लिया गया है। टीम में उपनिरीक्षक गगनदीप सिंह और कांस्टेबल चालक शेर सिंह शामिल रहे।

विधायक कैड़ा ने कृषि मंत्री से की आलू बीमा दिलाने की मांग

हल्द्वानी : भीमताल विधायक राम सिंह कैड़ा ने देहरादून में कृषि मंत्री गणेश जोशी से मुलाकात कर किसानों को आलू फसल का बीमा दिलाने की मांग की है। कैड़ा ने कहा कि ओखलकांडा, धारी, रामगढ़ व भीमताल कृषि बाहुल्य क्षेत्र है, यहां किसानों की आजीविका का एकमात्र साधन सिर्फ खेती है। इस वर्ष बर्फबारी व बारिश नहीं होने से किसानों को बहुत नुकसान हुआ है। बीमा कंपनी ने किसानों को पिछले दो वर्षों से आलू, फल के नुकसान पर बीमा रकम नहीं दी है, जबकि किसानों ने समय से प्रीमियम दी थी। बीमा कंपनी प्रीमियम की रकम तक नहीं लौटा रही है। बीमा कंपनी ने किसानों को संपर्क करने के लिए नंबर तक नहीं दिया है, इस वजह से किसान परेशान हैं। उन्होंने किसानों को जल्द फसल बीमा दिलाने की मांग की है। कहा कि सहकारिता समिति ने किसानों को आलू बीज आदि के लिए जो ऋण दिया है, उसको चुकाने के लिए दवाब बनाया जा रहा है। जबकि किसान आलू बेचकर ऋण चुकाता था अब फसल नष्ट हो गई है, ऐसे में किसान ऋण के बोझ से भी परेशान है। उन्होंने कृषि मंत्री से संबंधित अधिकारियों को निर्देश देकर किसानों के समस्याओं के समाधान की मांग की है।

कृषि मंत्री को ज्ञापन देते विधायक। ● अमृत विचार

सरोवर नगरी में बारिश से गिरा पारा, 22 डिग्री सेल्सियस दर्ज

लगातार चौथे दिन भी जारी रहा सिलसिला, मंगलवार को एक घंटे तक हुई बारिश, छतरियों की हुई जमकर बिक्री, माल रोड पर लगा जाम

संवाददाता, नैनीताल

अमृत विचार : प्री मानसून सक्रिय होने से नगर में लगातार चौथे दिन भी बारिश का दौर जारी रहा। इससे नैनीझील के जलस्तर में वृद्धि होने लगी है। वहीं सूखने के कगार पर पहुंच चुके प्राकृतिक जल स्रोत भी पुनर्जीवित होने लगे हैं।

मंगलवार को भी नगर में सुबह से गुनगुनी धूप खिली थी तभी अचानक दोपहर दो बजे बाद आसमान में काले बादल छाने लगे और चार बजे से तेज बारिश का दौर शुरू हो गया जो करीब एक घंटे तक जारी रहा। इस दौरान नैनीताल पहुंचे पर्यटकों को बारिश से बचने के लिए पंत पार्क से छाता खरीदने पड़े। वहीं बारिश के चलते माल रोड में गाड़ियों का भी जाम लग गया। मौसम केंद्र जीजीआईसी के अनुसार मंगलवार को नगर का अधिकतम तापमान 22 डिग्री व न्यूनतम तापमान 14 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

नैनीताल में बारिश के दौरान छाता लेकर घूमते पर्यटक। ● अमृत विचार

लगातार एक घंटे तक हुई बारिश के बाद पहाड़ियों पर छाया कोहरा। ● अमृत विचार

नैनीताल जिले में 79 प्रतिशत कम हुई बारिश

हल्द्वानी : जून माह में अब तक नैनीताल जिले में काफी कम बारिश हुई है। खासतौर से इस बार हल्द्वानी में कम बारिश होने की वजह से गर्मी का काफी कहर रहा। नैनीताल जिले में जून माह में 25 जून तक सामान्य तौर पर 198 .1 मिमी बारिश होती है। जबकि इस बार 42 .5 मिमी बारिश ही हुई है। जून माह में करीब 14 दिनों तक लगातार हीट वेव चली थी और 12 दिन तक तापमान लगातार 40 डिग्री सेल्सियस से ऊपर दर्ज किया गया था।

जसपुर में बारिश से लोगों को मिली राहत

जसपुर : मंगलवार को जसपुर व आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में सांय करीब 5 बजे झमाझम बारिश हुई। इससे लोगों को गर्मी से राहत मिली। वहीं गन्ने व चारे की फसलों को भी काफी लाभ पहुंचा। पिछले काफी दिनों से क्षेत्र में वर्षा न होने से गन्ने व बेमौसमी धान की फसल सूख रही थीं।

गांवों में हुई झमाझम, हल्द्वानी में हल्की बारिश

संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार : मंगलवार की दोपहर तक हल्द्वानी में लोगों को उमस भरी गर्मी झेलनी पड़ी। अपरान्ह के बाद करीब आधे घंटे तक बारिश हुई। हल्द्वानी से सटे ग्रामीण इलाकों में झमाझम बारिश हुई है। मौसम विभाग ने आगे भी बारिश होने का अनुमान जताया है।

मंगलवार को हल्द्वानी में सुबह से ही धूप निकली थी। गर्मी भी विगत दिन की अपेक्षा ज्यादा थी। लोग उमस भरी गर्मी से परेशान थे। दोपहर के समय धूप में खड़ा होना मुश्किल हो रहा था। अपरान्ह से बादल छाने लगे और ठंडी हवा चलने लगी। करीब चार बजे हल्की बारिश शुरू हुई और आधे घंटे तक बारिश चलती रही। बारिश के रूकने के बाद मौसम पूरी तरह से सुहावना हो गया। जिससे लोगों को गर्मी से काफी राहत मिली। शहर में अधिकतम तापमान 39 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 27.6 डिग्री सेल्सियस रहा। वहीं हल्द्वानी से सटे ग्रामीण इलाकों में दोपहर बाद जमकर बारिश हुई। मोटाहल्दू, गोरापड़ाव समेत गौलापार के कुंवरपुर, मदनपुर आदि इलाकों में करीब दो घंटे तक झमाझम बारिश होती रही। खेतों में भी पानी भर गया। ग्रामीण क्षेत्रों की अपेक्षा हल्द्वानी में काफी कम बारिश हुई है। जीबी पंत कृषि विश्वविद्यालय के मौसम वैज्ञानिक डॉ. आरके सिंह ने अनुमान जताया है कि बारिश का दौर आगे भी जारी रहेगा। 28 जून के आसपास मानसून भी दस्तक दे देगा। 27 से 29 जून तक कुमाऊं मंडल में बहुत भारी बारिश का अनुमान है।

बारिश के दौरान सड़क पर गुजरते वाहन। ● अमृत विचार

जलभराव वाले क्षेत्रों का लिया जायजा

संवाददाता, भीमताल

अमृत विचार : एसडीएम नैनीताल प्रमोद कुमार ने भीमताल के कई क्षेत्रों का निरीक्षण कर जलभराव की स्थिति देखी। उन्होंने मौके पर लोक निर्माण विभाग, नगर पालिका, सिंचाई विभाग, जल संस्थान के अधिकारियों को जनता की समस्याओं का तत्काल निराकरण करने के निर्देश दिये।

निरीक्षण के दौरान भाजपा के पूर्व जिला मंत्री दिनेश सांगुड़ी ने नगर के विभिन्न क्षेत्रों में होने वाले जलभराव की स्थिति से एसडीएम को अवगत कराया। साथ ही अन्य समस्याओं की भी जानकारी दी। बताया कि थोड़ी से बरसात होने पर मल्लीताल समेत नगर पालिका के विभिन्न क्षेत्रों में जलभराव हो जाता है। पानी दुकानों और घरों में घुस जाता है, जिससे लोगों को भारी नुकसान होता है। उन्होंने मानसून से पूर्व जलभराव की समस्या का निदान करने की मांग की। इस दौरान पारस चन्द्र, नीरज सांगुड़ी, आशुतोष बिष्ट, जानकी तिवारी, रेखा गुणवंत, जीवन चौधरी, प्रमोद कुमार, संजय कुमार, कुनाल तिवारी, वरुण गुणवंत, बिज्जू कुमार मौजूद रहे।

भीमताल में जलभराव वाले क्षेत्रों का जायजा लेते एसडीएम प्रमोद कुमार।

अभद्रता करने पर पर्यटकों का किया चालान

संवाददाता, नैनीताल

अमृत विचार : नैनीताल के मल्लीताल क्षेत्र में दिल्ली के पर्यटकों को पार्किंग संचालक व स्थानीय लोगों से अभद्रता करना महंगा पड़ गया। पुलिस ने पर्यटकों के खिलाफ चलानी कार्रवाई कर छोड़ दिया। सोमवार देर शाम शहर में जाम लगने पर पुलिस ने नारायण नगर पार्किंग स्थल पर बिना होटल बुकिंग पर्यटकों के वाहन रोककर शटल से नैनीताल भेजा। इस दौरान दिल्ली के एक पर्यटक को होटल की बुकिंग न होने पर पुलिस ने रोका और पार्किंग में वाहन पार्क कर शटल से नैनीताल जाने की सलाह दी। पार्किंग स्थल पर जब पर्यटक से पार्किंग शुल्क मांगा गया तो पर्यटक ने हंगामा काट दिया। इस दौरान पर्यटक व उसके बेटे बेटी ने वहां मौजूद लोगों से भी अभद्रता शुरू कर दी। पुलिस की ओर से समझाने पर भी वह नहीं माने। एसएसआई पीएस मेहरा ने बताया कि लोगों से अभद्रता करने पर ज्योतिनगर दिल्ली निवासी बलराम बागला, दीपांशी व योगेश के खिलाफ करवाई की गई है।

रीप योजना से सुधारी तारी देवी की आजीविका

भीमताल : ग्रामीण उद्यम वेग वृद्धि परियोजना (रीप) से विकासखंड के लमजाला गांव की तारी देवी की आजीविका में सुधार हुआ है। धैर्य ग्राम संगठन के आकाशगंगा स्वयं सहायता समूह की सदस्य तारी देवी के पति की मृत्यु के बाद आर्थिक स्थिति दयनीय हो गई थी। अब भैंस पालन से वह अच्छी आय अर्जित कर रही हैं। जिला परियोजना प्रबंधक डॉ. सुरेश मठपाल ने बताया कि रीप परियोजना ने ग्रामीण क्षेत्रों में किसानों के आर्थिक सुधार और विकास की नई राहें खोली हैं, जिससे कई परिवार लाभान्वित हो रहे हैं। बताया कि परियोजना के तहत अल्ट्रापुअर गतिविधि के अंतर्गत तारी देवी को 35000 ब्याज रहित धनराशि मिली, जिससे उन्होंने एक भैंस खरीदी। वह प्रतिदिन 6 से 7 लीटर प्रति दूध डेरी व स्थानीय बाजार में 50 रुपये प्रति लीटर की दर से बेचती हैं, जिससे उन्हें प्रतिदिन 300 से 350 की आय होती है।

पाठकों हेतु सूचना

प्रिय पाठको,

हल्द्वानी, काशीपुर एवं रूद्रपुर में आपको अमृत विचार समाचार पत्र मिलने में असुविधा हो रही हो तो कृपया नीचे दिये गये नंबरों पर सम्पर्क करें।

हल्द्वानी कार्यालय — 7830460114, 9412987555
काशीपुर कार्यालय — 8218100208
रूद्रपुर कार्यालय — 9837804094, 8476843488

आवास आवंटन नियमावली पेश करे सरकार

विधि संवाददाता, नैनीताल

अमृत विचार : हाईकोर्ट ने सिंचाई शोध संस्थान रुड़की के 100 से अधिक आवासीय भवनों को संपन्न व्यक्तियों, पूर्व विधायकों, जनप्रतिनिधियों व राष्ट्रीय दलों के पदाधिकारियों को न्यूनतम दरों पर किराए पर दिए जाने के मामले में सुनवाई की। मुख्य न्यायाधीश रितु बाहरी व न्यायमूर्ति राकेश थपलियाल की खंडपीठ ने राज्य सरकार से इन लोगों को आवास आवंटित करने की नियमावली कोर्ट में पेश करने के निर्देश दिए हैं। वहीं याचिकाकर्ता को बाहरी व्यक्तियों की सूची शपथपत्र के माध्यम से देने के लिए कहा है। विद्यार्थी रितिक निषाद ने हाईकोर्ट में जनहित याचिका दायर कर कहा कि सिंचाई विभाग के सचिव, सिंचाई शोध संस्थान रुड़की के ईओ एवं हाउसिंग अलॉटमेंट कमेटी के सचिव ने वर्ष 2004 से वर्ष 2021-22 तक गैर सरकारी व्यक्तियों, जनप्रतिनिधियों, पुलिस अधिकारियों-कर्मचारियों, प्रशासनिक अधिकारियों, अधिवक्ताओं, एलआईसी कर्मियों, राजस्व, वन, व्यापार कर विभाग के कर्मचारियों को आवास आवंटित किए। इनमें से कई लोगों ने आवास किराया भी जमा नहीं किया है। मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति रितु बाहरी व न्यायमूर्ति राकेश थपलियाल की खंडपीठ ने सरकार के अधिवक्ता से शपथ पत्र पेश कर यह बताने को कहा है कि इन लोगों को किस नीति के तहत मकान आवंटित किए गए हैं। अगली सुनवाई 18 जून को होगी।

प्लान पर याचिकाकर्ता से दो सप्ताह में मांगा जवाब

नैनीताल : हाईकोर्ट ने बीडी पांडे अस्पताल में स्वास्थ्य सुविधाओं की कमियों को लेकर दायर जनहित याचिका पर सुनवाई की। मुख्य न्यायाधीश रितु बाहरी व न्यायमूर्ति राकेश थपलियाल की खंडपीठ ने याचिकाकर्ता से कहा है कि राज्य सरकार ने जिला अस्पताल में सुविधाओं को लेकर जो प्लान भेजा है, उस पर दो सप्ताह में अपना जवाब दें। पूर्व में कोर्ट ने माना था कि अब भी नैनीताल शहर में चिकित्सकीय सुविधाओं का अभाव है। इसको सुधारने के लिए हाईकोर्ट ने नगर के जागरूक नागरिकों, एनजीओ व अधिवक्ताओं से अपनी राय जुलाई माह तक पेश करने को कहा था, लेकिन अभी बेहतर स्वास्थ्य सुविधाओं को लेकर सुझाव नहीं आया है।

आवश्यकता है
अमृत विचार को
● एचआर /एडमिन
● मार्केटिंग मैनेजर, डिप्टी मार्केटिंग मैनेजर व अकाउंटेंट की
अनुभवः- किसी दैनिक अखबार में कम से कम 3 से 5 वर्ष काम करने का अनुभव हो
वेतन :- योग्यता अनुसार
इच्छुक उम्मीदवार अपना बायोडाटा भेजें:-
hr@amritvichar.com 8476006584, 9518031113
अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
हेड ऑफिस : नजदीक सेटेलाइट बस स्टैण्ड, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली

खबर का असर | डीएम ने संबंधित विभाग के अधिकारियों को दिए आवश्यक निर्देश

पिनरौ गांव में जल्द बनेंगे वर्षा जल संग्रहण टैंक

संवाददाता, भीमताल

अमृत विचार : भीमताल क्षेत्र के पिनरौ गांव में जल्द ही अधिक क्षमता वाले वर्षा जल संग्रहण टैंकों का निर्माण किया जाएगा। क्षेत्र के ग्रामीण लंबे समय से टैंकों को बनाने की मांग कर रहे थे। डीएम वंदना ने इस संबंध में संबंधित विभाग के अधिकारियों को आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिये हैं।

पिनरौ ग्राम सभा की भौगोलिक स्थिति को देखते हुए सामाजिक कार्यकर्ता उमेश पलड़िया ने गांव में अधिक क्षमता वाले वर्षा जल संग्रहण टैंक बनाने की मांग उठाई थी। कहा था कि पर्वतीय क्षेत्रों में भूमि का वाटर लेबल बढ़ाने के साथ-साथ वर्षा जल संग्रहण के लिए एक-एक लाख क्षमता के टैंकों के निर्माण की आवश्यकता है। जिसे अमृत विचार समाचार पत्र ने 18 जून के अंक में प्रमुखता से प्रकाशित किया था। इसके बाद क्षेत्र के ग्रामीण उमेश पलड़िया के नेतृत्व में डीएम वंदना से मिलने पहुंचे और उन्हें प्रकाशित खबर की प्रति दिखाई। जिस पर डीएम ने खबर का संज्ञान लेते हुए जिला विकास अधिकारी, कृषि अधिकारी व जल संस्थान के अधिकारियों को आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिये।

उम्मीद है कि शीघ्र ही टैंकों का निर्माण शुरू हो जायेगा। इधर, ग्रामीणों ने उनकी मांग को प्रशासन तक पहुंचाने के लिए अमृत विचार का आभार जताया है।

ग्रामीण बोले
भीमताल विकासखंड के ग्रामीण क्षेत्रों में पानी के लिए हाहाकार, बानना और पिनरौ सर्वाधिक प्रभावित क्षेत्रों में शुमार, भवेरी भी प्रभावित
वॉटर लेबल में वृद्धि से नहीं वर्षा जल संग्रहण टैंकों से बुझेगी प्यास
वर्षा जल संग्रहण टैंकों का अधिक से अधिक निर्माण की मांग की
दो दशक पूर्व बनाए गए थे 200 जल संग्रहण टैंक
ग्रामीण बोले

डीएम ने संबंधित विभागों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए हैं। आशा है कि शीघ्र ही निर्माण की कार्यवाही शुरू हो जायेगी। वर्ष 2025 में ग्रामीणों को पानी के लिए नहीं भटकना पड़ेगा।
-उमेश पलड़िया, सामाजिक कार्यकर्ता

पानी की समस्या से ग्रामीण खासे परेशान थे। टैंकों का निर्माण होने से उन्हें काफी राहत मिलेगी। इसके लिए डीएम नैनीताल और अमृत विचार का आभार।
- संतोष पलड़िया, उप प्रधान पिनरौ

लोनिवि ने हैड़ाखान मार्ग पर पहुंचाई पोकलैंड

हल्द्वानी : हैड़ाखान मार्ग पर क्षतिग्रस्त वाले हिस्से में बारिश को देखते हुए लोक निर्माण विभाग ने पोकलैंड पहुंचा दी है। साथ ही लोनिवि बारिश को देखते हुए अलर्ट मोड में है हल्द्वानी से हैड़ाखान मार्ग पर करीब डेढ़ साल पहले भूस्खलन हो गया था। जिसकी वजह से सड़क का एक हिस्सा पूरी तरह से खाई में समा गया था। वर्तमान में कच्चे मार्ग पर आवागमन किया जा रहा है, जिसमें लोगों को खतरा भी रहता है। यह मार्ग आगे हैड़ाखान, खनस्यू से होते हुए चम्पावत तक जाता है। करीब 400 मीटर के कच्चे मार्ग में बारिश के दिनों में आवागमन मुश्किल हो जाएगा। यहां ऊपर पहाड़ी से बोल्डर गिरने का भी खतरा बना रहता है। इसे देखते हुए लोनिवि भीमताल खंड ने क्षतिग्रस्त वाले हिस्से पर पोकलैंड को खड़ा कर दिया है। जिससे भूस्खलन या बोल्डर गिरने की स्थिति में तुरंत काम किया जा सके। ईई मनोज पांडे ने बताया कि लोनिवि पूरी तरह से अलर्ट मोड पर है। कर्मचारियों को भी अलर्ट रहने के आदेश दिए गए हैं।

प्रवेश प्रारम्भ
बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी, बरेली
बी.आई.यू. कॉलेज ऑफ ह्यूमनटीज एण्ड जर्नलिज्म
● बी.ए. (जर्नलिज्म) ● एम.ए. (मास कम्युनिकेशन)
● बी.ए. (मास कम्युनिकेशन) ● एम.ए. (अंग्रेजी)
● एम.ए. (जर्नलिज्म) ● एम.ए. (मनोविज्ञान)
बी.आई.यू. कॉलेज ऑफ मैनेजमेंट
● बी.कॉम. (ऑनर्स) ● एम.कॉम.
● बी.बी.ए. (फाइनेन्स एण्ड टेक्सेशन) ● एम.बी.ए.
● बी.सी.ए. (आई.टी. एंड मल्टीमीडिया)
प्रवेश हेतु संपर्क करें :-
डॉ. आशीष शर्मा (9105500202)
श्रीमती रिचा गुप्ता (9105500404)
श्री अतुल बाबू (7409998289)

आज का मौसम

हल्की गरज के साथ तूफान और बारिश

31.0° अधिकतम तापमान | 23.0° न्यूनतम तापमान

सूर्योदय 05.15 | सूर्यास्त 07.15

मुजफ्फरनगर में मिलीं किशोरियां, दीदी-जीजा व मामा गिरफ्तार

बदायूं में बहन ने दी शरण, रुपये देकर भागने में की मदद और पुलिस को करते रहे गुमराह, नाबालिगों की शादी कर कराना चाहते थे धर्म परिवर्तन

सफलता

- बनभूलपुरा से लापता हुई थीं दो किशोरियां व एक किशोर
- लोगों के आक्रोश को देखते हुए पुलिस ने लगाई पूरी ताकत

05 लोगों को पुलिस ने मामले को लेकर किया गिरफ्तार, मुंबई भेजने की थी योजना

20 जून को अचानक एक घर में रहने वाली नाबालिग लड़कियां व एक किशोर हुआ था गायब

लापता किशोरियों की बरामदगी का खुलासा करते एसएसपी प्रहलाद नारायण मीणा। ● अमृत विचार

पकड़े गए आरोपियों के साथ पुलिस टीम। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार : बनभूलपुरा से लापता किशोरियों के साथ साजिश रची गई थी। इलाके में ही रहने वाले किशोर ने अपनी बहन, जीजा और मामा के कहने पर किशोरियों को अगवा किया था। घटना के छठे दिन पुलिस ने किशोरियों को दिल्ली ले जाते समय मुजफ्फरनगर से बरामद कर लिया। आरोपियों की योजना किशोरियों से शादी कर उनका धर्म परिवर्तन कराना था, लेकिन इससे पहले ही वह पकड़े गए। मामले में 5 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। सभी की दिल्ली से मुंबई जाने की योजना थी।

बनभूलपुरा थाना क्षेत्र की 9वीं और 11वीं कक्षा में पढ़ने वाली दो किशोरियां एक ही घर में रहती थीं। जिसमें से एक किराएदार थी, जो किशोर गुरुवार 20 जून को उन्हें अपने साथ ले गया था वो भी किशोरियों के घर के पास रहता है। पुलिस बहुउद्देशीय भवन में मामले का खुलासा करते हुए एसएसपी प्रह्लाद नारायण मीणा ने बताया कि किशोरियों की तलाश में चार टीमें लगाई गईं थीं। इन्हें हल्द्वानी बस अड्डे में देखा गया, जहां से आरोपी किशोर उन्हें ई-रिक्शा में बैठाकर मंगलपड़ाव ले जाता दिखा।

सीसीटीवी और किशोरियों के मोबाइल की सीडीआर खंगाली गई तो लोकेशन मृदाटोला सहसवान बदायूं में मिली। जहां आरोपी किशोर की बहन निशा उर्फ नूरीन पत्नी उजैर उर्फ आसिफ रहती है। टीम यहां पहुंची, लेकिन सभी 20 मिनट पहले ही वहां से निकल चुके थे। निशा ने भागने के लिए आरोपी किशोर को दो हजार रुपये भी दिए। पुलिस ने पूछताछ की तो निशा और उसके पति उजैर ने किशोरियों के घर आने की बात छिपा ली। पुलिस के जाते ही निशा ने किशोर के मामा मो. अब्दुल शमी उर्फ भोला को सूचना दी। जिसके बाद आरोपी किशोर की बहन, जीजा और मामा ने एक ओर पुलिस को गुमराह करना शुरू किया और दूसरी ओर से तीनों को मुंबई भेजने की योजना बनाने लगे। पुलिस को पता लगा कि तीनों ट्रेन में बैठकर दिल्ली निकले हैं। टीम पीछे लगी और तीनों को रेलवे स्टेशन मंसूरपुर मुजफ्फरनगर उत्तर प्रदेश से बरामद कर लिया। इनके साथ एक युवक आमिल पुत्र अमीर हसन निवासी ग्राम बिहारी सिखेड़ा मुजफ्फरनगर उत्तर प्रदेश भी था, जिसे पूछताछ के लिए पुलिस अपने साथ लाई है। जिसके बाद बहन, जीजा और मामा को भी गिरफ्तार कर लिया गया। इधर नाबालिग लड़कियों के अचानक गायब होने की घटना को लेकर क्षेत्र के लोगों में खासा आक्रोश था। लोगों ने किशोरियों की बरामदगी को प्रदर्शन भी किया था।

आरोपी किशोर ने तोड़ दिया था सिम

हल्द्वानी : किशोरियों को ले जाने वाले किशोर को पता था कि पुलिस मोबाइल लोकेशन से उन्हें पकड़ सकती है। इस कारण उसने बदायूं पहुंचते ही सिम तोड़ दिया। इसके बाद मोबाइल भी बंद कर दिया। इस कारण पुलिस तीनों को मैनुअल ढूंढती रही।

मामा है मास्टरमाइंड, उसने भी की थी दूसरे धर्म में शादी

जालसाजी

- मामा के कहने पर ही नाबालिग भांजे ने फैलाया था प्रेम जाल
- ऐसा ही करके दो साल पहले मामा को जाना पड़ा था जेल

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार : किशोरियों के अपहरण और इसके लिए किशोर को तैयार करने के पीछे पूरा दिमाग किशोर के मामा का था। यही मास्टर माइंड था, जिसने दो साल पहले दूसरे समुदाय की लड़की से शादी की और यही उसने भांजे से भी करने को कहा।

बनभूलपुरा निवासी अब्दुल समी अपने भांजे को दूसरे समुदाय की लड़की से शादी करने की राय दे रहा था। अब्दुल समी वर्ष 2022 में दूसरे समुदाय की नाबालिग लड़की से शादी कर चुका है। इस मामले में बनभूलपुरा पुलिस ने इसे पकड़ा था। पुलिस ने उस लड़की को नारी निकेतन भेज दिया था। बाद में जेल से छूटने और लड़की के बालिग होने पर अब्दुल समी ने उससे शादी कर ली। वह भी अपने भांजे की शादी दूसरे समुदाय की लड़की से कराना चाहता था। पुलिस के अनुसार पहले दिन बदायूं होने की सूचना भी समी ने इन तक पहुंचाई थी। साथ ही यह भी बताया था कि पुलिस उनके पीछे पड़ी है। मोबाइल मत खोलना।

नाबालिकों को भगाने/संरक्षण देने वाले अभियुक्त

- आमिल पुत्र अमीर हसन निवासी बिहारी सिखेडा जिला मुजफ्फरनगर उत्तर प्रदेश।
- निशा उर्फ नूरीन पत्नि उजैर उर्फ आसिफ निवासी मृदाटोला सहसवान बदायूं उत्तर प्रदेश।
- उजैर उर्फ आसिफ पुत्र हफीज अहमद निवासी मृदाटोला सहसवान बदायूं उत्तर प्रदेश।
- अब्दुल समी उर्फ भोला पुत्र अब्दुल रशीद निवासी लाइन नंबर 17 बनभूलपुरा।
- विधि का उल्लंघन करने वाला बालक।

पुलिस टीम पर इनाम की बौछार

मामले के खुलासे के बाद पुलिस आलाधिकारियों ने टीम पर इनाम की बौछार कर दी। डीजीपी ने टीम को 20,000, डीआईजी ने 5,000 और एसएसपी ने 2,500 रुपये इनाम की घोषणा की। टीम में बनभूलपुरा थानाध्यक्ष नीरज भाकुनी, एसओजी प्रभारी संजीत राठौर, भीमताल थानाध्यक्ष जगदीप नेगी, मंगलपड़ाव चौकी प्रभारी दिनेश जोशी, एसआई गौरव जोशी, एसआई फिरोज आलम, एसआई विरेंद्र चंद्र, एसआई अनिल कुमार, एसआई मनोज कुमार, हेड कांस्टेबल इशरार नवी, ललित श्रीवास्तव, कांस्टेबल राजेश बिष्ट, अरुण राठौर, नवीन राणा, संतोष बिष्ट, कारज सिंह, महबूब आलम, मुनेन्द्र, शिवम थे।

जिस मोबाइल से बच रहे थे उसी से पकड़े गए

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार : जिस मोबाइल को बंद कर किशोर पुलिस को चकमा दे रहा था, वही मोबाइल उनके पकड़े जाने की वजह बन गया। इस मोबाइल को किशोर ने बदायूं में ही बंद कर दिया था, जिसके बाद से उनकी लोकेशन ट्रेस नहीं हो पा रही थी।

पुलिस ने किशोर का मोबाइल सर्विलांस में लगाया था। पांच दिन से मोबाइल बदायूं के बाद से बंद आ रहा था। पुलिस मोबाइल की ईएमआई को दो बार सर्विलांस में लगाकर चेक कर रही थी। सोमवार रात पुलिस को मोबाइल की लोकेशन मुजफ्फरनगर में मिली। पुलिस टीम मुजफ्फरनगर पहुंची। लोकेशन के जरिये आमिल तक पहुंची। पूछताछ में आमिल ने बताया कि उसने यह मोबाइल अपनी अपने नाबालिग दोस्त से एक हजार रुपये में खरीदा है। वह दिल्ली जाने वाले हैं और उनके पास पैसे नहीं थे। अभी रेलवे स्टेशन में होंगे। पुलिस आमिल को लेकर मुजफ्फरनगर रेलवे स्टेशन पहुंची। यहां से तीनों नाबालिगों को पकड़ लिया।

आमिल पकड़ा गया तो प्लेटफार्म में छिप गए

किशोर का मामा इनका सबसे बड़ा मददगार था। इन्हें पता था कि पुलिस पीछे लगी है। जब भी ये रेलगाड़ी से भागते तो पहले रेलवे स्टेशन में देखते थे कि कहीं कोई उनका पीछा तो नहीं कर रहा। शक होने पर ये आसपास छिप जाते थे। जब पुलिस मुजफ्फरनगर रेलवे स्टेशन पहुंची तो तीनों नाबालिग ने आमिल के साथ कुछ लोगों को देख लिया। इस कारण वह रेलवे स्टेशन में कोने में छुप गए। उधर, ट्रेन आने के समय जैसे ही ये निकले तो पुलिस ने इन्हें दबोच लिया।

आमिल को जानती थी किराएदार की बेटी

आमिल पुत्र हसन राजपुरा क्षेत्र में तीन साल रह चुका है। वह यहां टाइल और पत्थर लगाने का काम करता था। तभी से किराएदार किशोरी और आमिल की दोस्ती हो गई थी। आमिल किराएदार की किशोरी से शादी करना चाहता था। इस कारण उसने इन्हें भागने में पूरी मदद की। साथ ही एक हजार रुपये में मोबाइल खरीदा और दो हजार रुपये दिल्ली जाने और रहने के लिए भी दिए।

एक नजर

बनभूलपुरा से एक और किशोरी लापता

हल्द्वानी : बनभूलपुरा थाना क्षेत्र से एक और किशोरी लापता हो गई। वह अपने साथ घर में रखे 45 हजार रुपये भी ले गई है। परिजनों ने एक युवक पर उसे भगा ले जाने का आरोप लगाया है। बनभूलपुरा थाना क्षेत्र के रहने वाले पीड़ित ने बताया कि उसकी नाबालिग बेटी बीती 20 जून की दोपहर बिना बताए घर से चली गई। परिजनों ने तलाश की तो पता लगा कि उसे इंदिरानगर नूरी मस्जिद के पास रहने वाला समद पुत्र हुसैन ले गया है जो मुजफ्फरनगर उत्तर प्रदेश का रहने वाला है।

समाज कल्याण विभाग की समीक्षा बैठक आज

हल्द्वानी : समाज कल्याण विभाग की समीक्षा बैठक बुधवार (आज) को होगी। जिसमें निदेशक आशीष भटगाई समेत सभी जनपदों के अधिकारी वर्चुअल जुड़ेंगे। बैठक में प्रधानमंत्री आदर्श ग्राम योजना, बाबू जगजीवन राम छात्रावास, एससीपी, नशा मुक्ति केंद्र, पेंशन और छात्रवृत्ति योजना की समीक्षा की जाएगी।

आईटीआई के प्रधानाचार्य की लिखित परीक्षा कल

हल्द्वानी : 27 जून को राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (आईटीआई) में प्रधानाचार्य श्रेणी-2 की परीक्षा लिखित परीक्षा होगा। इसका परीक्षा केंद्र खालसा गर्ल्स इंटर कॉलेज है। परीक्षा के मद्देनजर कॉलेज से 200 मीटर की परिधि में धारा-144 लागू रहेगी।

एक घंटे लेट पहुंची बाघ एक्सप्रेस काठगोदाम

हल्द्वानी : हावड़ा से काठगोदाम को चलने वाली बाघ एक्सप्रेस मंगलवार को एक घंटे देरी से काठगोदाम पहुंची। आमतौर पर ट्रेन सुबह 9.15 बजे काठगोदाम पहुंचती है। देरी से चलने के कारण ट्रेन करीब 10.20 बजे यहां पहुंची।

सड़क हादसे में युवक का पैर कटा, हालत नाजुक

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

मुकदमा दर्ज

- त्रिमूर्ति मंदिर के पास पिकअप की चपेट में आया युवक
- दूसरे पैर में कई फ्रैक्चर, पुलिस ने दर्ज किया मुकदमा

अमृत विचार : पैदल घर जा रहे युवक को पिकअप ने अपनी चपेट में ले लिया। जिससे उसका एक पैर कट गया और दूसरे पैर में कई फ्रैक्चर हो गए। युवक का निजी अस्पताल में उपचार चल रहा है, जहां उसकी हालत नाजुक बनी हुई है। मुखानी पुलिस ने मामले में मुकदमा दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू कर दी है।

ओम पर्वत विहार बजूनिया हल्दू कठघरिया निवासी परमानंद भट्ट ने पुलिस को बताया कि बीती 22 जून की रात करीब साढ़े 10 बजे उनका बेटा सौरभ भट्ट त्रिमूर्ति मंदिर कमलुवागांजा रोड से घर की ओर जा रहा था। तभी पिकअप संख्या यूके 18सीए 7748 ने सौरभ को अपनी चपेट में ले लिया। घटना को अंजाम देने के बाद चालक वाहन समेत मौके से फरार हो गया। सौरभ काफी देर तक वहीं अधमरी हालत में पड़ा रहा। उसका दायां पैर क्षतिग्रस्त हो चुका था। सौरभ के दोस्त शुभम फुलारा और गिरीश वोहरा वहां से गुजरे तो सौरभ को नैनीताल रोड स्थित एक निजी अस्पताल पहुंचाया। चिकित्सकों ने परिजनों को बताया कि सौरभ का दायां पैर 80 प्रतिशत कटा हुआ है। पैर की अंगुलियां और पंजे में कई फ्रैक्चर हैं। मुखानी थानाध्यक्ष पंकज जोशी ने बताया कि तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर चालक व वाहन की तलाश की जा रही है।

सिक्योरिटी गार्ड की छत से गिरकर मौत

हल्द्वानी, अमृत विचार : मुखानी क्षेत्र में एक सिक्योरिटी गार्ड की संदिग्ध हालात में मौत हो गई। सोमवार को वह छत से नीचे गिर गया, जबकि छत पर रेलिंग लगी थी। गंभीर अवस्था में उसे बेस अस्पताल ले जाया गया, जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। डहरिया मुखानी में किराए के मकान में रहने वाला अनूप मेहरा (36 वर्ष) ईको टाउन कॉलोनी में सिक्योरिटी गार्ड था।

पुलिस के मुताबिक सोमवार की शाम वह घर की छत पर था। तभी अचानक छत से नीचे गिर गया और गंभीर रूप से घायल हो गया। आनन-फानन में उसे नैनीताल रोड स्थित एक निजी अस्पताल ले जाया गया, जहां हालत नाजुक होने पर बेस अस्पताल रेफर कर दिया गया। सोमवार को उसकी यहां मौत हो गई। मुखानी थानाध्यक्ष पंकज जोशी ने बताया कि मंगलवार को पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों के सुपुर्द कर दिया गया है।

गश्त के दौरान वन दरोगा पर मगरमच्छ का हमला, घायल

संवाददाता, रामनगर

अमृत विचार : जिम कॉर्बेट नेशनल पार्क के अंतर्गत ढिकाला रेंज के सर्पदुली क्षेत्र में गश्त के दौरान रामगंगा नदी को पार कर रहे वन दरोगा पर मगरमच्छ ने अचानक हमला कर दिया। मगरमच्छ से लड़ते हुए वन दरोगा ने अपनी जान तो बच ली, लेकिन वह गंभीर रूप से घायल हो गया।

सर्पदुली रेंज के रेंज अधिकारी बिंदर पाल ने बताया कि मंगलवार की सुबह 55 वर्षीय वन दरोगा अब्दुल सलाम चार वन कर्मचारियों के साथ गश्त पर निकले थे। इसी बीच खिनानौली बीट के समीप सभी कर्मचारी गश्त के दौरान रामगंगा नदी पार कर रहे थे। नदी का पानी मटमैला होने के कारण कुछ नहीं दिखाई दिया। तभी अचानक मगरमच्छ ने अब्दुल सलाम पर हमला बोल दिया।

अस्पताल में उपचार कराते घायल वन दरोगा।

- सर्पदुली क्षेत्र में रामगंगा नदी को पार कर रहे थे वन दरोगा
- रामनगर के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया वन दरोगा को

शोर मचाने पर अन्य कर्मचारियों ने अब्दुल सलाम को बमुश्किल मगरमच्छ के चंगुल से छुड़ाया।

इस दौरान मगरमच्छ ने अब्दुल सलाम के शरीर में कई हिस्सों को बुरी तरह जख्मी कर दिया। उन्हें उपचार के लिए रामनगर के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जहां उनकी हालत में सुधार है।

जमीन दिखाकर हड़प लिए 67 लाख, अब धमका रहा आरोपी

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

धोखाधड़ी

- एसएसपी से शिकायत पर भी नहीं हुई कार्रवाई
- कोर्ट के आदेश पर पुलिस ने दर्ज किया मुकदमा

अमृत विचार : एक व्यक्ति ने अपनी पत्नी व पिता के साथ मिलकर लाखों रुपये की धोखाधड़ी कर डाली। जमीन के एवज में 67 लाख से अधिक रुपये लिए और फिर आरोपी रजिस्ट्री से मुकर गए। उल्टा पीड़ित को जान से मारने की धमकी दे रहे हैं। मुखानी पुलिस ने द्वितीय न्यायिक मजिस्ट्रेट के आदेश पर आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

अमरावती कॉलोनी निवासी सुरेंद्र कुमार गंगोला ने भगवानपुर जय सिंह निवासी अमित पाठक पुत्र आनंद बल्लभ पाठक, उमा पाठक पत्नी अमित पाठक व आनंद बल्लभ के खिलाफ न्यायालय को दिए शिकायती पत्र में कहा कि उन्होंने वर्ष 2022 में भगवानपुर जय सिंह में 5 बीघा भूमि को अमित से खरीदा था। अमित ने बताया था कि यह भूमि उसके पिता के नाम है। जमीन का बंटवारा होने वाला है और इसे बेचने का अधिकार उसके है। आरोप है कि अमित और उसके पिता पर विश्वास कर 6 अगस्त 2022 को अनुबन्ध किया। 30 अगस्त 2022 को 8,50,000, 6 सितंबर 2022 को 2,80,000, 20 जून 2023 को 25,00,000, 19 सितंबर 2023 को 24 लाख, 21 अक्टूबर 7 लाख रुपये दिये। अमित ने कुल 6,730,000 लाख रुपये लेने के बाद रजिस्ट्री करने से इंकार कर दिया।

पीड़ित अपने साथी प्रज्ञान भारद्वाज, मोहित मिश्रा, ललित मोहन, घनश्याम जोशी के साथ अमित के घर पहुंचा तो अमित, उमा व आनन्द बल्लभ पाठक ने गाली-गलौज की और जान से मारने की धमकी दी। इसकी शिकायत उन्होंने मुखानी थाना व एसएसपी से डाक के जरिये की, लेकिन मामला दर्ज नहीं हुआ। मुखानी थानाध्यक्ष पंकज जोशी ने बताया कि मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।

दिक्कत कंपनी की ओर से रात में जांच के लिए मरीजों को किया जा रहा मना, ऐसे में गंभीर मरीजों को हो सकती है खासी परेशानी

पीपीपी मोड में रेडियोलॉजी सेवा, रात में जांच का संकट

संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार : कुमाऊं के सबसे बड़े डॉ. सुशीला तिवारी अस्पताल (एसटीएच) के रेडियोलॉजी विभाग में अधिकतर सेवाएं पीपीपी मोड पर दे दी गई हैं। अब ठेकेदार की शर्तों की वजह से रात के समय अल्ट्रासाउंड, ईसीजी, एक्स-रे आदि होना बंद हो सकता है। पीपीपी मोड पर ईसीजी सेवा पहले ही दी जा चुकी है।

एसटीएच में कुमाऊं के अलावा उत्तर प्रदेश से बड़ी संख्या में मरीज आते हैं। यहां जांचें अन्य सरकारी अस्पतालों की अपेक्षा में काफी सस्ती हैं। अस्पताल में 250 रुपये में अल्ट्रासाउंड और 90 रुपये में एक्स-रे होता है। मगर ईसीजी सहित ये सभी जांचें पीपीपी मोड में संचालित की जा रही हैं। कंपनी की ओर से कहा जा रहा है कि उनके कर्मचारी केवल ओपीडी के समय ही जांच करेंगे। ऐसे में रात के समय मरीजों की जांच करने के लिए संकट खड़ा हो गया है। अस्पताल प्रशासन और कंपनी के बीच बातचीत चल रही है। जल्द समाधान नहीं निकला तो मरीजों को परेशानी हो सकती है। उल्लेखनीय है कि कुमाऊं के सबसे बड़े सुशीला तिवारी अस्पताल में कुमाऊं के साथ ही यूपी से भी गंभीर मरीज पहुंचते हैं। ऐसे में यदि गंभीर मरीजों को रात के वक्त जांच की सविधा न मिली तो उनकी जान भी संकट में पड़ सकती है।

जांचों के रेट को लेकर चल रहा विवाद

हल्द्वानी : कंपनी और अस्पताल प्रबंधन के बीच रेडियोलॉजी विभाग की जांचों के एवज में होने वाले भुगतान को लेकर विवाद चल रहा है। एसटीएच में अन्य सरकारी अस्पतालों की अपेक्षा सस्ती जांचें होती हैं। कंपनी की ओर से भुगतान बढ़ाए जाने की बात कही जा रही है। हालांकि अस्पताल के चिकित्सा अधीक्षक डॉ. जीएस तितियाल ने बताया कि सब चीजें ठीक कर ली जाएंगी।

भीड़ बढ़ने पर कंपनी को देनी थी सेवा

हल्द्वानी : कंपनी को पीपीपी मोड पर ईसीजी सेवा इस शर्त पर दी गई थी कि जब अस्पताल में मरीजों की भीड़ बढ़ेगी तो वह काम करेगी। लेकिन वर्तमान में ईसीजी सेवा कंपनी को पूरी तरह से पीपीपी मोड पर मिल गई। अब एक्सरे, अल्ट्रासाउंड की जांचें भी पीपीपी मोड पर दी जा चुकी हैं।

उत्थान मंच के पदाधिकारियों को किया तलब

हल्द्वानी, अमृत विचार : पर्वतीय सांस्कृतिक उत्थान मंच हीरानगर का मामला अब सिटी मजिस्ट्रेट की कोर्ट में पहुंच गया है। सिटी मजिस्ट्रेट ने मंच के अध्यक्ष व सचिव को 6 जुलाई को तलब किया है।

हुकुम सिंह कुंवर ने मंडलायुक्त दीपक रावत को शिकायती पत्र सौंप कर आम चुनाव संपन्न कराने और पारदर्शिता लाने की मांग की थी। इसी क्रम में मंडलायुक्त ने सिटी मजिस्ट्रेट एपी वाजपेयी को जांच के निर्देश दिए हैं। सिटी मजिस्ट्रेट मंच के अध्यक्ष, सचिव को सभी जरूरी दस्तावेजों व अभिलेखों के साथ 6 जुलाई को तलब किया है। मामले को प्रशासन ने काफी गंभीरता से लेते हुए अभिलेख मांगे हैं।

लावारिस बैग में पिस्टल होने का शक, दो एयरगन निकलीं

संवाददाता, नैनीताल

अमृत विचार: मल्लीताल पंतपार्क क्षेत्र में लावारिस बैग में पिस्टल मिलने से लोगों में हड़कंप मच गया। ड्यूटी में तैनात होमगार्ड बैग को कोतवाली ले गया।

जानकारी के अनुसार मल्लीताल पंतपार्क के समीप लगभग एक बजे किसी का बैग छूट गया। लावारिस बैग देखकर लोगों ने पूछताछ की लेकिन बैग स्वामी का पता नहीं चल पाया। जिसके बाद लोगों ने मौके पर मौजूद ड्यूटी कर रहे होमगार्ड को जानकारी दी। जानकारी के बाद होमगार्ड ने बैग की जांच की तो बैग में दो पिस्टल दिखाई दिए। बैग में पिस्टल देख होमगार्ड भी सहम गया और बैग लेकर मल्लीताल कोतवाली पहुंच गया।

कोतवाली में जब होमगार्ड ने मौजूद पुलिस कर्मियों से बैग में पिस्टल होने की बात कही तो उन्होंने बैग खोलकर देखा। बैग खोलते ही पता चला कि होमगार्ड जिसे पिस्टल समझ रहा था वह एयरगन पिस्टल है।

एसएसआई पीएस मेहरा ने बताया कि बैग में दो एयर पिस्टल व एक बच्चे की बॉल मिली है। बैग किसका है यह अभी तक पता नहीं चल पाया है। पता चलते ही बैग उसके स्वामी को सौंप दिया जाएगा।

रामनगर से यात्रा को जोड़ने की मांग हुई तेज, मातृ शक्ति ने की सांसद और विधायकों से जनभावनाओं को सदन में रखने की मांग

चारधाम यात्रा से मजबूत होगी हल्द्वानी-काशीपुर की आर्थिकी

संवाददाता, रामनगर

अमृत विचार : चारधाम यात्रा को रामनगर से जोड़ने की मांग लगातार तेज हो रही है। जनप्रतिनिधियों, व्यापारियों के बाद अब मातृ शक्ति भी मांग को लेकर मुखर हो गई है। उनका कहना है कि सरकार को चारधाम यात्रा में तीर्थ यात्रियों की विदाई का रुख रामनगर की ओर करना चाहिए, जिससे श्रद्धालु कुमाऊं के तीर्थ स्थलों के पौराणिक इतिहास को जान सकें।

पूर्व में भी इस यात्रा का अंतिम पड़ाव रामनगर था, सरकार को इस पर जल्द निर्णय लेना चाहिए। उन्होंने कहा कि यदि चारधाम यात्रा रामनगर से जुड़ेगी तो इससे हल्द्वानी व काशीपुर आदि शहरों की आर्थिकी मजबूती होगी।

चारधाम यात्रा को लेकर बोलीं महिलाएं

चारधाम यात्रा को पुनः रामनगर से जोड़ने का समय आ गया है। सरकार को इस संबंध में मजबूत इच्छा शक्ति दिखानी चाहिए। जनहित की मांग के प्रति सरकार का उदासीनता रवैया अच्छा नहीं है।
–**मंजू नेगी**, सामाजिक कार्यकर्ता

जनप्रतिनिधियों को जनता की बात सरकार तक पहुंचानी चाहिए। चारधाम यात्रा को रामनगर से जोड़ने से क्षेत्र में ही नहीं कुमाऊं के कई तीर्थ स्थानों की जानकारी श्रद्धालुओं को मिल सकेगी।
– **मिथिलेश डंगवाल**, अध्यक्ष ग्राम प्रधान संगठन

सांसद और विधायक को जनभावनाओं को सदन में रखना चाहिए। यात्रा का रुख रामनगर करने से कुमाऊं और गढ़वाल क्षेत्र के उपेक्षित गावों का विकास होगा। सरकार से इस दिशा में ठोस कदम उठाना चाहिए।
– **नीतू आर्या**, बीडीसी सदस्य

राज्य निर्माण के बाद से अब तक किसी सरकार ने इस दिशा में सकारात्मक निर्णय नहीं लिया है। यह मांग किसी व्यक्ति की नहीं बल्कि गैरसैंण, चौखुटिया, भिकियासैंण, भतरौजखान और रामनगर के लोगों की है।
– **मीना रावत**, पूर्व क्षेत्र पंचायत सदस्य

क्षेत्र के आर्थिक विकास के लिए जनप्रतिनिधियों को आगे आना चाहिए। चारधाम यात्रा को रामनगर से जोड़ने के लिए बिना कोई सोच विचार किए सरकार को आवश्यक कदम उठाने चाहिए। तभी यहां विकास को बढ़ावा मिलेगा।
– **दीपा नेगी**, गृहणी

सरकार चाहे तो चारधाम यात्रा को रामनगर से जोड़ सकती है। इससे युवा कई रोजगार स्थापित कर सकते हैं। रामनगर से गैरसैण और कर्णप्रयाग तक के मार्ग की दशा–दिशा बदली जा सकती है। पर्यटन के नए आयाम स्थापित होंगे।
– **राधा माहेश्वरी**, गृहणी

चारधाम यात्रा और हेमकुंड साहिब के दर्शन करने आज भी श्रद्धालु रामनगर से आते–जाते हैं। सरकार को आधिकारिक रूप से यात्रा को रामनगर से जोड़ना चाहिए। इससे उत्तराखंड की एकता को बल मिलेगा।
– **रश्मि माहेश्वरी**, संयोजिका ब्यूटी पार्लर

कुमाऊं और गढ़वाल की जनता के लिए चारधाम यात्रा अत्यंत सुगम और मितव्ययी साबित होगी। रामनगर से यात्रा का संचालन करना प्रशासनिक और पौराणिक दृष्टिकोण से अत्यंत प्रासंगिक रहेगा।
– **मधु शर्मा**, महिला कृषक

भाजपा सरकार में मजबूत हो रहा है लोकतंत्र

वित्त मंत्री प्रेम चंद्र अग्रवाल ने किया आपातकाल की प्रदर्शनी का शुभारंभ, आपातकाल को काला दिवस के रूप में मनाया

प्रदर्शन

- रिक्शा स्टैंड पर लगाई आपात काल प्रदर्शनी
- आपातकाल के 50 वर्ष पूरे होने पर किया गया आयोजन

संवाददाता, नैनीताल

अमृत विचार : भाजपा कार्यकर्ताओं ने 25 जून आपातकाल को काला दिवस के रूप में मनाया। इस मौके पर नैनीताल के मल्लीताल रिक्शा स्टैंड पर आपातकाल की प्रदर्शनी लगाई गई। जिसका शुभारंभ वित्त मंत्री प्रेम चंद्र अग्रवाल ने फीता काटकर किया। इस दौरान पूर्व छात्रसंघ अध्यक्ष राहुल नेगी सहित आधा दर्जन युवाओं ने भाजपा की सदस्यता ली।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए वित्त मंत्री ने कहा कि 25 जून 1975 को कांग्रेस ने आपातकाल लगाकर विपक्षी नेताओं सहित जनसंघ के कार्यकर्ताओं को जो यातनाएं दी थीं उसी के विरोध में काला दिवस मनाया जाता है। आज घटना को 50 वर्ष पूरे हो चुके हैं। कांग्रेस आज लोकतंत्र की बात करती है, जबकि उस दौरान लोकतंत्र की हत्या हुई थी। उन्होंने कहा कि आज भजापा सरकार में लोकतंत्र मजबूत हो रहा है। निकाय चुनाव पर वित्त मंत्री ने कहा कि उन्होंने तीन माह का समय लिया है।

इस दौरान मतदाता सूची व आरक्षण आदि प्रक्रिया पूरी कर ली जाएगी। इस दौरान विधायक सरिता आर्य, जिलाध्यक्ष प्रताप बिष्ट, मंडल अध्यक्ष आनंद बिष्ट, महामंत्री मोहित साह, मनोज जोशी, नितिन कार्की, मारुति साह, दया किशन, गजाला कमाल, भूपेंद्र बिष्ट, विमल बिष्ट, ललित तिवारी, कनिका रावत, राहुल नेगी, मनोज जगाती, संतोष कुमार, सागर आर्य मौजूद रहे।

प्रदर्शनी का शुभारंभ करते काबीना मंत्री व विधायक। ● अमृत विचार

आपातकाल के विरोध में नारेबाजी करते भाजपाई। ● अमृत विचार

नियमितीकरण समेत विभिन्न मांगों को सौंपा ज्ञापन

नैनीताल : नगर निकाय कर्मचारी महासंघ ने वित्त मंत्री अग्रवाल को ज्ञापन सौंप कर कहा कि लंबे समय से ईओ, लेखागार, कर अधीक्षक, कर व सफाई निरीक्षक के पद रिक्त पड़े हैं, जिससे काम प्रभावित हो रहा है। 10 वर्षों से अधिक समय से कार्यरत संविदा व विभागीय स्तर से नियुक्त कर्मचारियों का नियमतिकरण नहीं हुआ है। भाजपा कार्यकर्ताओं ने भी नैनीताल शहर की विभिन्न समस्याओं को लेकर वित्त मंत्री को ज्ञापन सौंपा। कहा कि शहर में नगर पालिका के स्कूल बंद पड़े हैं, जिन्हें बारात घरों में तब्दील किया जाए। पालिका के आउट हाउस में जो लोग रह रहे हैं, उनसे किराया लिया जाए। सफाई कर्मचारियों की कमी को भी दूर किया जाए। इस दौरान भाजपा मंडल उपाध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह बिष्ट, अरविंद पडियार, मीनू बुधलाकोटी, तुलसी कठायत, लता बोरा, दयाकिशन पोखरिया, प्रेम सागर मौजूद थे।

आपातकाल देश के इतिहास का काला अध्याय

रामनगर : 25 जून 1975 का दिन काले दिन के रूप में हमेशा याद किया जाएगा। यह बात लोनिवि विश्राम गृह में विधायक दीवान सिंह बिष्ट ने कार्यकर्ताओं को सम्बोधित करते हुए कही। उन्होंने कहा कि आज के दिन तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने लोकतंत्र का गला घोंटकर देश में आपातकाल की घोषणा की थी। हर विरोध करने वाले को जेल में ठूस दिया गया था। तत्कालीन कांग्रेस सरकार को तब जनाक्रोश का सामना करना पड़ा था और जनता ने चुनाव में उसे सबक भी सिखाया था। इससे पूर्व भाजपा कार्यकर्ताओं ने नारेबाजी कर प्रदर्शन किया। इस दौरान भगीरथ लाल चौधरी, पूर्व सभासद माया रावत, किशोरी लाल, भूपेंद्र खाती, सत्यप्रकाश शर्मा, भावना भट्ट, गणेश रावत, मनीष अग्रवाल, राजेश मित्तल, रुचि गिरी शर्मा, मनप्रीत कौर, पूरन नैनवाल मौजूद रहे।

कैबिनेट मंत्री प्रेमचंद अग्रवाल को दिया ज्ञापन

नैनीताल : सौंदर्यीकरण के नाम पर शहर की सूरत बिगड़ने की शिकायत को लेकर स्थानीय लोगों ने कैबिनेट मंत्री प्रेमचंद अग्रवाल को ज्ञापन सौंपा। उन्होंने कहा कि सौंदर्यीकरण के नाम पर शहर की सुंदरता से खिलवाड़ हो रहा है। डीएसए खेल मैदान में नियमों की अनदेखी करते हुए रॉक क्लाइंबिंग वॉल का निर्माण किया। इसे शहर के बाहर बनाया जाए। छोटे पार्कों को पूर्व की तरह विकसित किया जाए। आंतरिक मार्गों पर डामर व सीसी के बजाय ईंट से निर्माण हो ताकि बरसात में पानी भूमिगत हो सके। पंत पार्क में फड़ लगाने वालों के लिए उचित स्थान तय किया जाए।

पर्यावरण मित्रों की समस्याओं का निदान हो

रामनगर : भाजयुमो के पूर्व नगर महामंत्री शुभम उत्तम ने वित्त मंत्री को ज्ञापन देकर पर्यावरण मित्रों की समस्याओं के निदान की मांग की है। उन्होंने कहा कि निकायों में पर्यावरण मित्रों के रूप में वाल्मीकि समाज ही सेवा प्रदान करता है। वर्तमान में पर्यावरण मित्रों को ठेके में लेने से सरकार की ओर से मिलने वाली सुविधाएं नहीं मिलती हैं। ठेकेदारों का अनावश्यक शोषण भी झेलना पड़ता है। सविंदा के अंतर्गत नियुक्ति, जनसंख्या के आधार पर पर्यावरण मित्रों की वृद्धि, दुर्घटना बीमा का लाभ देने, महिलाओं की भर्ती के लिए लगाई गई रोक हटाने की मांग की।

बंद नाली व कलमठ खोलने उतरी जेसीबी

गरमपानी, अमृत विचार : मानसून की दस्तक के साथ ही एनएच प्रशासन हरकत में आ गया है। एक ओर बदहाली का दंश झेल रहे हाईवे पर भोर्या बैंड समेत अन्य स्थानों पर पैचवर्क कर सुगम यातायात की कवायद तेज कर दी गई है। बाजार क्षेत्रों में पानी निकासी को बनी नाली व कलमठ खोलना शुरु कर दिया गया है। नालियों व कलमठों के बंद होने से बारिश का पानी लोगों के घरों व दुकानों में घुस जाता है, जिससे क्षेत्रवासियों को काफी नुकसान उठाना पड़ता है। एनएच प्रशासन ने गरमपानी व खैरना बाजार क्षेत्र में बनी नाली व कलमठों को खोलने का कार्य शुरु कर दिया। व्यापारी नेता गजेंद्र सिंह नेगी, गोविन्द सिंह, विनोद मेहरा, महेंद्र सिंह आदि ने व्यवस्था दुरुस्त करने पर एनएच प्रशासन का आभार जताया है।

शहर को स्वच्छ रखना पहली जिम्मेदारी जनता की : अग्रवाल

संवाददाता, रामनगर

अमृत विचार : वित्त, शहरी विकास एवं आवास मंत्री प्रेम चंद्र अग्रवाल ने नगर पालिका परिषद में ठोस अपशिष्ट केंद्र का निरीक्षण कर लोगों से अपील की कि अपने नगर को स्वच्छ रखने की पहली जिम्मेदारी आपकी है। घर की चौखट पर आने वाले वाहन को कूड़ा अलग-अलग करके दें और इधर-उधर कूड़ा न डालें। ऐसा करने से आसपास का परिवेश स्वच्छ रहेगा।

उन्होंने कहा जनपद नैनीताल पर्यटक हब के रूप में जाना जाता है। यहां आने वाले पर्यटक स्वच्छता के विषय में एक सीख लेकर जाएं, इसलिए सभी को स्वच्छता के प्रति सजग रहना होगा। नगर स्वच्छ रहेगा तो यहां बाहर से आने वाले पर्यटक भी शहर की चर्चा अपने शहरों में जाकर करेंगे। इस दौरान विधायक दीवान सिंह बिष्ट, उप जिलाधिकारी राहुल शाह, ईओ नगर पालिका परिषद महेंद्र यादव, पूर्व पालिकाध्यक्ष भगीरथ लाल चौधरी, रुचि गिरी शर्मा, भावना भट्ट मौजूद रहे।

रामनगर नगर पालिका में ठोस अपशिष्ट केंद्र का निरीक्षण करते प्रेम चंद्र अग्रवाल।

संदिग्धों की आवाजाही से दहशत में ग्रामीण

गरमपानी, अमृत विचार : घिरोली गांव के ग्रामीण समाजसेवी नवीन चंद्र आर्या की अगुवाई में बेतालघाट थाने पहुंचे। यहां उन्होंने प्रभारी थानाध्यक्ष को ज्ञापन सौंपते हुए बताया कि गांव में दिन ढलने के बाद अराजक तत्व सक्रिय हो रहे हैं। गांव को जोड़ने वाली सड़क पर खुलेआम शराब व स्मैक का सेवन किया जा रहा है, जिससे गांव का माहौल बिगड़ने का अंदेशा बना हुआ है।

वहीं ग्रामीण खुद को असुरक्षित महसूस करने लगे हैं। पूर्व में भी गांव में सिंचाई योजना के पाइप चोरी व एक दुकान का शटर तोड़ने की घटना हो चुकी है। संदिग्धों की लगातार आवाजाही से बढ़ता जा रहा है। उन्होंने कार्रवाई की मांग की। इस दौरान जगदीश चंद्र, रविन्द्र कुमार, प्रमोद कुमार आदि मौजूद रहे।

मुद्दा स्थाई राजधानी संयुक्त संघर्ष समिति ने प्रस्तावित आंदोलन के लिए मांगा समर्थन

गैरसैंण स्थाई राजधानी घोषित करने की मांग मुखर

संवाददाता, रामनगर

अमृत विचार : गैरसैंण को प्रदेश की स्थाई राजधानी घोषित करने की मांग को लेकर स्थाई राजधानी संयुक्त संघर्ष समिति के सदस्य हर्षवर्धन सिंह बिष्ट व जगदीश ममगई ने रामनगर के सामाजिक व राजनीतिक संगठनों एवं राज्य आंदोलनकारियों से संपर्क कर समर्थन देने की अपील की है।

राज्य आंदोलनकारी प्रभात ध्यानी के निवास पर हुई बैठक में विभिन्न संगठनों व राज्य आंदोलनकारियों ने गैरसैंण को स्थाई राजधानी बनाने व राज्य की अवधारणा से जुड़े सवालों पर अपने विचार रखे। लोगों ने उत्तराखंड की बदहाली के लिए सत्तारूढ़ सरकारों को जिम्मेदार ठहराया। साथ ही राज्य गठन के बाद भी शिक्षा, चिकित्सा, रोजगार जैसी बुनियादी समस्याओं का समाधान न हो पाना पहाड़ों से पलायन का सबसे बड़ा कारण बताया। हर्षवर्धन बिष्ट व जगदीश ममगई ने बताया कि समिति 9 अगस्त से प्रदेश व्यापी जन जागरण, 31 अगस्त को रात 9 बजे एक मिनट के लिए ब्लैकआउट करने तथा एक सितंबर से लोगों से अपने घरों, दुकानों एवं प्रतिष्ठानों पर काले झंडे लगाकर विरोध प्रकट करने का आग्रह करेगी।

बैठक में योगेश सती, इंदर सिंह मनराल, पान सिंह नेगी, रईस अहमद, पीतांबरी रावत, डॉ. धनेश्वरी घिल्डियाल, मुनीष कुमार, रोहित रूहेला, ललित उप्रेती, मनमोहन अग्रवाल, लालता प्रसाद श्रीवास्तव, मोहम्मद आसिफ, हर्षवर्धन सिंह बिष्ट मौजूद रहे।

बैठक करते राज्य आंदोलनकारी संगठनों से जुड़े लोग। ● अमृत विचार

प्रवेश प्रारम्भ
बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी, बरेली
फैकल्टी ऑफ पैरामेडिकल साइंसेज
उत्तर प्रदेश स्टेट मेडिकल फैकल्टी, लखनऊ द्वारा मान्यता प्राप्त
- बैचलर इन मेडिकल लेबोरेटरी साइंस (बी.एम.एल.एस.) (3 वर्षीय)
- बैचलर इन फिजियोथिरेपी (बी.पी.टी.) (4 वर्षीय)
- बैचलर ऑफ आप्टोमेट्री (बी. आप्टम) (3 वर्षीय)
- बैचलर इन मेडिकल रेडियोलॉजिक इमेजिंग टेक्नॉलॉजी (बी.एम.आर.आई.) (3 वर्षीय)
- बैचलर इन ऑपरेशन थियेटर टेक्नोलॉजी (बी.ओ.टी.टी) (अगामी पाठ्यक्रम) (3 वर्षीय)
- एम.एस.सी. क्लीनिकल एंब्रियोलॉजी (अगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)
- मास्टर इन मेडिकल लेबोरेटरी साइंस (एम.एम.एल.एस. (अगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)
- मास्टर ऑफ फिजियोथिरेपी (एम.पी.टी.) (अगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)

फैकल्टी ऑफ फॉरेंसिक साइंसेज
- बी.एस.सी. फॉरेंसिक साइंस (3 वर्षीय) (डिग्री कोर्स)
- एम.एस.सी. फॉरेंसिक साइंस (2 वर्षीय) (डिग्री कोर्स)

रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल
उत्तर प्रदेश स्टेट मेडिकल फैकल्टी, लखनऊ द्वारा मान्यता प्राप्त
- डिप्लोमा इन एक्स–रे टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
- डिप्लोमा इन लैब टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
- डिप्लोमा इन रेडियोथिरेपी टेक्नीशियन (आगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)

रोहिलखंड कॉलेज ऑफ पैरामेडिकल साइंसेज
उत्तर प्रदेश स्टेट मेडिकल फैकल्टी, लखनऊ द्वारा मान्यता प्राप्त
- डिप्लोमा इन डायलेसिस टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
- डिप्लोमा इन एम.आर.आई. टेक्नीक्स (2 वर्षीय)
- डिप्लोमा इन इमरजेन्सी एण्ड ट्रामा केयर टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
- सर्टिफिकेट इन सेनीटेशन (1 वर्षीय)

For Registration : Online - www.biu.edu.in, offline - Admission Cell Administrative Block, BIU (9105500202), E-mail : repsbareilly@gmail.com, bareillyrcps@gmail.com
प्रवेश हेतु संपर्क करें :–
डॉ. आशीष शर्मा (9105500202) श्रीमती रिचा गुप्ता (9105500404) डॉ. प्रशांत गुप्ता (8445508214)

जोशी क्लीनिक

डॉ. संजय जोशी
B.A.M.S. (Lko)
N.D.D.Y.
C.K.S., C.Y.P.
वरिष्ठ आयुर्वेदिक फिजीशियन
(उदर एवं गुदा रोग विशेषज्ञ)

1. विशेषज्ञ चिकित्सा
पाइल्स (बवासीर)
फिस्चुला (भगंदर)
फिशर एवं पाइलोनिडल साइनस का इलाज विश्व प्रसिद्ध आयुर्वेदिक क्षार-सूत्र चिकित्सा द्वारा

2. आयुर्वेदिक रक्तमोक्षण चिकित्सा
Leech Therapy
(जलोका)

Cupping Therapy

रोग : सोरायसिस, चर्म रोग, जोड़ों के दर्द, माइग्रेन, वैरीकोज वेन, बालों का झड़ना, शरीर की गाँठ, न भरने वाले घाव
समय
प्रातः 10 बजे से 2 बजे तक
सायं 5:30 बजे से 8 बजे तक
शनिवार अवकाश
BOOK APPOINTMENT
Scan QR Code for More Details
कुसुमखेड़ा
निकट गैस गोदाम
तिराहा, कालाढूंगी रोड
हल्द्वानी (उत्तराखण्ड)
M : 9412958478

॥श्रीः॥
विश्वप्रांगण महाराष्ट्रीयन आयुर्वेद एवं पंचकर्म चिकित्सालय

उपलब्ध चिकित्सक

नाड़ी वैद्य राहुल गुप्ता
(BAMS, MD)

वैद्य अंकिता गुप्ता
(BAMS, MS)
उपलब्ध चिकित्सा

7895372936
05946-222577
शनिवार पूर्ण अवकाश
मुखानी चौराहा, शिव मंदिर के पास, हल्द्वानी (उत्तराखण्ड)
For Online Consultation svpayurvedaclinic.com

एक नजर

डीएम आज रामनगर में

रामनगर : डीएम वंदना सिंह बुधवार को रामनगर का दौरा करेंगी। वह कोसी बैराज, भरतपुरी, दुर्गापुरी, गिरिजा मंदिर, टेड़ा नाले में चल रहे बाढ़ सुरक्षा कार्यों का निरीक्षण करने के बाद धनगढ़ी, पनोद नाले का भी निरीक्षण करेंगी। साथ ही लोनिवि गेस्ट हाउस में विभिन्न विभागों के अधिकारियों के साथ विकास कार्यों की समीक्षा बैठक करेंगे। यह जानकारी तहसीलदार कुलदीप पांडे ने दी है।

बीईओ तारा सिंह ने संभाला कार्यभार

हल्द्वानी : हल्द्वानी ब्लॉक के नए बीईओ तारा सिंह ने मंगलवार को कार्यभार ग्रहण कर लिया। शिक्षकों और कर्मचारियों ने पुष्प गुच्छ देकर उनका स्वागत किया। बीईओ तारा सिंह ने बताया कि प्राथमिकता के आधार पर सभी के सहयोग से शिक्षा में गुणात्मक सुधार किया जाएगा। शिक्षकों और छात्रों से जुड़े मुद्दों को प्राथमिकता से हल करने का प्रयास किया जाएगा।

समर्थ पोर्टल से अब तक हुए 24,427 प्रवेश

हल्द्वानी : समर्थ पोर्टल में मंगलवार तक 65 हजार से अधिक पंजीकरण हो चुके हैं, जिसमें कुल 61,526 आवेदन पूर्ण हैं। 29,426 आवेदनों की काउंसलिंग अभी तक की जा चुकी है। मंगलवार शाम तक 24,427 छात्र-छात्राओं ने फीस का भुगतान कर दिया, जिसके बाद इन छात्रों को प्रवेश मिल चुका है।

प्रदेश के अटल उत्कृष्ट विद्यालयों में 243 प्रवक्ताओं की हुई तैनाती

शिक्षा मंत्री डॉ. धन सिंह रावत बोले - शिक्षकों की कमी होगी दूर

संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार : प्रदेश के राजकीय अटल उत्कृष्ट विद्यालयों में विभिन्न विषयों के 243 प्रवक्ताओं को तैनाती दे दी गई है। स्क्रीनिंग परीक्षा के माध्यम से चयनित इन शिक्षकों की तैनाती उनकी ओर से दिये गये विकल्पों के आधार पर काउंसलिंग के माध्यम से विषयवार की गई है। अटल उत्कृष्ट विद्यालयों में प्रवक्ताओं की तैनाती से जहां शिक्षकों की कमी दूर होगी। वहीं इन स्कूलों में शैक्षणिक गतिविधियों में सुधार होगा।

प्रदेश के शिक्षा मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने बताया कि प्रदेश के अटल उत्कृष्ट विद्यालयों में शैक्षणिक स्तर को और बेहतर करने के लिये राज्य सरकार लगातार प्रयासरत है। इसी के तहत इन विद्यालयों में शिक्षकों की कमी को दूर करते हुये विभिन्न विषयों के 243 प्रवक्ताओं की तैनाती कर दी गई है। जिसमें हिंदी विषय के तहत 27 शिक्षकों, अंग्रेजी के 33, संस्कृत के 10, इतिहास के 17, भूगोल के 15, अर्थशास्त्र के 26, गृहविज्ञान के 1, नागरिक शास्त्र के 24, समाजशास्त्र के 2, गणित के 13, भौतिक विज्ञान के 19, रसायन विज्ञान के 29, जीव विज्ञान के 23, वाणिज्य और कृषि विषय में 2-2 शिक्षक शामिल हैं। सभी चयनित शिक्षकों को दस दिन के भीतर अपने मूल विद्यालय से कार्यभार मुक्त होकर नए तैनाती स्थल पर कार्यभार ग्रहण करना होगा। जबकि चमोली व हरिद्वार जनपद में विधानसभा उप-चुनाव की आदर्श आचार संहिता प्रभावी होने के चलते चयनित प्रवक्ताओं को आचार संहिता समाप्त होने के बाद कार्यभार ग्रहण करना होगा। मंत्री ने बताया कि तैनाती से जहां शिक्षकों की कमी दूर होगी। वहीं इन स्कूलों में पठन-पाठन सुचारू रूप से चलेगा। साथ ही बोर्ड परीक्षा परिणामों में भी गुणात्मक सुधार होगा। उन्होंने बताया कि इससे पहले विभाग अटल उत्कृष्ट विद्यालयों में सहायक अध्यापक एलटी की तैनाती कर चुका है।

प्राचार्य एनएस बनकोटी को ज्ञापन सौंपते एमबीपीजी के छात्र ● अमृत विचार

परीक्षा परिणाम देखने से पहले डिग्री शुल्क लेने पर छात्र नाराज

हल्द्वानी, अमृत विचार : कुमाऊं विश्वविद्यालय परीक्षा परिणाम देखने से पहले छात्र-छात्राओं से 500 रुपये डिग्री शुल्क ले रहा है। इसे लेकर छात्रों में नाराजगी है। एमबीपीजी कॉलेज के छात्रों ने मंगलवार को प्राचार्य एनएस बनकोटी को कुमाऊं विश्वविद्यालय के नाम ज्ञापन सौंपा। छात्रों ने बताया कि विश्वविद्यालय ने पूर्व में यह सूचना दी थी कि डिग्री शुल्क परीक्षा शुल्क के साथ लिया जाएगा, लेकिन अब बिना किसी पूर्व सूचना के अंक तालिका देखने से पहले ऑनलाइन 500 रुपये शुल्क लिया जा रहा है। कहा कि बैक या फेल छात्रों को भी अपना परीक्षा परिणाम देखने के लिए भुगतान करना पड़ रहा है। इधर, कुमाऊं विश्वविद्यालय के परीक्षा नियंत्रक महेंद्र राना ने बताया कि छात्र हित में यह निर्णय लिया गया है। किसी भी कक्षा के अंतिम वर्ष के छात्र को अपना परीक्षा परिणाम देखने से पहले अपना नाम व पता ऑनलाइन सत्यापन करना होगा और 500 रुपये डिग्री शुल्क जमा करना होगा। इससे छात्रों के समय की बचत होगी और विश्वविद्यालय को भी डिग्रियों का बैकलॉग नहीं रखना पड़ेगा।

अस्पताल के आगे से हटाया अतिक्रमण

हल्द्वानी: एसटीएच के सामने से राजकीय मेडिकल कालेज प्रबंधन ने अतिक्रमण से हटा दिया।

मंगलवार को कालेज प्रबंधन ने जिस जगह पर अतिक्रमण वाली जगह पर तीन नोटिस बोर्ड लगा दिए हैं कि एसटीएच की भूमि पर अतिक्रमण करने वालों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी। प्राचार्य डॉ. अरुण जोशी ने बताया कि एसटीएच के आसपास अतिक्रमण से रामपुर रोड में जाम लग रहा है साथ ही मरीज और तीमारदार को अस्पताल आने में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। इसलिए अतिक्रमण को हटाया गया है।

स्कूल के समीप शराब बेचने वाला गिरफ्तार

गरमपानी: बेतालघाट ब्लॉक के सूदूर ताड़ीखेत गांव में स्थित राजकीय इंटर कॉलेज के समीप शराब बेचने वाला तस्कर पुलिस के हत्थे चढ़ गया है। खैरना चौकी प्रभारी धर्मेंद्र कुमार के नेतृत्व में पुलिस की टीम ने छापेमारी अभियान चलाया। विद्यालय के समीप रहने वाले खीमानंद के पास 240 पव्वे अवैध अंग्रेजी शराब के बरामद किए। ग्रामीणों ने आरोपी के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की। पुलिस ने तस्कर के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

सार-संक्षेप

बच्चों के साथ उपस्थित हिमोत्थान सोसायटी के सदस्य।

ग्रीष्मकालीन शिविर में कराई खेलकूद गतिविधियां

कालाढूंगी : हिमोत्थान सोसाइटी की ओर से आयोजित ग्रीष्मकालीन शिविर का मंगलवार को समापन हो गया। सोसाइटी ने शिविर में कई खेलकूद की गतिविधियां कराईं। जिसमें बच्चों ने उत्साह के साथ बढ़चढ़ कर भाग लिया। क्लस्टर समन्वयक शंकर बधानी, उमा नेगी व दीपिका ने बच्चों को बाल गीत, रोल प्ले, रीडर थिएटर, स्टोरी टेलिंग के बारे में बताया। इसके अलावा आर्ट एंड क्राफ्ट, फायरलेस कुकिंग, चित्रकला आदि गतिविधियां भी कराई गईं।

15 वाहनों के काटे चालान, जुर्माना वसूला

गरमपानी : यातायात नियमों का उल्लघंन करने वाले वाहन चालकों के खिलाफ खैरना चौकी पुलिस ने हाईवे पर विशेष चेकिंग अभियान चलाया। इस दौरान तेज रफ्तार, ओवरलोड, अधूरे कागजात, मानक से अधिक यात्री लेकर दौड़ रहे वाहनों के चालकों को रोका गया। करीब 15 छोटे-बड़े वाहन चालकों के चालान कर साढ़े सात हजार रुपये जुर्माना वसूला गया। चौकी प्रभारी धर्मेंद्र कुमार ने पुलिस टीम ने शांति व्यवस्था भंग करने वालों के खिलाफ अभियान चलाकर पांच लोगों के पुलिस एक्ट में चालान कर साढ़े बारह सौ रुपये जुर्माना वसूला है।

डीएलएड प्रशिक्षु प्राथमिक विद्यालयों में करेंगे इंटर्नशिप

हल्द्वानी : डीएलएड चतुर्थ सेमेस्टर के प्रशिक्षु प्राथमिक विद्यालयों में इंटर्नशिप करेंगे। डीएलएड प्रशिक्षुओं को प्रत्येक ब्लॉक में इंटर्नशिप के लिए भेजा जाना है। इसके लिए जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान भीमताल की ओर से सभी उप शिक्षा अधिकारियों को प्रत्येक ब्लॉक के छह प्राथमिक विद्यालयों की सूची उपलब्ध कराने को कहा गया है, जिनमें छात्र संख्या 30 या उससे अधिक हो और जहां कम से कम दो अध्यापक कार्यरत हों। डायट भीमताल को 26 जून तक छात्रों और शिक्षकों की संख्या उपलब्ध कराने को कहा गया है।

मंडी समिति की 15 दुकानों का टेंडर जारी

हल्द्वानी : मंडी समिति ने 15 दुकानों के निर्माण का प्रस्ताव बनाया था। प्रस्ताव स्वीकृत होने के बाद टेंडर जारी कर दिया गया है। शीघ्र ही निर्माण शुरू हो जाएगा। मंडी समिति तरणताल स्थित अपने निर्माण कार्यालय के पास 15 दुकानें बनायेगी। जिसमें 10 दुकानें मंडी की होंगी और 5 दुकानें कृषि बाजार के लिए होंगी। 90 लाख की लागत से दुकानों का निर्माण होगा। मंडी समिति निर्माण खंड के जेई एके सिंह ने बताया कि टेंडर जारी कर दिया गया है। दो-तीन दिन में निर्माण शुरू कर दिया जाएगा। निर्माण पूरा होने के बाद दुकानों को मंडी समिति को हस्तांतरित कर दिया जाएगा।

घाटों पर खाई बनाती जेसीबी।

वन विभाग ने कोसी नदी के घाटों पर खोदी खाई

रामनगर : तराई पश्चिमी वन प्रभाग ने अवैध खनन के विरुद्ध अभियान को आगे बढ़ाते हुए कोसी नदी में घाटों पर खाई खुदवा दी है। साथ ही अवैध खनन में लिप्त लोगों को चेतावनी दी है कि पकड़े जाने पर पुलिस में प्राथमिकी दर्ज कराई जाएगी। अभियान में बैलपड़ाव, बननाखेड़ा, वन सुरक्षा बल एवं रामनगर रेंज की टीम ने भाग लिया। डीएफओ प्रकाश चंद्र आर्या ने कहा कि कोसी के घाटों पर खाई खोदने के बाद इन स्थानों पर वन कर्मियों की गश्त जारी रहेगी।

सरकार जनता के द्वार से होगा जन समस्याओं का समाधान

हल्द्वानी : सरकार जनता के द्वार कार्यक्रम के जरिए जनता की समस्याओं का समाधान प्रमुखता से किया जाएगा। मुख्य विकास अधिकारी अशोक पांडे ने बताया कि शासन के निर्देशानुसार मुख्यमंत्री की शीर्ष प्राथमिकता में सरकार जनता के द्वार के जरिए आम जन की समस्याओं का समाधान करना है। उन्होंने सभी सरकारी विभागों के जनपद स्तरीय अधिकारियों को निर्देशित किया है कि आमजन की समस्याओं के समाधान के लिए वे राजस्व ग्रामों में भ्रमण कर रात्रि विश्राम करेंगे तथा क्षेत्र की जनता से रूबरू होंगे और भ्रमण के दौरान ही समस्याओं का समाधान करेंगे।

प्रधान डाकघर में पोस्टल आर्डर खत्म

हल्द्वानी : प्रधान डाकघर में करीब एक माह से पोस्टल आर्डर नहीं हैं। जिससे उपभोक्ताओं को परेशानी का सामना करना पड़ रहा हैं। आरटीआई आवेदकों, युवाओं को नौकरी के लिए जरूरी शुल्क अदा करने समेत अन्य आवश्यकताओं के लिए पोस्टल आर्डर की जरूरत होती है। प्रधान डाकघर में 10 व 20 रुपये के इंडियन पोस्टल आर्डर खत्म हो चुके हैं। पोस्टल आर्डर देने से डाक विभाग ने हाथ खड़े कर दिए हैं। यह किल्लत पिछले एक माह से बनी हुई है। प्रधान डाकघर के पोस्ट मास्टर गौरव जोशी ने बताया कि मुख्यालय से आर्डर प्राप्त होते ही पोस्टल आर्डर का स्टाक पर्याप्त हो जाएगा।

शिक्षकों और कर्मचारियों को मिलेगा सामूहिक बीमा का लाभ

संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार : अशासकीय सहायता प्राप्त माध्यमिक विद्यालयों में वर्ष 2014 के बाद नियुक्त शिक्षकों और कर्मचारियों को सामूहिक बीमा योजना का लाभ दिया जाएगा। इसके लिए माध्यमिक शिक्षा निदेशक महावीर सिंह बिष्ट ने भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) को पत्र लिखा है।

वर्ष 2014 से पहले नियुक्त शिक्षकों और कर्मचारियों को योजना का लाभ पहले से मिल रहा है। उनके वेतन से प्रतिमाह निर्धारित धनराशि की कटौती हो रही है। अशासकीय शिक्षक संगठन ने वर्ष 2014 के बाद नियुक्त शिक्षकों व कर्मचारियों को सामूहिक बीमा योजना का लाभ देते हुए धनराशि की मासिक कटौती शुरू करने का अनुरोध किया। जिसके बाद निदेशक ने एलआईसी को शिक्षकों व कर्मचारियों को लाभ देने का अनुरोध किया है। नैनीताल जिले में 20 से अधिक अशासकीय विद्यालय है, जिसमें सैकड़ों शिक्षक व कर्मचारी तैनात हैं। योजना लागू होने के बाद इन शिक्षकों व कर्मचारियों को लाभ मिलेगा। सामूहिक बीमा योजना में प्रतिमाह वेतन से 80 रुपये की कटौती होगी। इधर, अशासकीय विद्यालयों के शिक्षकों व कर्मचारियों को गोल्डन कार्ड का लाभ मिलना शुरू हो गया है। इसके तहत उनके वेतन से अधिकतम 1 हजार रुपये तक की कटौती की जा रही है। माध्यमिक शिक्षा निदेशक महावीर सिंह बिष्ट ने बताया कि उनकी ओर से एलआईसी को पत्र लिखा गया है।

समूहों से सुधरेगी प्रदेश की अर्थव्यवस्था

प्रदर्शनी

- राजभवन में स्वयं सहायता समूहों के उत्पादों की लगी प्रदर्शनी
- राज्यपाल ने बसंती, दीपा देवी व गीता देवी को किया सम्मानित

संवाददाता, नैनीताल

अमृत विचार: राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (सेनि) ने मंगलवार को राजभवन में स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं द्वारा प्रदर्शित उत्पादों का अवलोकन किया। इस प्रदर्शनी में नैनीताल जिले के ब्लॉक भीमताल, हल्द्वानी, बेतालघाट, धारी, ओखलकांडा, कोटाबाग, रामनगर, रामगढ़, की महिलाओं ने अपने-अपने उत्पाद प्रदर्शित किए।

इस अवसर पर राज्यपाल ने उत्कृष्ट कार्य करने वाली स्वयं सहायता समूह के सराहनीय कार्यों के लिए बसंती राणा, दीपा देवी, गीता देवी को सम्मानित किया। महिला समूह द्वारा बनाए गए इन उत्पादों का अवलोकन करते हुए राज्यपाल ने कहा कि उत्तराखण्ड की मातृशक्ति बेहद प्रतिभावान होने के साथ-साथ आत्मनिर्भरता की मिसाल हैं। उन्होंने कहा कि गत वर्ष के बाद उत्पादों में एक परिवर्तन देखने को मिला है जो सराहनीय है। उन्होंने कहा कि महिलाएं अपने उत्पादों को देश एवं विदेशों में बेच रही हैं जिससे सकारात्मक परिवर्तन आया है। राज्यपाल ने कहा कि उत्पादों में जो वैल्यू एडिशन किया गया है उससे उत्पादों की कीमतों में बढ़ोत्तरी होगी। उन्होंने विश्वास जताया कि स्वयं सहायता समूहों के माध्यम से प्रदेश की अर्थव्यवस्था सुधरेगी। राज्यपाल ने कहा कि महिला स्वयं सहायता समूहों द्वारा बनाए गए उत्पाद लोकल से ग्लोबल तक जा रहे हैं। कुछ महिलाओं द्वारा अपने उत्पादों को विदेशों में बिक्री और उनकी आमदनी में अच्छी बढ़ोतरी होने पर राज्यपाल ने उनकी सराहना की और कहा कि ऐसे समूह अन्य के लिए प्रेरणास्रोत हैं।

उन्होंने सीडीओ को ऐसी महिलाओं की सफलता की कहानी को अन्य महिलाओं के साथ साझा करने के निर्देश दिए। उन्होंने महिलाओं को पैकेजिंग और ब्रांडिग के लिए ट्रेनिंग आयोजित करने के निर्देश भी दिए। राज्यपाल ने महिलाओं द्वारा बनाए गए उत्पादों वुडन कलाकृतियां, ऐंपण, बेकरी उत्पाद, अचार, जैम, हैंडक्राफ्ट, एलईडी लाइट्स, मसाले, आदि की सराहना की और उनका उत्साहवर्धन किया। इस मौके पर राज्यपाल की धर्मपत्नी गुरमीत कौर, सीडीओ अशोक कुमार पांडे एपीडी चंद्रा फर्त्याल, ग्राम्य विकास विभाग के अधिकारीगण तथा विभिन्न विकासखंडों से आईं स्वयं सहायता समूहों की महिलाएं मौजूद रहीं।

राजभवन में महिला समूह के उत्पादों को देखते राज्यपाल। ● अमृत विचार

सरदार धड़ा और बैलपोखरा में नलकूप निर्माण का शिलान्यास

ब्यूरो, कालाढूंगी

अमृत विचार : अब सरदार धड़ा और बैलपोखरा में ग्रामीणों को पानी की किल्लत नहीं होगी। नलकूप खंड यहां नलकूप लगाने जा रहा है। भूमि पूजन के बाद इसका निर्माण शुरू कर दिया गया है।

विधायक बंशीधर भगत ने मंगलवार को कोटाबाग ब्लॉक के सरदार धड़ा एवं बैलपोखरा में नलकूपों की स्थापना के लिए भूमि पूजन किया। उन्होंने नलकूप डिवीजन के अधिकारियों को समय से निर्माण पूरा करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की घोषणा के अंतर्गत नाबार्ड से सरदार धड़ा बैलपड़ाव एवं बैलपोखरा में राजकीय नलकूप निर्माण की योजना स्वीकृत हुई है। उन्होंने पैरवी कर बजट दिलाया, अब नलकूप निर्माण शुरू हो गया है।

विधायक ने कहा कि सरदार धड़ा में 1.17 करोड़ रुपये से 180 मीटर गहराई का नलकूप खोदा जाना है, जिससे एक क्यूसेक पानी की निकासी हो सकेगी। इसी तरह बैलपोखरा में 1.16 करोड़ की लागत से रघुवीर सिंह के खेत में नलकूप बनेगा। इस दौरान रघुवीर सिंह, अनिल कंबोज, मयंक तिवारी, सुरेंद्र बोरा, भगवान तिवारी, धर्मदत्त सती, राजिंदर कौर, जसवंत सिंह, हरीश कांडपाल, विपिन बिष्ट, पीताम्बर तिवारी, मनोज मिश्रा मौजूद थे।

नलकूप निर्माण का शुभारंभ करते विधायक बंशीधर भगत। ● अमृत विचार

ट्रस्ट के पदाधिकारियों ने रखा अपना पक्ष

हल्द्वानी, अमृत विचार: प्राचीन श्रीराम मंदिर विवाद में प्रशासन ने कार्यवाही शुरू कर दी है। मंदिर के ट्रस्ट के पदाधिकारियों ने अपना पक्ष सिटी मजिस्ट्रेट के सामने रखा और जरूरी दस्तावेज दिखाए।

नगर निगम के पूर्व पार्षद हितेश पांडे ने हाईकोर्ट में जनहित याचिका दायर कर श्रीराम मंदिर परिसर में अनुमति लिए बिना ही निर्माण व मंदिर की आड़ में सार्वजनिक संपत्ति पर अवैध कब्जे की शिकायत की थी। बाद में हाईकोर्ट के निर्देशानुसार उन्होंने प्रशासन से इसकी शिकायत की। मंगलवार को मंदिर के ट्रस्ट के अध्यक्ष प्रेम कुमार और महासचिव अमरनाथ जोशी ने सिटी मजिस्ट्रेट के कार्यालय में पेश होकर अपना पक्ष रखा। सिटी मजिस्ट्रेट ने दोनों पक्षों को सुन लिया है। अब रिपोर्ट आला अधिकारियों को भेजी जाएगी।

यूजर चार्ज वसूलने में मदद करेगी नगर पंचायत

संवाददाता, लालकुआं

अमृत विचार : यूपी जिलाधिकारी की अध्यक्षता में संपन्न संस्था समिति की बैठक में नगर से सटी कॉलोनी राजीवनगर, हाथीखाना और बजरी कंपनी क्षेत्र में नगर पंचायत लालकुआं से सफाई कराने का निर्णय लिया गया। इसके लिए बकायदा नगर पंचायत कॉलोनीवासियों से यूजर चार्ज वसूल करेगी।

नगर पंचायत सभागार में बैठक के दौरान बंगाली कॉलोनी क्षेत्र की स्वच्छता समिति के पदाधिकारी संजीव शर्मा, उमेश तिवारी सहित अन्य लोगों ने बताया कि कॉलोनी में सेंचुरी के सहयोग से समिति लोगों से यूजर चार्ज वसूलकर सफाई कराती है। यद्यपि कई कॉलोनीवासी समिति को यूजर चार्ज नहीं देते हैं, जिसके चलते ठीक प्रकार से सफाई नहीं हो पाती है। नगर पंचायत लालकुआं उक्त कॉलोनी में सफाई व्यवस्था का जिम्मा लेते हुए स्वयं सफाई करवाए। इस पर सेंचुरी पेपर मिल के महाप्रबंधक नरेश चंद्रा ने आश्वासन दिया कि मिल वर्ष 2014 से उक्त कॉलोनी में सफाई का जिम्मा संभाल रही है। यदि नगर पंचायत यह जिम्मेदारी लेती है तो पेपर मिल इसी प्रकार सहयोग नगर पंचायत को भी प्रदान करेगा।

उप जिलाधिकारी ने तहसीलदार मनीषा बिष्ट को निर्देश दिए कि यूजर चार्ज वसूली में जो परिवार आनाकानी करेगा, उसके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

एक बाइक के एक ही समय पर हुए दो चालान

संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार : एक बाइक के एक ही समय पर दो चालान हो गए। चालान का समय और नंबर एक जैसा है। अब बाइक स्वामी आरटीओ कार्यालय के चक्कर काट रहा है। उधर, दो चालान को देखकर परिवहन विभाग के अधिकारी भी चकरा गए हैं। बताया जा रहा है इस तरह का यह पहला मामला है।

उत्तर प्रदेश के पीलीभीत जनपद के पूरनपुर निवासी तस्लीम के नाम पर उत्तर प्रदेश परिवहन विभाग के रजिस्ट्रेशन नंबर की बाइक है। वह बाइक को बेचने के लिए दस्तावेज हस्तांतरित करना चाहते थे तो पता चला कि उनकी बाइक के दो चालान कटे हैं। तस्लीम ने चालानों की जानकारी ली तो पता चला कि 14 मार्च 2020 को वह अपनी बाइक से हल्द्वानी आया था। ठीक उसी दिन सीपीयू और आरटीओ की प्रवर्तन टीम ने उसका चालान काटा। हैरानी की बात यह है कि दोनों ही चालान सुबह 10:55 बजे कालाढूंगी चौराहे पर ऑनलाइन हुए हैं। इतना ही नहीं सीपीयू के चालान में जो संख्या दर्ज है, वही परिवहन विभाग के चालान की रसीद में भी दर्ज है। उसने परिवहन विभाग के चालान का ऑनलाइन भुगतान कर दिया, लेकिन इसके बावजूद वह पेंडिंग दिखा रहा है। आरटीओ कार्यालय जाने पर उसे पता चला कि ठीक उसी समय सीपीयू का चालान कटे होने की वजह से चालान पेंडिंग दिखा रहा है। तस्लीम सीपीयू कार्यालय पहुंचा, लेकिन यहां फिर से उसे परिवहन विभाग से चालान का भुगतान किये जाने के लिए कह दिया गया। इसके बाद व्यक्ति परेशान होकर आरटीओ कार्यालय पहुंचा और उसने पूरी कहानी बताई। उसने एआरटीओ बीके सिंह से चालान का निस्तारण करने का अनुरोध किया और कहा कि उसे बाइक बेचनी है, जिसके लिए बाइक के दस्तावेज ट्रांसफर होने हैं, लेकिन दस्तावेज ट्रांसफर नहीं हो पा रहे हैं।

दिक्कत कई इलाकों में मटमैला पानी आने से हो रही दिक्कत, अंतिम छोर वाले हिस्सों तक नहीं पहुंच पा रहा पानी

पहाड़ों में बारिश से फिल्टर प्लांट में पहुंच रही सिल्ट, लोग परेशान

संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार : पहाड़ों पर हो रही बारिश के चलते गौला बैराज में सिल्ट आ गई है। इससे फिल्टर प्लांट से 80 फीसदी पानी ही फिल्टर हो पा रहा है। इस वजह से कई इलाकों में मटमैला पानी आने की दिक्कत बनी हुई है।

शीशमहल स्थित जल संस्थान के फिल्टर प्लांट से अमूमन 33 एमएमलडी पानी फिल्टर होता है, लेकिन बारिश के दिनों में पहाड़ों से आने वाले पानी में सिल्ट बढ़ने से पानी की फिल्टर क्षमता पर असर पड़ता है। शीशमहल प्लांट से रामपुर रोड, बाजार क्षेत्र, नवाबी रोड, हीरानगर, जगदंबानगर, दमुवाढूंगा, चौफुला चौराहा, बरेली रोड समेत अन्य इलाकों की 55 हजार की आबादी को पानी दिया जाता है। गौला नदी में सिल्ट बढ़ने के चलते अंतिम छोर वाले हिस्सों में पानी नहीं पहुंच पा रहा है। वार्ड 36 जवाहर ज्योति क्षेत्र के कई घरों में सिल्ट युक्त पानी पहुंच रहा है। इधर, जल संस्थान के ईई आरएस लोशाली ने बताया कि बारिश के चलते पानी में सिल्ट आ रही है। समय-समय पर फिल्टर प्लांट में सिल्ट की सफाई कराई जाती है, लेकिन बीते दिनों से हो रही बारिश से सिल्ट में बढ़ोत्तरी हुई है।

शीशमहल स्थित फिल्टर प्लांट में जमा सिल्ट। ● अमृत विचार

फिल्टर प्लांट की सफाई करते कर्मचारी। ● अमृत विचार

गौला बैराज का जलस्तर 74 क्यूसेक पहुंचा

हल्द्वानी : मंगलवार को गौला बैराज का जलस्तर 74 क्यूसेक रिकॉर्ड किया गया। बैराज से 30 क्यूसेक पानी जल संस्थान को दिया गया, जबकि 44 क्यूसेक पानी सिंचाई के नहरों में छोड़ा गया है। गौला बैराज के इंचार्ज मनोज तिवारी ने बताया कि बारिश के चलते गौला नदी के जलस्तर में लगातार वृद्धि हो रही है। आने वाले दिनों में गौला बैराज में पानी की कमी नहीं देखने को मिलेगी।

जिपं की बोर्ड बैठक में 52.21 करोड़ रुपये का बजट पास

जिला पंचायत अध्यक्ष ने कार्य की रुकावट पर जताई नाराजगी, सीएम के समक्ष पेश होंगे सदस्यों के छह प्रस्ताव, लापरवाही पर होगी कार्रवाई

संवाददाता, रुद्रपुर

अमृत विचार: जिला पंचायत बोर्ड की सामान्य बैठक में ध्वनिमत से करोड़ों का अनुमोदित बजट पास हो गया। जहां सदस्यों ने विकास के मुद्दे पर चर्चा की। तो वहीं जिला पंचायत अध्यक्ष ने निविदा प्रक्रिया में हो रही रुकावट पर नाराजगी व्यक्त की। उन्होंने आदेशित किया कि पंचायती इलाके में होने वाले विकास कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही बरती गई, तो संबंधित अधिकारी के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

मंगलवार की सुबह 11 बजे जिला पंचायत सभागार में जिला पंचायत अध्यक्ष रेनू गंगवार की मौजूदगी में बैठक शुरू हुई। जहां सबसे पहले अपर मुख्य अधिकारी पंचायत तेज सिंह ने पिछली बैठक का विवरण बताते हुए नये बोर्ड बैठक में चार बिंदुओं पर अपना एजेंडा सामने रखा। उन्होंने पंचायत सदस्यों के सामने वर्ष 2024-25 के लिए 52.21 करोड़ रुपये का अनुमोदित बजट रखा। इस पर सभी सदस्यों ने ध्वनिमत से अपनी मोहर लगा दी। पेश बजट के अनुसार सदस्य अपने-अपने इलाकों की कार्ययोजनाएं पंचायत को प्रेषित करेंगे और टेंडर के लिए वर्क ऑर्डर जारी कर ने का आश्वासन दिया। जिस पर पंचायत अध्यक्ष रेनू गंगवार ने निविदा पूर्ण होने पर वर्क आर्डर जारी नहीं होने और लापरवाही बरतने पर नाराजगी जताते हुए पंचायत अधिकारियों पर पारदर्शी तरीके से कार्य करने का आदेश दिया। उन्होंने हिदायत दी कि विकास कार्य में अड़ंगा डालने वाले पर कार्रवाई की जाएंगी। बोर्ड बैठक के दूसरे चरण में प्रशासनिक अधिकारियों और पंचायत सदस्यों ने चर्चा की। इस पर अध्यक्ष ने अधिकारियों को आदेशित किया कि सदस्यों द्वारा उठाए गए मुद्दों को अधिकारी प्राथमिकता के आधार पर पूर्ण करें, क्योंकि पंचायती इलाकों में विकास कार्यों की जवाबदेही जनता सदस्यों से लेती है।

पंचायत बोर्ड की बैठक में मौजूद जिला पंचायत अध्यक्ष रेनू गंगवार।

जिला पंचायत बोर्ड की बैठक में मौजूद सदस्य। ● अमृत विचार

मजार नहीं तोड़ने पर सदस्यों ने दी राय

पंचायत बोर्ड की बैठक में मजार तोड़ने का मुद्दा आने पर पंचायत सदस्य विपिन कुमार, हरदेव सिंह, हरजस पाल सिंह हैरी ने नाराजगी जताई। उन्होंने कहा कि जसपुर स्थित मजार तोड़ने का मुद्दा धार्मिक आस्था से जुड़ा है। ऐसे में मजार को नहीं तोडा जाए। इससे धार्मिक आस्था के साथ आपसी सौहार्द खराब हो सकता है। इस पर ज्यादातर पंचायत सदस्यों ने समर्थन करते हुए मजार को नहीं तोड़ने की सर्वसम्मति से सहमति जताई। साथ ही बजट राशि के प्रस्ताव को बढ़ाने का भी आग्रह किया।

जिला पंचायत की आय बढ़ाने पर हुई चर्चा

जिला पंचायत बोर्ड की बैठक में पंचायत सदस्य हरदेव सिंह और हर जसपाल सिंह हैरी ने जिला पंचायत अध्यक्ष और अपर मुख्य पंचायत अधिकारी के समक्ष जिला पंचायत की आय बढ़ाने का प्रस्ताव भी रखा। उन्होंने कहा कि यदि पंचायत दुकानों के टेंडर, लदान-ढुलान शुल्क वसूलने की कार्रवाई करती है। तो पंचायत की आय में वृद्धि होगी। जो कि कई माह से बाधित है। जिस पर पंचायत अध्यक्ष ने मंथन करने के बाद निर्णय देने की बात कही।

ये रखे गए सदन के समक्ष प्रस्ताव

अपर मुख्य अधिकारी तेज सिंह ने बताया कि विधायक निधि, सांसद निधि, 15 वें वित्त अन आइड व टाइड फंड में बढ़ोत्तरी करने का प्रस्ताव सदन के बीच रखा है। साथ ही 15 वें वित्त में नियोजन समिति की तरफ से चार करोड़ 43 लाख 24 हजार 196 रुपये का बजट पारित किया गया। इसके साथ ही अनटाइड फंड जिलाधिकारी के बजट में 50 लाख एक हजार 859 रुपये का बजट पारित किया गया। इसके साथ ही जिला योजना में दो करोड़ 97 लाख 70 हजार 772 रुपये का बजट पास किया गया। अपर मुख्य अधिकारी ने बताया कि इस वर्ष राजकीय अनुदान से जिला पंचायत को 929400123 रुपये की आय, निजी क्षेत्रों से 47725000 रुपये की आय होने की उम्मीद है।

बोर्ड बैठक के बाद वर्क ऑर्डर नहीं देने पर भड़के पंचायत सदस्य

संवाददाता, रुद्रपुर

अमृत विचार : जिला पंचायत बोर्ड बैठक के अंतिम दौर में पंचायत सदस्यों का पारा उस वक्त चढ़ गया जब सदस्यों को पता चला कि पंचायत अधिकारियों की मनमानी के कारण वर्क ऑर्डर जारी नहीं किए जा रहे हैं। इसके खिलाफ सभी सदस्यों ने पंचायत कार्यालय के मुख्य गेट पर धरना प्रदर्शन शुरू कर दिया। काफी देर तक चले प्रदर्शन के बाद पंचायत अध्यक्ष ने सदस्यों को समझाकर उठाया।

मंगलवार सुबह दस बजे से पंचायत सभागार में पंचायत बोर्ड की बैठक प्रारंभ हुई। बैठक में प्रस्ताव पास होने के बाद अचानक सभी पंचायत सदस्य हंगामा काटते हुए बाहर आए और मुख्य गेट पर धरना प्रदर्शन शुरू कर दिया।

आक्रोश

- पंचायत अधिकारियों पर लगाया मनमानी का आरोप
- लोकसभा चुनाव से पहले साढ़े दस करोड़ के हुए थे टेंडर

उनका कहना था कि लोकसभा चुनाव से पहले जिला पंचायत द्वारा साढ़े दस करोड़ रुपये के विकास कार्यों के टेंडर निकाले गए थे। टेंडर प्रक्रिया पूर्ण होने के बाद पंचायत अधिकारियों ने संबंधित ठेकेदार को वर्क ऑर्डर नहीं दिया।

इस कारण ठेकेदारों ने न्यायालय की शरण ली। पूछे जाने पर पंचायत अधिकारियों का कहना था कि निविदा में कमी थी, जबकि अधिकारियों की मनमानी साफ नजर आ रही है। इसकी वजह से विकास कार्य अधर में लटके हुए हैं और जनता जनप्रतिनिधियों से जवाब मांग रही है।

पंचायत गेट के बाहर धरना देते पंचायत सदस्य। ● अमृत विचार

उन्होंने वर्क आर्डर जारी करने की मांग की। इस पर जिला पंचायत अध्यक्ष रेनू गंगवार ने सदस्यों को आश्वासन दिया कि मामले की जांच कर जल्द ही वर्क ऑर्डर जारी किया जाएगा। इसके बाद ही सदस्यों ने धरना प्रदर्शन समाप्त किया। इस मौके पर हरेंद्र सिंह हैरी, अजीत पाल सिंह, सतीश मौर्य, अमर शंकर यादव, सद्दाम हुसैन, भीम सिंह राणा, अफरोज जहां, दुर्गेश कुमार, मोनिका देवी, परम जीत सिंह आदि मौजूद रहे।

कल्याणी नदी के निरीक्षण के दौरान आदेशित करते डीएम उदयराज सिंह।

कल्याणी नदी के किनारे अतिक्रमण हटाया जाए

संवाददाता, रुद्रपुर

अमृत विचार: जिलाधिकारी उदयराज सिंह ने अधीनस्थों के साथ कल्याणी नदी का मौका मुआयना किया और नदी के बहाव को जाना। उन्होंने कहा कि वर्षाकाल प्रारंभ होने के करीब है। ऐसे में बहाव की जद में आने वाले सभी अतिक्रमण को ध्वस्त कर खाली किया जाए। ताकि समय रहते जनहानि को रोका जा सके।

मंगलवार को निरीक्षण के दौरान डीएम सबसे पहले अटरिया मार्ग स्थित कल्याणी नदी पुल पर पहुंचे। जहां उन्होंने वर्षा काल में नदी का बहाव को जाना। उन्होंने कहा कि बारिश के दौरान अक्सर पानी का बहाव तेज होता है। इस कारण इलाके में जलभराव की स्थिति पैदा हो जाती है। उन्होंने आदेशित किया कि नदी में कचरा डालने वाले और नदी के बहाव व फैलाव को अवरुद्ध करने वाले अतिक्रमणकारियों को चिह्नित कर खाली किया जाए। उन्होंने सिंचाई विभाग व नगर निगम को 26 जून को बैठक कर अतिक्रमणकारियों को तीन दिन के अंदर हटाने का आदेश दिया। साथ ही हिदायत दी कि कार्य में शिथिलता नहीं बरतने वाले अधिकारी-कर्मचारी का वेतन रोका जाएगा। इसके बाद डीएम ने जगतपुरा, अटरिया पुल, आवास विकास चौकी व किच्छा बाईपास रोड स्थित पुलिया का भी निरीक्षण किया। उन्होंने आदेशित किया कि कल्याणी नदी की सफाई सिडकुल के माध्यम से कराने और पानी की जांच की जाए। इसके अलावा औद्योगिक इकाइयों का गंदा पानी नदी में छोड़ने वालों को चिह्नित कर नोटिस भेजा जाए। आदेशित किया कि अतिक्रमणकारियों को हटाते हुए प्रधानमंत्री आवास योजना का आवेदन भी कराया जाए। इस मौके पर एसडीएम मनीष बिष्ट, उप नगर आयुक्त शिप्रा जोशी, सहायक नगर आयुक्त राजू नबियाल, अधिशासी अभियंता सिंचाई पीसी पांडे , नरेश गोस्वामी आदि मौजूद रहे।

निर्देश

- जिलाधिकारी ने किया कल्याणी नदी का मौका मुआयना
- वर्षा काल को देखते हुए नदी के बहाव को जाना

उत्तराखंड में लागू हो एक राज्य एक पंचायत चुनाव

काशीपुर : उत्तराखंड में एक राज्य एक पंचायत चुनाव लागू करने की ग्राम प्रधानों ने मांग की। इस दौरान उन्होंने बीडीओ के माध्यम से प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री को एक ज्ञापन भेजा। मंगलवार को बीडीओ को सौंपे ज्ञापन में ग्राम प्रधानों ने कहा कि उत्तराखंड में हरिद्वार को छोड़कर अन्य 12 जिलों में त्रिस्तरीय पंचायत का चुनाव 2024-25 में किया जाना प्रस्तावित है। उन्होंने उत्तराखंड में हरिद्वार की तरह ही अन्य जिलों में भी एक राज्य एक पंचायत की तर्ज पर चुनाव कराने की मांग की है। इस दौरान ग्राम प्रधान बबीता, सुनीता देवी, विमला, चन्द्रकान्ता चौधरी मौजूद रहे।

कार्यालय सहायक अभियन्ता प्रथम नलकूप उपखण्ड टनकपुर

पत्रांक : 54/सहा.अभि.प्र./निविदा/2024/ दिनांक : 24-06-2024

अल्पकालीन निविदा संख्या 07/ सहा०अभि०- प्रथम / 2024 दिनांक / 24-06-2024

उत्तराखण्ड प्रदेश राज्यपाल महोदय की ओर से अधोहस्ताक्षरी द्वारा निम्नलिखित कार्यों हेतु मुहरबन्द निविदायें वर्गीकृत श्रेणी ("डी" अथवा "उच्चतर") के पंजीकृत ठेकेदारों से दिनांक 08.07.2024 अपरान्ह 04.00 बजे तक आमंत्रित की जाती है। यह निविदायें समाचार पत्र में प्रकाशित होने के बाद से दिनांक 08.07.2024 तक सहायक अभियन्ता प्रथम नलकूप उपखण्ड टनकपुर के कार्यालय से किसी भी कार्य दिवस में प्रातः 11.00 बजे से सांय 4.00 बजे तक निर्धारित मूल्य जमा कर प्राप्त की जा सकती हैं, जो दिनांक 09.07.2024 को अपरान्ह 12.30 बजे तक टैण्डर बॉक्स में डाली जा सकती है। जो अधोहस्ताक्षरी अथवा उनके अधिकृत प्रतिनिधि द्वारा निविदादाताओं अथवा उनके प्रतिनिधि के समक्ष दिनांक 09.07.2024 को अपरान्ह 01.30 बजे खोली जायेंगी। यह निविदायें सील्ड कवर में भेजी जायेंगी। विलम्ब से प्राप्त निविदायें स्वतः निरस्त मानी जायेंगी। निविदा के लिफाफे के ऊपर स्पष्ट शब्दों में निविदा दिनांक अंकित होना आवश्यक है। धरोहर धनराशि डाकघर की राष्ट्रीय बचत पत्र टी०डी०एस० अथवा राष्ट्रीयकृत बैंक की फिक्स डिपोजिट के रूप में जो कि अधिशासी अभियन्ता, नलकूप खण्ड, टनकपुर (चम्पावत) के नाम से बन्धक बनाकर लानी होगी। दोनों लिफाफे पर स्पष्ट विवरण अंकित करना होगा। बिना धरोहर धनराशि जमा किये एवं सशर्त निविदायें मान्य नहीं होंगी। अधोहस्ताक्षरी के पास कोई भी निविदा अथवा समस्त निविदायें बिना कारण बताए निरस्त करने का अधिकार सुरक्षित होगा। निविदा प्रपत्र के साथ रू0 100.00 का नॉन ज्यूडिशियल स्टाम्प पेपर पर एक रूपये का रैवन्यू टिकट लगाकर दरों की वैधता अंकित कर संलग्न करना आवश्यक होगा। यदि निविदा खोलने के दिनांक को कोई राजकीय अवकाश होता है, तो निविदा अगले कार्य दिवस को खोली जायेगी।

क्र. सं.	कार्य का नाम	निविदा की वैधता	धरोहर राशि (रू. में)	निविदा प्रपत्र का मूल्य जी.एस.टी. अतिरिक्त (रू. में)	कार्य पूर्ण करने की अवधि
1	2	3	4	5	6
1	जिला योजना के अन्तर्गत ग्राम फुर्कियाझाला की फुर्कियाझाला लि० सिं०यो० में 100 एम०एम०, एम०एस० पाईप उपलब्ध कराने और पाईप लाईन बिछाने का कार्य।	60 दिवस	26000/-	1000+GST 18%	05 माह
2	जिला खनन न्यास निधि योजना के अन्तर्गत नलकूप सं० 127 टी०जी० ग्राम ब्रहमदेव में पत्थर की गूल के पुनर्निर्माण का कार्य।	60 दिवस	23000/-	1000+GST 18%	03 माह
3	जिला खनन न्यास निधि योजना के अन्तर्गत नलकूप सं० 06 एमसी०जी० ग्राम गैण्डाखाली में 160 एम०एम०, पी०वी०सी० पाईप लाईन बिछाने का कार्य।	60 दिवस	8000/-	500+GST 18%	03 माह
4	जिला योजना के अन्तर्गत नलकूप सं० 123 टी०जी० ग्राम थ्वालखेडा में ब्रिक गूल के पुनर्निर्माण का कार्य।	60 दिवस	7000/-	500+GST 18%	02 माह
5	जिला योजना के अन्तर्गत नलकूप सं० 165 टी०जी० ग्राम देशीफार्म में 200 एम०एम०, पी०वी०सी० पाईप लाईन बिछाने का कार्य।	60 दिवस	10000/-	500+GST 18%	03 माह

नोट - अन्य शर्तें कार्यालय सहायक अभियन्ता प्रथम, नलकूप उपखण्ड टनकपुर में देखी जा सकती हैं।

सहायक अभियन्ता, प्रथम
जलकूप उपखण्ड टनकपुर

भुगतान न होने पर दूध गिराकर किया प्रदर्शन

संवाददाता, काशीपुर

अमृत विचार: बीते दो माह से दूध का भुगतान नहीं होने पर दुग्ध उत्पादकों ने दुग्ध सहकारी समिति के खिलाफ धरना प्रदर्शन किया। इस दौरान उन्होंने सहकारी समिति के प्रांगण में दूध गिराकर विरोध प्रकट किया। साथ ही समिति के खिलाफ नारेबाजी की।

मंगलवार को प्रदर्शन के दौरान दुग्ध उत्पादकों ने कहा कि कुंडेश्वरी के दूध उत्पादकों का 2023 से दूध का मूल्य नहीं बढ़ाया गया है। जबकि पास में जसपुर में दूध का मूल्य बढ़ाने के साथ-साथ प्रोत्साहन राशि मिल रही है। दो माह से दूध का पैसा नहीं मिला है, ऐसे में गरीब दुग्ध उत्पादक अपने बच्चों का पालन पोषण की चिंता सताने लगी है।

दूध गिरा कर विरोध करते दुग्ध उत्पादक। ● अमृत विचार

दुग्ध संघ अध्यक्ष चौधरी सुधीर कुमार ने बताया कि कुंडेश्वरी दुग्ध उत्पादक सहकारी समिति में 250 लीटर दूध की रोजाना खरीद होती थी। लेकिन अब मात्र 55 से 60 लीटर दूध ही लिया जा रहा है। वहीं समिति द्वारा बाजार से कम रेटों पर दूध खरीदा जा रहा है। इससे दुग्ध उत्पादकों को आर्थिक नुकसान हो रहा है। इसको लेकर उन्होंने संबंधित अधिकारियों को पत्र भेजे गए हैं, लेकिन कोई भी अधिकारी सुध लेने का तैयार नहीं है। इस दौरान सुधीर कुमार, पारस कुमार, अमित, ध्यान सिंह, विनोद, रामकुमार, चौधरी गजेंद्र, रामअवतार, सुंदर लाल आदि मौजूद रहे।

कार्यक्रम में मंचासीन अधिकारी और उद्यमी। ● अमृत विचार

आईआईटी के साथ नवाचार को बढ़ावा देगा पंत विवि

संवाददाता, पंतनगर

अमृत विचार: विवि के कुलपति डॉ. मनमोहन सिंह चौहान के नेतृत्व में शोध निदेशालय और स्टार्टअप इन्कूवेशन एंड इनोवेशन सेंटर आईआईटी कानपुर की ओर से कृषि व्यवसाय प्रबंधन महाविद्यालय के सभागार में 'एग्रीटेक इनोवेशन एंड स्टार्टअप मीट' का आयोजन हुआ।

निदेशक शोध डॉ. एएस नैन ने कार्यक्रम की रूपरेखा के बारे में बताते हुए विवि के जीरो टील, खैरा नियंत्रण के लिए की गई खोजों और विवि से विकसित 354 प्रजातियों व अन्य तकनीकों पर प्रकाश डाला। विभागाध्यक्ष कम्प्यूटर साइंस डॉ. एसडी सामंतरे और प्राध्यापक डॉ. रवि मोहन ने स्टार्टअप और व्यवसाय के बारे में बताया। प्राध्यापक एवं विभागाध्यक्ष बीएसबीई एवं सह-प्राध्यापक-प्रभारी स्टार्टअप इन्कूवेशन एंड इनोवेशन सेंटर आईआईटी कानपुर प्रो. अभिताभ बंदोपाध्याय ने बताया कि यह पहला कार्यक्रम होगा जो विवि और आईआईटी कानपुर के साथ मिलकर नवाचार को बढ़ावा देगा। डीन सीएबीएम डॉ. आरएस जादौन ने स्टार्टअप से संबंधित मूलभूत बिंदुओं पर प्रकाश डाला। बायोटेक्नोलॉजी इंडस्ट्री रिसर्च असिस्टेंट कॉउंसिल नई दिल्ली की उपमहाप्रबंधक डॉ. अमिता जोशी ने 'कृषि प्रौद्योगिकी एवं स्टार्टअप को बढ़ावा देने में बाईरैक की भूमिका' पर और मार्केटिंग एंड कम्यूनिकेशन सीसीएस एनआईएएम की प्रबंधक सास्वती मुखर्जी ने विचार प्रस्तुत किए। खटीमा से स्वयं सहायता समूह की महिलाओं ने प्रदर्शनी लगाई।

बाइक चोरी

बाजपुर : ग्राम मिलक नौखरीद स्वार रामपुर उप्र निवासी सुरेंद्र कुमार मंगलवार को बाजपुर में एक नर्सिंग होम से दवाई लेने के लिए आया था। उसने बाइक हास्पिटल के सामने खड़ी कर दी। दोपहर बाद करीब एक बजे बाहर आया तो बाइक वहां पर नहीं थी। पुलिस ने चोरों की धरपकड़ को सीसीटीवी कैमरों की मदद ले रही है।

चाकू संग आरोपी गिरफ्तार

शक्तिफार्म : पुलिस ने चाकू के साथ ग्राम पिपलिया शक्तिफार्म निवासी गुरमेल सिंह को गिरफ्तार कर उसके खिलाफ आर्म्स एक्ट में मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस ने उसे वनशक्ति मंदिर के सामने किच्छा रोड से गिरफ्तार किया है।

अमृत विचार क्लासीफाइड
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें
05946-292618, 8954474523

सूचना

सूचित है नगर निगम रूद्रपुर में मेरे पुत्र का जन्म प्रमाण पत्र पंजीकरण संख्या B-2018 : 5-90061-002616, दिनांक 17-07-2018 को जारी किया गया था। जिसमें भूलवश जन्मतिथि 09-11-2008 एवं नाम विनय (VINAY) अंकित हो गया है, जो कि गलत है। मेरे पुत्र की वास्तविक जन्मतिथि 09-03-2010 एवं वास्तविक नाम विनय कुमार (VINAY KUMAR) है। निवेदन है कि मेरे पुत्र का उक्त जन्म प्रमाण पत्र निरस्त समझा जाये, इसका कहीं दुरुपयोग नहीं किया गया है। अतः आपसे निवेदन है कि नया जन्म-प्रमाण पत्र बनाने की कृपा करें। - **संगीता पत्नी श्री जय प्रकाश खेड़ा, रूद्रपुर, ऊ.सि. नगर।**

सूचना

मैं कि अजय कुमार पुत्र श्री मदन लाल कक्कड़, निवासी खुशी इन्क्लेव फेस-2, जगतपुर, रूद्रपुर, तहसील रुद्रपुर, जिला ऊधम सिंह नगर, उत्तराखण्ड का हूँ। मेरे नाम एक भूखण्ड नं.-77 पैमाईश 30x40 फुट अर्थात् 111.52 वर्गमीटर, खसरा नं.-45/1 वाक्या जगतपुर, परगनाव तहसील रूद्रपुर, जिला उधमसिंह नगर, उत्तराखण्ड में है, जो मेरे नाम राजस्व अभिलेखों में दर्ज है। मैं प्रार्थी उक्त पर मालिक काबिज चला आ रहा हूँ। उक्त भूखण्ड मुझ प्रार्थी ने श्री राजकुमार से जरिये रजिस्ट्री बैनामा क्रय किया है जिसका रजिस्ट्री बैनामा दिनांक 27.02.2013 को कार्यालय उप-निबन्धक किच्छा के बही नं0-1 जिल्द नं.-1366 के पृष्ठ 103 से 114 में नम्बर 2,314 में पंजीकृत है। उक्त भूखण्ड को श्री राजकुमार पुत्र श्री महंगाराम, निवासी कुन्ज विहार, गदरपुर, तहसील गदरपुर, जिला उधमसिंह नगर ने श्री जयचन्द जैन पुत्र श्री रामचन्द जैन, निवासी रूद्रपुर जिला उधमसिंह नगर से क्रय किया था जिसका रजिस्ट्री बैनामा दिनांक 20.05.2011 को कार्यालय उप-निबन्धक किच्छा के बही नं.-1 जिल्द नं.-586 के पृष्ठ 225 से 240 में नम्बर 4,024 में पंजीकृत है। प्रार्थी की डीड नं.-4024 की मूल रजिस्ट्री व डीड नं.-2314 की रजिस्ट्री का पृष्ठ सं.-113-114 की मूल प्रति कहीं गिरकर वास्तव में खो गये है। जिसकी सूचना प्रार्थी द्वारा दिनांक 24.06.2024 को पुलिस चौकी आदर्श कालोनी रूद्रपुर में दर्ज करा दी गई है। प्रार्थी द्वारा उत्तराखण्ड ग्रामीण बैंक शाखा रुद्रपुर कोड 508 से उक्त सम्पत्ति के विरूद्ध ऋण लिया जाना प्रस्तावित है। अतः किसी व्यक्ति विशेष के द्वारा उक्त रजिस्ट्री के उपयोग को पूर्णतः गलत व अवैध माना जाएगा। इसका उपयोग अवैध होगा।

एक सप्ताह से एक साइड से ही आवागमन कर रहे थे वाहन, वाहनों के चालकों को भारी अव्यवस्था का करना पड़ रहा था सामना, रोड पर मलबे का ढेर लगाकर बेरिकेड किया गया है

हाईवे प्रशासन की लापरवाही से हुआ भीषण डंपर हादसा

सुशील चौहान, जसपुर

अमृत विचार: नेशनल हाईवे प्रशासन की लापरवाही से फोरलेन हाईवे पर जसपुर के पास भीषण सड़क दुर्घटना हुई है। इससे इनकार नहीं किया जा सकता।

जसपुर के गांव गोविंदपुर के पास फोरलेन नेशनल हाईवे की एक साइड कुछ दिन पहले क्षतिग्रस्त हो गई थी। हाईवे प्रशासन द्वारा पिछले करीब एक सप्ताह पूर्व क्षतिग्रस्त साइड को ठीक करने (नया माल डालने) के लिए उसका मलबा उखाड़ कर वहीं पर मलबे का ढेर लगा दिया गया था। क्षतिग्रस्त साइड के दूसरे छोर को बैरिकेड कर हाईवे की एक साइड को बिल्कुल बंद कर दिया गया था। इसके चलते करीब एक सप्ताह से दोनों साइडों पर चलने वाले वाहन एक ही साइड से गुजर रहे थे। लोगों ने बताया कि एक सप्ताह से उक्त स्थान से गुजर रहे वाहनों के चालकों को भारी अव्यवस्था व असुविधा का सामना करना पड़ रहा था और हर समय दुर्घटना होने की आशंका बनी हुई थी और वैसा ही हुआ। लोगों का कहना है कि यदि हाईवे प्रशासन क्षतिग्रस्त साइड की मरम्मत कराने में लापरवाही न बरतता और समय रहते हाईवे की क्षतिग्रस्त साइड ठीक कर दी गई होती तो इस स्थान पर यह भीषण सड़क दुर्घटना नहीं होती और डंपर चालक की जान नहीं जाती।

डंपरों में लगी आग को बुझाते दमकल कर्मी। ● अमृत विचार

इस भीषण सड़क दुर्घटना का पता चलते ही राहगीरों व पास के गांव गोविंदपुर, गढ़ी हुसैन, हल्दुआ गोरा फॉर्म व शिवराजपुर पट्टी आदि गांवों के लोगों की घटनास्थल पर भारी भीड़ जमा हो गई।

सऊदी अरब से दो माह पहले ही लौटा था रवि

काशीपुर : मृतक रवि सऊदी अरब में चालक के पद पर नौकरी करता था और दो माह पूर्व ही अपने घर अफजलगढ़ लौटा था। इसके बाद उसने यहां आकर भी चालक का काम शुरू कर दिया था। मंगलवार को वह अपने घर अफजलगढ़ से सुबह अजीतपुर के लिए जा रहा था और रास्ते में घटना घटित हो गई। मृतक रवि के दो बच्चे हैं। मृतक के परिवार में कोहराम मचा

13 दिन पहले ही फाइनेंस कराकर खरीदा था डंपर

जसपुर : डंपर स्वामी मनकीरत सिंह संधू ने बताया कि उन्होंने 13 दिन पहले ही बैंक से फाइनेंस कराकर 68 लाख रुपये में नया डंपर खरीदा था। जिसे उन्होंने व्यावसायिक दृष्टि से किराए पर रेत ढोने के काम में लगा रखा था।

हाईवे पर उठ रहीं थीं ऊंची-ऊंची लपटें

जसपुर : हादसे के बाद दोनों दुर्घटनाग्रस्त डंपर हाईवे पर धू-धू कर जल रहे थे। उनसे ऊंची-ऊंची लपटें उठ रही थीं। उन्हें देखकर मौके पर जमा लोगों में दहशत हो गई।

फायर ब्रिगेड ने बमुश्किल काबू पाया

जसपुर : दुर्घटनाग्रस्त डंपरों में लगी भीषण आग पर फायर ब्रिगेड ने बमुश्किल काबू पाया। सूचना मिलने पर जसपुर फायर ब्रिगेड प्रभारी अग्निशमन अधिकारी श्याम बहादुर थापा के निर्देशन में तत्काल मौके पर पहुंची। आग की विकरालता को देखते हुए फायर स्टेशन काशीपुर से एक फायर यूनिट को घटनास्थल पर बुलाया गया। जब दोनों फायर यूनिटों का पानी समाप्त हो गया तो देव ऋषि पेपर मिल के हाइड्रेंट से पानी भर कर लाया गया। फायर ब्रिगेड ने जिंदा जले मृतक चालक को डंपर से बाहर निकाला और पुलिस को सौंपा। घटनास्थल पर आग बुझाने में फायर यूनिट अग्निशमन अधिकारी श्याम बहादुर थापा, एलएफएम रमेश चंद्र, चालक अमरीश कुमार, गोपाल प्रसाद, संदीप कुमार, एफएम देवेंद्र सिंह, सोहन सिंह, दलबीर सिंह, सुरेश लाल आदि शामिल रहे।

जसपुर के पास फोरलेन हाईवे की क्षतिग्रस्त साइड पर लगा मलबे का ढेर।

बेरिकेड कर बंद की गई हाईवे की क्षतिग्रस्त साइड। ● अमृत विचार

एक नजर

सड़क हादसे में घायल छात्र की 4 माह बाद मौत

अभिषेक पांडेय।

बाजपुर : करीब चार माह पहले सड़क हादसे में घायल हुए कक्षा-12वीं के छात्र ने ऋषिकेश एम्स में उपचार के दौरान दम तोड़ दिया है। घटना की सूचना से मृतक के परिजनों में कोहराम मच गया। गमगीन माहौल में उसका अंतिम संस्कार किया गया। नगरपालिका के वार्ड नंबर-9 मझरा बक्श निवासी अभिषेक पांडेय पुत्र अनिल पांडेय 25 मार्च को पिपलिया-गांव बाजपुर मुख्यमार्ग के तीव्र मोड़ पर हुए सड़क हादसे में गंभीर रूप से घायल हो गया था। उसे पहले सरकारी व बाद में निजी हॉस्पिटल में ले जाया गया। वर्तमान में एम्स ऋषिकेश में उसका उपचार चल रहा था, जहां उपचार के दौरान अभिषेक ने दम तोड़ दिया। इससे परिजनों में कोहराम मच गया। मृतक बीसीएसएफ इंटर कॉलेज में कक्षा-12 का छात्र था। पिता चीनी मिल में कर्मचारी हैं।

6.16 ग्राम स्मैक के साथ आरोपी दबोचा

किच्छा : कोतवाली पुलिस स्मैक के साथ एक आरोपी को दबोच लिया। प्रभारी निरीक्षक सुंदरम शर्मा के नेतृत्व में गठित पुलिस टीम ने दरऊ रोड पर ग्राम कुरैया तिराहे के पास स्कूटी सवार ग्राम हजरतपुर, थाना बिलासपुर, जिला रामपुर, यूपी निवासी आरोपी हरप्रीत सिंह को रोक लिया। पुलिस ने पकड़े गए आरोपी हरप्रीत सिंह के कब्जे से 6.16 ग्राम स्मैक बरामद कर ली। पुलिस ने आरोपी को हिरासत में लेकर स्मैक तस्करी में प्रयुक्त स्कूटी एक्टिवा को सीज कर दिया।

25 हजार का इनामी व करोड़ों की ठगी का सरगना गिरफ्तार

प्रदेश में दो करोड़ से अधिक की कर चुका है ठगी, एसटीएफ ने आरोपी को दबोचा, दो साल से एसटीएफ जाल में फंसाने की कोशिश कर रही थी

खुलासा

संवाददाता, रुद्रपुर

अमृत विचार : उत्तराखंड में मल्टी क्रेडिट सोसायटी में निवेश कर मुनाफा कमाने का झांसा देकर करोड़ों की ठगी करने के सरगना को एसटीएफ की टीम ने गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी पिछले दो साल से फरार चल रहा था और 25 हजार का इनामी वांछित था। इसको लेकर एसटीएफ लंबे समय से जाल में फंसाने की कोशिश कर रही थी।

एसटीएफ सीओ आरबी चमोला और प्रभारी एमपी सिंह ने बताया कि वार्ड-चार केशवपुरम थाना आईटीआई काशीपुर निवासी आशुतोष चतुर्वेदी पर करोड़ों की ठगी करने का मामला दर्ज था। उसकी तफ्तीश कुमाऊं एसटीएफ के हवाले की गई। बताया कि आशुतोष ने अपने नेटवर्क के साथ मिलकर जेकेवी मल्टी स्टेट क्रेडिट कोऑपरेटिव नाम की सोसाइटी बनाई और हल्द्वानी व खटीमा में उसका ब्रांच ऑफिस खोला। जहां नेटवर्क के सदस्य लोगों को सोसाइटी में अपना निवेश कर मुनाफा कमाने का प्रलोभन देते थे और जाल में फंसाकर पैसा जमा करवाते थे।

वर्ष 2022 में अचानक ठगी का सरगना आशुतोष कार्यालय बंद फरार हो गया था। इसके चलते आरोपी पर हल्द्वानी के शिकायतकर्ता की तहरीर पर वर्ष 2022 में मुकदमा पंजीकृत किया गया। ठग आशुतोष पिछले दो साल से फरार चल रहा था और पुलिस ने 25 हजार का इनामी फरार बदमाश भी घोषित कर दिया था।

बताया कि 24 जून यानी सोमवार की शाम को खबर मिली कि करोड़ों ठगी का आरोपी आशुतोष को रुद्रपुर बस अड्डे के समीप देखा गया है। इस पर एसटीएफ की टीम ने घेराबंदी कर आरोपी को दबोच लिया और पूछताछ में पता चला कि केवल खटीमा और हल्द्वानी ब्रांच से ही दो करोड़ से अधिक ठगी की गई। इसमें हल्द्वानी व खटीमा के अनगिनत लोगों ने अपना पैसा जमा किया था। एसटीएफ ने सरगना को न्यायालय के समक्ष पेश कर दिया है।

ठगी के फरार आरोपी के साथ एसटीएफ की टीम। ● अमृत विचार

खटीमा में 1.25 करोड़ व हल्द्वानी में 90 लाख

पूछताछ में आरोपी ने बताया कि हल्द्वानी और खटीमा की ब्रांच कुमाऊं जोन का कार्य देखती थी। इसमें सबसे ज्यादा फोकस हल्द्वानी व खटीमा पर दिया गया। यहीं कारण है कि मुनाफा कमाने के चक्कर में खटीमा के तमाम लोगों द्वारा जमा धनराशि का आकलन 1.25 करोड़ और हल्द्वानी में जमा धनराशि का आकलन 90 लाख से अधिक का है। एसटीएफ का दावा है कि प्रारंभिक पड़ताल में दो करोड़ से अधिक की ठगी प्रकाश में आई है, तफ्तीश में यह ठगी का आकलन कई गुना हो सकता है।

दो साल तक बदलता रहा अपना ठिकाना

वर्ष 2022 में ठगी का मुकदमा दर्ज होने के बाद आरोपी आशुतोष चतुर्वेदी यूपी के कई जिलों में रहकर अपना ठिकाना बदलता रहा और वहां की ब्रांच कार्यालय का कार्य गोपनीय तरीके से देखता रहा। बताया जा रहा है कि फरारी के दौरान आशुतोष ने अपना हुलिया व नाम भी बदल लिया और लखनऊ, बनारस, गाजीपुर के अलावा यूपी के कई जिलों में रहकर ठिकाना बदलता रहा, लेकिन उसने ठगी की आदत नहीं छोड़ी। वह ठिकाने बदलने के दौरान यूपी मे खुली ब्रांचों की ठगी का धंधा चलता रहा और सोमवार की रात्रि भी किसी व्यक्ति से मिलने आया था।

एमएससी मैथ्स पास आशुतोष बना ठग

मनोज आर्या, रुद्रपुर

अमृत विचार: हर अभिभावक का सपना होता है कि उसका बेटा पढ़ लिखकर बड़ा अफसर बने, लेकिन सेवानिवृत्त सरकारी कर्मचारी पिता को कहां पता था कि उसका एमएससी मैथ्स पास बेटा अफसर नहीं, बल्कि महाठग ज्ञानेश का चेला बनेगा और लोगों की मेहनत की कमाई को उड़ा कर ले जाएगा।

यही हकीकत है अंतर्राज्यीय ठग से अपनी पहचान बनाने वाले आशुतोष चतुर्वेदी की। करोड़ों की ठगी का मुख्य आरोपी आशुतोष एमएससी मैथ्स उत्तीर्ण है और उसने इस उच्च शिक्षा को नौकरी पाने के लिए नहीं, बल्कि महाठग ज्ञानेश पाठक का चेला बनकर पूरा किया। इलाहाबाद के रहने वाले ज्ञानेश पर देश भर के कई थानों में 39 से अधिक करोड़ों की ठगी के मुकदमे पंजीकृत हैं। उसने वर्ष 2021 में हर प्रदेश में पढे. लिखे और जल्द पैसा कमाने की सोच रखने वाले युवाओं से संपर्क किया। इसमें आशुतोष भी शामिल था। ज्ञानेश ने आशुतोष को जेकेवी मल्टी स्टेट क्रेडिट कोऑपरेटिव सोसायटी का प्रदेश डायरेक्टर नियुक्त किया और खटीमा-हल्द्वानी में ब्रांच कार्यालय खोलकर दिया। बताया जा रहा है कि ब्रांच कार्यालय का अनुशासन व सिस्टम देखकर कोई भी यह संदेह नहीं करता था कि जिस कार्यालय में वह अपना निवेश जमा कर रहे हैं, वह ठगी का ब्रांच कार्यालय है। बताया जा रहा है कि वर्ष 2022 में फरार होने से पहले आशुतोष कार्यालय आता था और कर्मचारियों के साथ मीटिंग भी करता था। जहां वह कर्मचारियों को मैथ्स की विशेषता को समझाता और लोगों को मुनाफा दिलाने की योजनाएं भी समझाता था। जब दो करोड़ से अधिक की ठगी का पता चला, तो हर कोई हैरान रह गया कि एमएससी मैथ्स पास एक अंतरराज्यीय ठग भी हो सकता है, जबकि ज्ञानेश का चेला गिरफ्तार हो चुका है और ज्ञानेश अभी तक पुलिस के हत्थे नहीं चढ़ा।

पांच राज्यों में खुल चुकी थी ठगी की ब्रांच

गिरफ्तारी के बाद ठगी के आरोपी आशुतोष ने बताया कि ज्ञानेश के इशारे पर देश के पांच राज्यों में ठगी की ब्रांच खोली गई थी। बताया कि उत्तराखंड के हल्द्वानी व खटीमा के अलावा उत्तर प्रदेश के लखनऊ, बनारस, मध्य प्रदेश, राजस्थान और बिहार में भी कई जगहों पर जेकेवी मल्टी स्टेट क्रेडिट सोसायटी के कार्यालय खोले गए। जहां बाकायदा प्रबंधक, अकाउंट विभाग के अलावा लेखा-जोखा विभाग में कर्मचारी तैनात थे। वहीं फील्ड वर्क के लिए सैलरी युक्त कर्मचारी भी घूमते थे। ऑफिस की ब्रांचों को इस प्रकार से खोला जाता था कि किसी को संदेह न हो।

मीडिल क्लास के लोग होते थे ज्यादातर शिकार

एसटीएफ प्रभारी एमपी सिंह ने बताया कि जेकेवी मल्टी स्टेट क्रेडिट कोऑपरेटिव सोसायटी का फर्जी डायरेक्टर व आरोपी आशुतोष से हुई पूछताछ में पता चला कि सहकारी सोसायटी, निचले श्रेणी के अधिकारी, निम्न परिवार और बेरोजगार युवा ही उनका टारगेट होते थे। जिनको जमा धनराशि पर अधिक ब्याज या फिर कई प्रकार की स्कीम के माध्यम से रिझाया जाता था। जब वह फंस जाते थे, तो सोसायटी में खाता खुलवाकर उसमें रकम जमा कराई जाती थी। शुरुआती दौर में कई लोगों को ज्यादा ब्याज भी दिया गया और जब ठगी का खेल बढ़ने लगा तो जमा धनराशि को दूसरे खाते में डाल दी जाती थी और करोड़ों रुपये होने के बाद सभी कार्यालयों को बंद कर दिया जाता था।

आशुतोष पर दर्ज है तीन मुकदमे

एसटीएफ ने बताया कि ठग आशुतोष पर वर्ष 2022 में हल्द्वानी थाने में 420, 406, 120 व 3 यूपीआई डी, थाना गंग नहर हरिद्वार में वर्ष 2020 में और थाना सदर बाजार सहारनपुर यूपी में भी इन्ही धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज है। वर्ष 2020 में हरिद्वार में दर्ज मुकदमे के बाद आशुतोष इतनी चर्चाओं में नहीं आया। जितनी चर्चा उसकी हल्द्वानी थाने में दर्ज मुकदमे के बाद हुई। लगातार करोड़ों की ठगी को अंजाम देने के कारण आरोपी की गिरफ्तारी का जिम्मा एसटीएफ को सौंपा गया।

अलग-अलग घटनाओं में दो बुजुर्गों की गई जान

संवाददाता, रुद्रपुर

अमृत विचार : गदरपुर हाईवे पर जहां एक बुजुर्ग का मृत अवस्था में पड़ा मिला। वहीं बाइक की टक्कर से एक बुजुर्ग की मौत हो गई। पुलिस ने घटना की जानकारी लेने के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

सोमवार की देर रात्रि पुलिस को खबर मिली कि गदरपुर हाईवे स्थित तेल मिल के समीप एक बुजुर्ग का शव पड़ा हुआ है। सूचना के आधार पर दरोगा दीपक कौशिक मौके पर पहुंचे। बुजुर्ग की मौत हो चुकी थी और शरीर पर किसी भी प्रकार के चोट के निशान नहीं थे। ऐसे में आशंका जताई जा रही है कि बुजुर्ग की मौत गर्मी के कारण हुई होगी। मृतक की शिनाख्त ग्राम बहरामपुर राहुपुर बिहार निवासी 55 वर्षीय गोपाल राम के रूप में हुई। बताया जा रहा है कि बुजुर्ग गांव डिबडिबा यूपी में अपने रिश्तेदार के यहां रहता था और पिछले दस दिनों से घर से लापता था।

पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। उधर, ग्राम बसंतीपुर निवासी 65 वर्षीय अमर मंडल सोमवार की रात्रि आठ बजे घर के सामने खड़ा हुआ था कि अचानक तेज गति से आ रही बाइक ने बुजुर्ग को टक्कर मार दी। इससे बुजुर्ग गंभीर रूप से घायल हो गया, जबकि बाइक सवार मौके से फरार हो गया। बुजुर्ग को जिला अस्पताल ले जाया गया। जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने घटना की जानकारी लेने के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

दुखद

- हाईवे पर मृत अवस्था में मिला बुजुर्ग, शव पोस्टमार्टम को भेजा
- दूसरी घटना में बाइक ने मारी थी टक्कर

सिडकुल कंपनी में तैनात सिक्योरिटी गार्ड की मौत

रुद्रपुर, अमृत विचार : थाना ट्रांजिट कैंप के रहने वाले सिडकुल कंपनी के सिक्योरिटी गार्ड की अचानक तबीयत बिगड़ गई। गार्ड को सरकारी अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना मिलने पर पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मूल रूप से पीलीभीत व हाल पता सिडकुल ढाल ट्रांजिट कैंप निवासी 31 वर्षीय आकाश गंगवार सिडकुल की एक कंपनी में सिक्योरिटी गार्ड की नौकरी करता था। रोजमर्रा की भांति वह सोमवार की रात्रि ड्यूटी पर गया था कि अचानक उसकी तबीयत बिगड़ने लगी। जिसे देखकर सहकर्मी गार्ड को आनन-फानन में जिला अस्पताल ले गए। जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना मिलने पर सिडकुल चौकी प्रभारी प्रदीप कुमार ने घटना की जानकारी ली और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। युवक की मौत की खबर मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया।

गुंडा एक्ट के नोटिस आने पर भड़के श्रमिक

संवाददाता, रुद्रपुर

अमृत विचार : पुलिस की रिपोर्ट के आधार पर पांच श्रमिक नेताओं को गुंडा एक्ट का नोटिस भेजने का प्रकरण गर्माता ही जा रहा है। इसको लेकर श्रमिक संयुक्त मोर्चा ने डीएम कार्यालय पर धरना प्रदर्शन कर अपना आक्रोश जताया। वहीं डीएम को संबोधित ज्ञापन एडीएम को सौपा। उन्होंने आगाह किया कि यदि जल्द ही नोटिस रद्द नहीं किया, तो महापंचायत के बाद उग्र आंदोलन किया जाएगा।

मंगलवार को बड़ी संख्या में श्रमिक संयुक्त मोर्चा से जुड़े कई श्रमिक संगठनों के प्रतिनिधि डीएम कार्यालय पर इकट्ठा हुए और पुलिस प्रशासन व कंपनी प्रबंधन के खिलाफ नारेबाजी की। उनका कहना था कि सिडकुल कंपनी प्रबंधन की मनमानी के खिलाफ जब श्रमिकों ने लोकतांत्रिक तरीके से अन्याय के खिलाफ आवाज उठाई तो शिकायती पत्र को दरकिनार कर दिया गया। आरोप था कि जिले के एसएसपी भी उद्योगपतियों को संरक्षण दे रहे हैं। यही कारण है कि मनगढ़ंत कहानी बनाकर थाना पंतनगर पुलिस ने गुंडा एक्ट की फाइल जिलाधिकारी को प्रेषित की और डीएम द्वारा गुंडा एक्ट के तहत बयान दर्ज करवाने की पेशी शुरू कर दी। उनका कहना था कि औद्योगिक संस्थान में श्रमिकों का उत्पीड़न बढ़ता जा रहा है। इसका कारण यह है कि कंपनी संचालकों पर पुलिस और प्रशासन का हाथ है। इसके खिलाफ आवाज उठाई जाएगी। उन्होंने एडीएम पंकज उपाध्याय को ज्ञापन सौंपते हुए कहा कि यदि जल्द ही गुंडा एक्ट का नोटिस रद्द कर पांच श्रमिक नेताओं को क्लीन चिट नहीं दी, तो सात जुलाई को महापंचायत के बाद उग्र आंदोलन किया जाएगा। इस मौके पर मुकुल, हरेंद्र सिंह, बसंत गोस्वामी, पान मोहम्मद, प्रकाश सिंह मेहरा, सौरभ कुमार, जगमोहन सिंह, सुरेंद्र सिंह, ललित मटियाली, संदीप हुड्डा, शिवदेव सिंह, ललित कुमार, जगदीश नाथ गोस्वामी, फिरोज खान, राजेश कुमार शर्मा, सुरेश चंद्र मौजूद रहे।

डीएम कार्यालय पर धरना देते श्रमिक संयुक्त मोर्चा के सदस्य। ● अमृत विचार

तीन शराब तस्कर गिरफ्तार

संवाददाता, काशीपुर

अमृत विचार: पुलिस ने अलग-अलग तीन स्थानों से कच्ची शराब के धंधे में लिप्त तीन लोगों को गिरफ्तार किया।

टांडा चौकी पुलिस ने गश्त के दौरान शुगर मिल रोड से जाटव सभा टांडा उज्जैन निवासी राम उजागर को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 30 पाउच कच्ची शराब के बरामद किए। वहीं पुलिस ने हरगनिया कॉलोनी के पास कोयले के बैंक के किनारे कच्ची शराब बेचते कुमायूं कालोनी कचनालगाजी निवासी बलवीर सिंह को गिरफ्तार किया। उसके पास से 50 पाउच कच्ची शराब के बरामद की गई। उधर एक अन्य मामले में पुलिस ने हरगनिया कॉलोनी टांडा उज्जैन निवासी राजू को भी हरगनिया कॉलोनी के पास से गिरफ्तार कर 26 पाउच शराब बरामद की।

अवैध शराब परोसते दो दबोचे

खटीमा: थाना झनकईया पुलिस टीम ने सोमवार को चेकिंग के दौरान राजीवनगर क्षेत्र में सड़क किनारे शराब परोसते हुए दो ढाबों से हीरा सिंह भंडारी निवासी वार्ड 12 खेतलसंडा और बंटी सिंह निवासी राजीवनगर मजार के पास को गिरफ़्तार किया गया है। उनके कब्जे से अंग्रेजी शराब की बोतल, अद्धे, पव्वे व डिस्पोजल गिलास बरामद हुए हैं।

मकान से बाहर निकालने की धमकी

संवाददाता, रुद्रपुर

- विवाहिता ने लगाया ससुरालियों पर आरोप
- पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर शुरू की तफ्तीश

अमृत विचार : आदर्श कॉलोनी चौकी की रहने वाली एक विवाहिता ने ससुराल पक्ष पर मकान पर कब्जा करने का आरोप लगाया है। आरोप था कि जब मकान पर कब्जा नहीं हुआ, तो ससुरालियों ने मारपीट कर मकान खाली करने की धमकी दी है। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

आदर्श कॉलोनी घास मंडी निवासी सोनिया कौर ने बताया कि चार साल पहले राजू की मौत हो गई थी। तभी से ससुराल पक्ष के लोग मकान पर कब्जा करने की फिराक में थे। आरोप था कि मकान पर कब्जा करने के उद्देश्य से ननद गुरमीत कौर, ननदोई राम सिंह, सुखपाल सिंह, रजनी और पिंकी आए दिन मारपीट कर प्रताड़ित करने लगे। शारीरिक और मानसिक यातनाएं देने के बाद भी जब मकान पर कब्जा नहीं हुआ तो आरोपियों ने 26 जून को मारपीट कर घर से बाहर निकालने व जान से मारने की धमकी दी। आरोप था कि ससुराल पक्ष के लोग बार-बार मकान बेचने या फिर कब्जा देने के लिए प्रताड़ित करते रहते थे। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

प्रवेश प्रारम्भ
बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी, बरेली
बी.आई.यू. कॉलेज ऑफ फार्मेसी
फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया (PCI), न्यू दिल्ली द्वारा मान्यता प्राप्त
• डी. फार्मा (2 वर्षीय) • एम. फार्मा (फार्मास्यूटिक्स) (2 वर्षीय)
• बी. फार्मा (4 वर्षीय) • एम. फार्मा (फार्माकोलॉजी) (2 वर्षीय)
रोहिलखंड कॉलेज ऑफ फार्मेसी
फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया (PCI), न्यू दिल्ली द्वारा मान्यता प्राप्त
• डी. फार्मा (2 वर्षीय) • बी. फार्मा (4 वर्षीय)
रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल कैंपस, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली (उत्तर प्रदेश)
केशलता कॉलेज ऑफ फार्मेसी
फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया (PCI), न्यू दिल्ली द्वारा मान्यता प्राप्त
• डी. फार्मा (2 वर्षीय)
मो. 9457672942
केशलता हॉस्पिटल कैंपस, डेलापीर रोड, बरेली (उत्तर प्रदेश)
बी.आई.यू. कॉलेज ऑफ मैनेजमेंट
• एम.एच.ए. (2 वर्षीय) • एम.पी.एच. (2 वर्षीय)
रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल कैंपस, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली
For Registration : Online - www.biu.edu.in, offline - Admission Cell Administrative Block, BIU (9105500202),
E-mail : repsbareilly@gmail.com, bareillyrcps@gmail.com
प्रवेश हेतु संपर्क करें :-
डॉ. आशीष शर्मा (9105500202) श्रीमती रिचा गुप्ता (9105500404) योगेन्द्र सिंह (9760578366)

आपातकाल दिवस पर लोकतंत्र सेनानियों को किया सम्मानित

भाजपा कार्यालय में हुआ सम्मान समारोह, 50 साल पहले कांग्रेस ने लगाया था आपातकाल, रुद्रपुर में 33 लोकतंत्र सेनानियों को दिया गया सम्मान

रुद्रपुर में सम्मानित लोकतंत्र सेनानी और भाजपा के वरिष्ठ नेता। ● अमृत विचार

खटीमा में आपातकाल दिवस पर लोकतंत्र सेनानी को सम्मानित करते भाजपा कार्यकर्ता।

संवाददाता, रुद्रपुर

अमृत विचार : आपातकाल के 50 साल पूर्ण होने पर भाजपा जिला कार्यालय में सम्मान समारोह का आयोजन हुआ। जहां भाजपा के प्रदेश महामंत्री राजेंद्र बिष्ट और विधायक शिव अरोरा ने लोकतंत्र सेनानियों को शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि तत्कालीन कांग्रेस की सरकार ने आपातकाल लगाकर लोकतंत्र की हत्या करने वाला धब्बा लगा दिया था। इस काला दिवस को 50 साल पूर्ण हो चुके हैं। जिसे देश की जनता कभी भूल नहीं पाएंगी। इस दौरान 33 लोकतंत्र सेनानियों को सम्मानित किया गया।

मंगलवार को सम्मान समारोह का उद्घाटन दीप जलाकर किया गया। इस दौरान भाजपा प्रदेश महामंत्री राजेंद्र बिष्ट ने कहा कि तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने सत्ता का दुरुपयोग कर ई मरजेसी की घोषणा की थी। बावजूद इसके लोकतंत्र सेनानियों के बुलंद हौसलों के कारण सरकार को अपना निर्णय बदलना पड़ा और यातनाएं झेलने के बाद सेनानियों का हौसला नहीं टूटा। ऐसे सेनानियों का सम्मान करना गौरव की बात है। 50 साल पूर्ण होने पर देश भर में भाजपा सेनानियों का सम्मान समारोह आयोजित कर रही है। उन्होंने युवा शक्तियों से भी राष्ट्रप्रेम की भावना जाग्रत करने का आहवान किया। इस मौके पर भाजपा जिलाध्यक्ष कमल जिंदल, विधायक शिव अरोरा, दर्जाराज्यमंत्री उतम दत्ता, पूर्व विधायक राजेश शुक्ला, प्रदेश मंत्री विकास शर्मा, लोक सभा संयोजक विवेक सक्सेना, पूर्व मेयर रामपाल, केके दास, कार्यक्रम संयोजक वेद ठुकराल, जिला महामंत्री अमित नारंग, गुरदीप चौहान, सह संयोजक बिट्टू चौहान, राकेश सिंह, अंजू देवी, राजेश तिवारी, तरुण दत्ता, अनिल चौहान, धर्म सिंह कोली, हरीश भट्ट, जीवन धामी, मयंक कक्कड़, अक्षय अरोरा, अनिल यादव, उमेश मिश्रा, मनमोहन सक्सेना, शंकर विश्वास, मनोज मदान, मानस जायसवाल आदि मौजूद रहे।

भाजपाइयों ने आपातकाल को काले दिवस के रूप में मनाया

कार्यक्रम में सभा को संबोधित करते मुख्य अतिथि सुरेश भट्ट।

काशीपुर : कांग्रेस शासनकाल में लगे आपातकाल की बरसी को भाजपाइयों ने काला दिवस के रूप में मनाया। कार्यक्रम में भाजपा कार्यकर्ताओं ने लोकतंत्र के सेनानियों को याद करते हुए दो मिनट का मौन रखा। साथ ही कांग्रेस के आपातकाल के निर्णय को लोकतंत्र की हत्या बताया। मंगलवार को बाजपुर रोड स्थित एक होटल में आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सुरेश भट्ट ने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री स्व. इंदिरा गांधी के चुनाव को अवैध कर दिया गया था। इसके बाद उन्होंने 25 जून 1975 को आपातकाल की घोषणा कर दी थी। जिन्होंने आपातकाल का विरोध किया, आवाज उठाया, उन्हें जेल में डाल दिया गया। कहा कि आपातकाल में जिस व्यक्ति ने लोकतंत्र को बचाने का प्रयास किया उसे प्रताड़ित किया गया। कहा कि आपातकाल के दौरान पूरे देश में आंदोलन हुआ। सरकारी मशीनरी का दुरुपयोग भी किया गया। कहा कि कांग्रेस ने अपनी सत्ता बचाने के लिए लोकतंत्र की हत्या कर देश में आपातकाल लगा दिया था। इस दौरान कार्यक्रम में पूर्व विधायक हरभजन सिंह चीमा, मेयर उषा चौधरी, ब्लॉक प्रमुख अर्जुन कश्यप, राम महरोत्रा, गुंजन सुखीजा, राहुल पैगिया, रजत सिद्धू, मोहन, गुरविंदर सिंह समेत कई लोग मौजूद रहे।

लोकतंत्र सेनानियों ने कार्यक्रम का किया बहिष्कार

काशीपुर। मंगलवार को भाजपाइयों ने बाजपुर स्थित एक होटल में आपातकाल को लेकर एक कार्यक्रम का आयोजन किया। इस दौरान भाजपाइयों ने कार्यक्रम में लोकतंत्र सेनानियों को सम्मानित करने के लिए आमंत्रण भेजा था, लेकिन लोकतंत्र सेनानियों ने कार्यक्रम का बहिष्कार कर दिया। उत्तराखंड लोकतंत्र सेनानी संघ के प्रदेश अध्यक्ष कृष्ण कुमार अग्रवाल ने कहा कि उत्तराखंड को छोड़कर अन्य प्रदेशों में लोकतंत्र सेनानियों को लोकतंत्र सेनानी परिचय पत्र, 30 हजार सम्मान निधि, एक माह से कम अवधि तक जेल में रहे सेनानी को भी सम्मान निधि, लोकतंत्र सेनानी की मृत्यु पर राजकीय सम्मान के साथ अंत्येष्टि, अंत्येष्टि के लिए परिजनों को पांच हजार रुपये की तात्कालिक सहायता राशि समेत कई सम्मान दिए जाते हैं। उन्होंने प्रदेश के सभी लोकतंत्र सेनानियों को अन्य राज्यों की तरह ही सम्मान देने की मांग की है।

बाजपुर में लोकतंत्र सेनानी गोपाल गोच्छड़ को सम्मानित करते भाजपा कार्यकर्ता।

खटीमा और बाजपुर में भी हुए कार्यक्रम

बाजपुर। भाजपा कार्यकर्ताओं की ओर से आपातकाल दिवस (25 जून) पर मंगलवार को भाजपा नेता व लोकतंत्र सेनानी गोपाल कोच्छड़ के आवास पर एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें सन् 1975 में आपातकाल के दौरान जेल जाने के कारण लोकतंत्र सेनानी बनाए गए गोपाल कोच्छड़ को शाल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर उन्होंने भाजपा कार्यकर्ताओं के समक्ष उस समय की सरकार की दमनकारी नीति व कार्रवाई के बारे में बताया। इस मौके पर बरहैनी व्यापार मंडल अध्यक्ष गुलशन कुमार गुल्लू, मंडल अध्यक्ष बिट्टू चौहान, मंडल महामंत्री वीरेंद्र सिंह बिष्ट, नरेंद्र चौधरी, मंडल मंत्री कन्नू जोशी, दिलीप सिंह, कोमल सैनी, साकेत सिंघल, पूरन सिंह, रमेश सिंह, नरेश सिंह, महेंद्र सिंह, छोटेलाल सैनी आदि मौजूद रहे।

खटीमा। भारतीय जनता पार्टी झनकट मंडल कार्यालय पर आयोजित कार्यक्रम में आज ही के दिन लगी इमरजेंसी के विरोध स्वरूप काला दिवस मनाया गया। साथ ही लोकतांत्रिक सेनानी सैयद तिर्माजी को शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया। इमरजेंसी के समय जेल में रहे तिर्माजी ने कहा कि जेल यात्रा के दौरान उनकी उंगलियों से नाखून तक खींच लिए गए थे। इस अवसर पर भाजपा महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष विमला मुंडेला, भुवन जोशी, किशोर जोशी, अनिता ज्याला, सावित्री कन्याल, जानकी पाण्डेय, प्रेमा महर आदि मौजूद थे।

सार-संक्षेप

खटीमा में सीओ के समक्ष सब्जी विक्रेताओं की समस्या रखते विधायक भुवन कापड़ी।

सब्जी मंडी के विक्रेताओं ने दिया धरना

खटीमा। सब्जी मंडी के विक्रेताओं ने बाजार चौकी प्रभारी पर अतिक्रमण के नाम पर उत्पीड़न करने का आरोप लगाते हुए सब्जी मंडी में धरना दिया। बाद में कोतवाली पहुंचकर पुलिस क्षेत्राधिकारी के समक्ष अपनी शिकायत दर्ज कराई। सब्जी मंडी के व्यापारियों ने मंगलवार सुबह सब्जी मंडी अध्यक्ष पप्पू अली के नेतृत्व में उस समय धरना शुरू कर दिया जब बाजार चौकी प्रभारी अतिक्रमण के नाम पर चालान काटने पहुंचे। व्यापारियों ने आरोप लगाया कि प्रतिदिन सब्जी विक्रेताओं का अतिक्रमण के नाम पर 500-1000 रुपये का चालान काटा जा रहा है जबकि वह एसडीएम और नगरपालिका द्वारा निर्धारित सीमा के अंदर अपना व्यवसाय चला रहे हैं। सब्जी व्यापारियों के समर्थन में पहुंचे कांग्रेस कार्यकर्ताओं के साथ अन्य व्यापारियों ने कोतवाली पहुंचकर सीओ विमल कुमार के समक्ष अपनी समस्याएं रखीं। विधायक भुवन कापड़ी ने कहा कि पहले भी कई बार व्यापारी बाजार चौकी प्रभारी के खिलाफ शिकायतें करा चुके हैं। इस संबंध में उन्होंने एसडीएम से दूरभाष पर बात की। इस पर एसडीएम रविंद्र सिंह बिष्ट ने कहा कि वह अवकाश पर हैं और 26 को लौटकर व्यापारियों की समस्या का समाधान करेंगे। कोतवाली में कोतवाल मनोहर सिंह दसौनी, एसएसआई अशोक कुमार, बॉबी राठौर, नासिर खान, रवीश भटनागर, प्यारेलाल, रियाज अहमद, विक्की सक्सेना, इलियास, गुड्डू आजाद, टीका, फिरोज, संजय, दीपक, आबिद, सोनू यादव आदि थे।

गन्ना आपूर्ति व सट्टा नीति निर्माण को लेकर बैठक

काशीपुर। गन्ना विकास एवं चीनी उद्योग आयुक्त ने अधिकारियों की बैठक लेकर पेराई सत्र 2024-25 के लिये मिलों में गन्ने की आपूर्ति एवं सट्टा नीति निर्धारण को लेकर चर्चा की। साथ ही गन्ना सर्वेक्षण कार्य पर संतोष जताया। मंगलवार को गन्ना एवं चीनी आयुक्त कार्यालय सभागार में गन्ना एवं चीनी आयुक्त चंद्र सिंह धर्म सत्तू की अध्यक्षता में बैठक हुई। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि जो भी समस्या प्राप्त हो रही हैं, उनका निराकरण किया जाए और जो सुझाव प्राप्त हो रहे हैं, उन पर अमल किया जाये। यहां अपर गन्ना आयुक्त चंद्र सिंह इमलाल, चीनी मिल बाजपुर के जीएम हरवंश सिंह मौजूद रहे।

लंबित समस्याओं का निस्तारण करने की मांग

काशीपुर। अशासकीय विद्यालयों की लंबित समस्याओं का निस्तारण कराने की मांग शिक्षकों ने की है। इस दौरान उन्होंने महानिदेशक व निदेशक को पत्र भेजकर समस्याओं का जल्द निस्तारण करने की मांग की है। साथ ही गोल्डन कार्ड के सरलीकरण के लिए उपसचिव स्वास्थ्य से संगठन पदाधिकारियों ने मिलकर वार्ता की। मंगलवार को देहरादून पहुंचे उत्तराखंड माध्यमिक शिक्षक संघ द्वारा 22 जून को पदमेन्द्र सकलानी संयुक्त शिक्षा निदेशक को सौंपा। साथ ही शिक्षा महानिदेशक बंशीधर तिवारी से मुलाकात की। इस दौरान प्रदेश अध्यक्ष स्वतंत्र मिश्रा, प्रदेश महामंत्री जगमोहन सिंह रावत मौजूद रहे।

इंजीनियर को लगाया 1.25 लाख का चूना

संवाददाता, खटीमा

अमृत विचार : एक निजी कारखाने के इंजीनियर को अपना पड़ोसी और लखनऊ में भर्ती होना बताकर साइबर क्राइम करने वालों ने 1.25 लाख रुपये का चूना लगा दिया।

आदर्श कलोनी भूड़ महोलिया निवासी योगेंद्र पाल सिंह लोहिया रोड स्थित पॉलिप्लेक्स कॉरपोरेशन में इंजीनियर के पद पर तैनात है। पीड़ित ने प्रभारी निरीक्षक साइबर क्राइम रुद्रपुर को भेजे शिकायती पत्र में कहा है कि 26 अप्रैल को उनके मोबाइल पर एक कॉल आई। जिसमें उस व्यक्ति ने कहा कि मैं आपका पड़ोसी बोल रहा हूं और लखनऊ में भर्ती हूं। मेरे खाते से डॉक्टर को देने के लिए पैसे ट्रांसफर नहीं हो रहे हैं। मैं आपके खाते में पैसे डाल रहा हूं आप इसे इस नंबर पर डाल दीजिए। थोड़ी देर में मेरे मोबाइल पर 30, 50 और 20 हजार रुपये आने का मैसेज भी आ गया। इस पर मैंने उस व्यक्ति द्वारा दिए गए यूपीआई नंबर पर 20-20 हजार और क्यूआर कोड पर 15, 25 और 20 हजार रुपये ट्रांसफर कर दिए। यह भी कहा है कि 27 अप्रैल को पुनः 50 हजार का मैसेज आया तो मैंने सही समझ कर 25 हजार और ट्रांसफर कर दिए। इस तरह कुल सवा लाख रुपये ट्रांसफर कर दिए।

प्रस्तावित अंडरपास का विरोध किया

काशीपुर। काशीपुर के आरओबी निर्माण के बाद प्रस्तावित अंडरपास का स्थानीय लोगों ने विरोध किया। इस दौरान उन्होंने एसडीएम का ज्ञापन देकर निर्माण कार्य पर रोक लगाने की मांग की है। मंगलवार को एसडीएम अभय प्रताप सिंह का सौंपे ज्ञापन में स्थानीय लोगों ने कहा कि अंडरपास के प्रस्तावित क्षेत्र में जलभराव की काफी समस्या है। अंडरपास का निर्माण होने से बरसात के दिनों में जलभराव की काफी समस्या होगी। साथ ही अंडरपास के निर्माण से आसपास की दुकान भी ध्वस्त होंगी। इससे कई परिवारों के सामने रोजी रोटी का संकट छा जाएगा। उन्होंने एसडीएम से अंडरपास के निर्माण पर रोक लगाने की मांग की है।

जल निकासी की समस्या हल हो

संवाददाता, किच्छा

अमृत विचार : शुगर फैक्ट्री क्षेत्र में चीनी मिल कंपाउंड के नाले को बंद किए जाने से पैदा हुई जल निकासी की समस्या को लेकर तमाम लोगों ने तहसीलदार से भेंट कर कार्रवाई की मांग उठाई। इस दौरान क्षेत्रवासियों ने आंदोलन की चेतावनी भी दी।

नगर पालिका अंतर्गत वार्ड 4 के दर्जनों क्षेत्रवासी तहसील परिसर पहुंचे। जहां उन्होंने तहसीलदार गिरीश चंद्र त्रिपाठी को ज्ञापन सौंपते हुए कहा कि वार्ड नंबर 4 के लगभग ढाई सौ परिवारों के घरों से निकलने वाला पानी एवं बरसाती पानी एकत्रित होकर फैक्ट्री कंपाउंड के नाले से होते हुए नहर में जाकर गिरता है, किंतु फैक्ट्री प्रबंधन द्वारा नाले को बंद कर क्षेत्रवासियों के पानी को बंद कर दिया है। इस वजह से संपूर्ण वार्ड में सड़कों पर गंदा पानी भरने से गंदगी का अंबार लग गया है। उनका कहना था कि वर्षा का समय भी निकट आ रहा है तथा वर्षा ऋतु में स्थिति और भयंकर होने की संभावना बनी हुई है। वार्ड वासियों से वार्ता के बाद तहसीलदार गिरीश चंद्र त्रिपाठी ने फैक्ट्री प्रबंधन से वार्ता कर जल निकासी के लिए जल्द समाधान करने का भरोसा दिलाया। मौके पर धनीराम, दीवान सिंह, राम सिंह, रतन सिंह, राजेश कुमार रज्जी, जगमोहन सिंह, रामकिशन, लोकेंद्र सिंह, जितेंद्र कुमार मौजूद रहे।

किच्छा में तहसीलदार से वार्ता करते क्षेत्रवासी। ● अमृत विचार

चोरी की योजना बनाते तीन दबोचे

काशीपुर। चोरी की योजना बनाते तीन युवकों को कोतवाली पुलिस ने एक तमंचा व दो चाकू के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कोर्ट के समक्ष पेश किया है। सोमवार की देर शाम बांसफोड़ान चौकी प्रभारी सुनील सूतेडी ने काली बस्ती कब्रिस्तान के पास से तीन युवकों को पकड़ लिया। पूछताछ में उन्होंने अपना नाम रिंकू व दूसरे ने योगेश निवासी गंगापुर हरियावाला व तीसरे ने रजत निवासी मोहल्ला कटरामालियान बताया। तलाशी के दौरान रिंकू के कब्जे से एक 315 बोर का तमंचा व एक कारतूस बरामद हुआ जबकि योगेश व रजत की जेब से एक एक चाकू बरामद हुआ।

सीएम पोर्टल की शिकायतों की समीक्षा

- डीएम कार्यालय सभागार में हुई समीक्षा बैठक
- शिकायतों को गंभीरता से लेने का दिया आदेश

संवाददाता, रुद्रपुर

अमृत विचार : जिलाधिकारी उदयराज सिंह ने सोमवार की देर रात्रि सीएम हेल्पलाइन पर प्राप्त शिकायतों को लेकर अधीनस्थों के साथ समीक्षा बैठक की और सीएम हेल्पलाइन पोर्टल की शिकायतों का निस्तारण करने का आदेश दिया। उन्होंने हिदायत दी कि लापरवाही बरतने पर कार्रवाई की जाएगी।

उन्होंने आदेशित किया कि सीएम पोर्टल की शिकायतों को संबंधित अधिकारी नियमित ढंग से देखें, ताकि वह एल-2 पर नहीं जाए। निस्तारण के मामलों में लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। प्रभारी अधिकारी कलेक्ट्रेट डॉ. अमृता शर्मा ने बताया कि पुलिस विभाग 631, विद्युत विभाग 309, पेयजल निगम 161, नगर पालिका 154, बंदोबस्त चकबंदी विभाग में 128, राजस्व विभाग में 127, भू-अभिलेख में 109, जल संस्थान में 142, कर्मचारी राज्य बीमा औषधालय में 55, पंचायती राज में 93, पर्यावरण बोर्ड में 87, नगर निगम में 102, श्रम विभाग में 177, खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति में 58, सिंचाई विभाग में 58 यानि कुल 2391 शिकायतें लंबित है। जिस पर जिलाधिकारी ने पेयजल, नगर निगम, पुलिस, विद्युत, राजस्व, पर्यावरण, श्रम विभाग, कर्मचारी राज्य बीमा औषधालय, पंचायती राज खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति, सिंचाई आदि विभागीय अधिकारियों को लंबित शिकायतों का शीघ्र निस्तारण करने के निर्देश दिए। इस मौके पर सीडीओ मनीष कुमार, पीडी अजय कुमार, डीडीओ एसएम डोभाल, एएसपी मनोज कत्याल, एसडीएम मनीष बिष्ट, गौरव पांडे, उप नगर आयुक्त शिप्रा जोशी, अधीक्षण अभियंता विद्युत एससी त्रिपाठी, मुख्य शिक्षा अधिकारी केएस रावत, जिला शिक्षा अधिकारी हरेन्द्र कुमार मिश्रा, अधिशासी अभियंता सिचाई पीसी पाण्डे, पेयजल ज्योति, शिवम द्विवेदी, तरूण शर्मा मौजूद रहे।

अधीनस्थों के साथ सीएम पोर्टल की शिकायतों की समीक्षा करते डीएम।

डायनेस्टी की महक को किया सम्मानित

खटीमा। डायनेस्टी मॉडर्न गुरुकुल एकेडमी छिनकी फार्म की एनसीसी कैडेट महक बिष्ट को योग दिवस पर रुड़की में एडीजी मेजर जनरल अतुल रावत ने सम्मानित किया। विद्यालय की एनसीसी कैडेट महक बिष्ट ने 10 से 14 जून तक सिलीगुड़ी पश्चिम बंगाल में आयोजित राष्ट्रीय किक बॉक्सिंग प्रतियोगिता के 48 किलोग्राम भार वर्ग की फुल कंटेंट स्पर्धा में राज्य का प्रतिनिधित्व करते हुए कांस्य पदक जीतकर विद्यालय का नाम रोशन किया है। इस उपलब्धि पर प्रबंध निदेशक धीरेंद्र भट्ट, प्रधानाचार्य चंद्रकांत पनेरु, डायरेक्टर प्रेमा भट्ट, प्रशासनिक अधिकारी मनीष चंद ने खुशी जताई।

रॉयल्टी चेकिंग के दौरान दो डंपरों ने चेक पोस्ट को मारी टक्कर

काशीपुर। रॉयल्टी चेकिंग के दौरान आरबीएम से भरे दो डंपर बैरियर को टक्कर मारकर यूपी की सीमा में भाग गए। साथ ही पीछे से एक गाड़ी में आ रहे डंपर चालकों के साथियों ने बैरियर पर तैनात युवकों को डंपर रोकने पर जान से मारने की धमकी दी। मामले में पुलिस ने पीड़ित की तहरीर अनुसार मुकदमा दर्ज किया है। आईटीआई थाना पुलिस को दी तहरीर में आंध्र प्रदेश के आनसाग्राम, नंदीगामा, कृष्णा निवासी सुधीर कुमार ने बताया कि वह अपनी कम्पनी कैलाश रिवर बेड मिनरल्स एल.एल.पी. से नाका मुकुंदपुर में काम करता है। सोमवार की सुबह करीब 4.25 जब वह रोयल्टी चेक कर रहे थे। तभी बिना नंबर के एक आरबीएम से भरे डंपर को रोकने का प्रयास किया, तो डंपर चालक डंपर को अत्यधिक तीव्र गति से चलाते हुए बैरियर में टक्कर मार यूपी की ओर भाग गया, उसके कुछ देर बाद दूसरा डंपर भी इसी तरह टक्कर मारते हुए उत्तर प्रदेश की ओर भाग गया। आरोप है कि डंपरों के पीछे चल रही एक बोलेरो गाड़ी में बैठे लक्ष्मण सिंह व नईम अहमद ने नाके पर गाड़ी रोककर कहा कि उनके डंपर ऐसे ही चलेंगे व जान से मारने की धमकी देते हुए भाग गए।

चिंताजनक टांडा रेंज के जयनगर नंबर-3 आबादी के निकट हाईटेंशन लाइन से हुई हाथी की मौत से वन विभाग के अधिकारी काफी चिंतित

पानी और चारा नहीं होने से लगातार मौत का शिकार हो रहे वन्य जीव

संवाददाता, दिनेशपुर

अमृत विचार : टांडा रेंज के जयनगर नंबर-3 आबादी के निकट 11 हजार वोल्ट की हाईटेंशन लाइन से हुई हाथी की मौत से वन विभाग के अधिकारी व कर्मचारी काफी चिंतित दिख रहे हैं। लेकिन वह भी जानते हैं कि जंगल में पशुओं के लिए पानी व चारा न होने से दुर्घटनाएं बढ़ रही हैं।

तराई क्षेत्र के जंगलों में चारा व पानी के साथ हरे-भरे वृक्ष न होने से वन पशु अत्यधिक गर्मी में पानी की खोज में आबादी की ओर आ जाते हैं। इससे कई पशु की ट्रेन व विद्युत लाइनों के शिकार होकर मौतें हो रही हैं। पहाड़ों से आने वाली नदी व नाले सूखे पड़े हैं। हरिपुरा जलाशय से जंगल की ओर आने वाली नदी में झाड़ व घास उग रही है। वन एवं सिंचाई विभाग इस ओर ध्यान नहीं दे रहा है, जिससे जंगल सूखे पड़े हैं। कई पशुपालकों द्वारा दूध न देने वाली गाय व बछड़ों को जंगल में छोड़ा दिया जा रहा है। वहीं आवारा पशुओं की चारा व पानी न मिलने से प्यास व भूख से तड़पकर मौत हो रही है। जंगली पशु अपने झुंड से बिछड़कर अक्सर आबादी की ओर आ जाते हैं। वन विभाग को पशुओं के लिए पानी एवं आबादी की ओर तारबाड़ लगाने की जरूरत है। जिससे वन पशुओं को दुर्घटनाओं से बचाया जा सके।

क्रेन से उठाकर हाथी को लेकर जाते वन विभाग के कर्मचारी। ● अमृत विचार

खेत में गईं महिलाओं ने सबसे पहले देखा हाथी

दिनेशपुर : जयनगर नंबर- तीन के किसान अखिलेश कुमार ओझा बताया कि खेत में मक्का की फसल लगी है। मंगलवार सुबह जब महिलाएं खेत में गईं तो उन्होंने मृतक हाथी को देखा। लोगों ने इसकी सूचना 200 मीटर की दूरी पर बनी वन विभाग की चौकी को दी। प्रभागीय वन अधिकारी शशि देवी व रेंजर रूप नारायण गौतम वन कर्मचारियों के साथ मौके पर पहुंचे। उन्होंने हाइड्रा की मदद से हाथी के शव को तराई केंद्रीय वन प्रभाग टांडा रेंज भेज दिया।

जांच के बाद दोषियों के खिलाफ होगी कार्रवाई

दिनेशपुर, अमृत विचार : उप प्रभागीय वनाधिकारी शशी देवी के अनुसार झुंड से एक हाथी भटक कर जयनगर नंबर -तीन आबादी क्षेत्र में आ गया था। एक मक्के के खेत में उसका शव बरामद हुआ है। जहां शव बरामद हुआ है उसके ऊपर से काफी नीचे होकर हाईटेंशन की 11 हजार की लाइन गई है। प्रथम दृष्टया हाथी के करंट की चपेट में आने से मौत होना प्रतीत हो रहा है। वनक्षेत्राधिकारी रूपनारायण गौतम का कहना है कि मृत नर हाथी की उम्र 10 से 12 साल के बीच है। यह मकना प्रजाति का नर हाथी है। इस प्रजाति के हाथी के दांत बाहर नहीं निकलते हैं। जयनगर वन पशु चिकित्सक डॉ. तरुण कुमार गर्ग की टीम ने मृत हाथी का पोस्टमार्टम किया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद मामले में अग्रिम कार्रवाई होगी।

फसलों को नुकसान पहुंचाते हैं जंगली जानवर

दिनेशपुर। गांव के अखिलेश ओझा ने बताया कि जंगली जानवर अक्सर जंगल से निकलकर आते हैं और उनकी फसलों को नुकसान पहुंचाते हैं। फसलों की सुरक्षा के लिए उन्होंने स्वयं अपने खर्चे से खेतों में सोलर फेंसिंग करवाई है। इसके अलावा गांव के लल्लु सिंह के साथ जंगल से सटे पास ही के गांव जयनगर नंबर चार के अधिकतर किसानों ने अपने खेतों में सोलर फेंसिंग लगाई है। उन्होंने कहा कि वन विभाग को आबादी से लगे समूचे क्षेत्र में सोलर फेंसिंग के साथ नाला खुदान का कार्य करना चाहिए। ताकि हाथी जैसे बड़े जंगली जानवर जंगल से बाहर न आ सके।

सार-संक्षेप

मारपीट की दो घटनाओं में दो लोग घायल

बाजपुर : मारपीट की अलग-अलग घटनाओं में दो लोग घायल हो गए। चीनी मिल निवासी सन्नी की मोहल्ले में ही निवासरत कुछ युवकों से आपसी बात को लेकर कहासुनी हो गई। युवकों ने सन्नी पर लाठी-डंडों इत्यादि से हमला कर दिया जिसमें वह गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के बाद आरोपी भीड़ एकत्र होते देख जान से मारने की धमकी देकर मौके से फरार हो गए। वहीं सूचना पर पहुंची चीता मोबाइल पुलिस ने घायल को सरकारी अस्पताल पहुंचाया, जहां से चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद उसे हायर सेंटर रेफर कर दिया है। वहीं मारपीट की दूसरी घटना सूरी फार्म क्षेत्र में हुई है। बताया जाता है कि सूरी फार्म निवासी संदीप को भी कुछ युवकों घेरकर पीट लिया जिसे पुलिस के माध्यम से सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

घायल सन्नी।

मृतकों के भाई गोविंद सिंह राणा को चेक सौंपते तहसीलदार हिमांशु जोशी।

परिजनों को दी गई 4-4 लाख की सहायता राशि

खटीमा : सैजना गांव में आकाशीय बिजली गिरने से मारे गए भाई बहन के परिजनों को मंगलवार को तहसीलदार हिमांशु जोशी ने 4-4 लाख रुपये के चेक सौंपे। सोमवार को सैजना गांव निवासी संक्रांति देवी अपने पुत्रों गोविंद सिंह राणा, सुमित सिंह राणा, हरीश सिंह राणा और पुत्री सुहावनी को साथ लेकर अपने खेत में धान की रोपाई कर रही थी। इसी दौरान तेज वर्षा के बीच भाई-बहन सुमित सिंह राणा(19) व सुहावनी राणा(22) की आकाशीय बिजली गिरने से मौत हो गई। भाई बहन के बड़े भाई गोविंद सिंह राणा को दैवीय आपदा राहत कोष से चार-चार लाख रुपये की आर्थिक सहायता का चेक सौंपा।

बाजपुर के एसडीएम कार्यालय में प्रदर्शन कर ज्ञापन सौंपते किसान।

भूमिधरी अधिकार को लेकर एसडीएम कार्यालय पर प्रदर्शन

बाजपुर : भूमिधरी अधिकार देने समेत विभिन्न मांगों को लेकर किसानों ने एसडीएम कार्यालय के सामने प्रदर्शन किया। साथ ही मुख्यमंत्री को ज्ञापन प्रेषित कर समस्याओं के निस्तारण की मांग की है। मंगलवार को काफी संख्या में किसान एकत्रित होकर एसडीएम दफ्तर जा धमके और नारेबाजी की। इसके पश्चात उपजिलाधिकारी की गैर मौजूदगी में मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन पेशकार पवन कुमार को सौंपा। उनका कहना था कि बाजपुर के बीस गांव के भूमिधरी अधिकार के लिए किसान, मजदूर व व्यापारी पिछले करीब 11 माह से तहसील में धरने पर बैठे हैं, लेकिन अभी तक सरकार द्वारा कोई ठोस कदम नहीं उठाए गए हैं। ज्ञापन देने वालों में भाकियू के प्रदेशाध्यक्ष कर्म सिंह पड्डा, जगतार सिंह बाजवा मौजूद रहे।

मारपीट मामले में 10 नामजद, तीन गिरफ्तार

बाजपुर : डिग्री कॉलेज के पूर्व छात्र नेताओं के बीच छात्रसंघ चुनाव को लेकर चली आ रही पुरानी रंजिश में कोतवाली के नजदीक सरेआम हुई हाथापाई व मारपीट मामले को पुलिस ने गंभीरता से लिया है। एसएसआई विनोद फर्त्याल की ओर से 10 नामजद व अन्य के विरुद्ध सड़क पर सरेआम मारपीट कर दहशत फैलाने, व्यापारियों में आमजन में भय का माहौल पैदा करने एवं सरकारी कार्य में बाधा पहुंचाने आदि के आरोप में मुकदमा दर्ज करवाया गया है। इस मामले में तीन आरोपितों को गिरफ्तार किया गया है। एसएसआई विनोद फर्त्याल की ओर से दर्ज मुकदमे के अनुसार दो गुटों के बीच विवाद की जांच करने पर पाया गया कि सोमवार की देर सायं पूर्व छात्रसंघ अध्यक्ष ग्राम बुढ़ानपुर थाना स्वार जिला रामपुर (उप्र) निवासी नवदीप सिंह उर्फ नवी का सरेआम बाजार में पूर्व के छात्रसंघ के चुनाव के दौरान हुए विवाद को लेकर मारपीट हो गई थी। बीच-बचाव करने पर एक-दूसरे से बदला लेने के लिए दोनों पक्ष के लोगों द्वारा मारपीट, लड़ाई-झगड़ा करके समाज के लोगो में भय व्याप्त करने व अपना वर्चस्व दिखाने के उद्देश्य से अपने-अपने पक्ष के लोगों को बाजपुर में बुला लिया। तहसील पार्किंग गेट के पास सड़क सरेआम में एकराय होकर नवदीप सिह उर्फ नवी की ओर से महोली जंगल बाजपुर निवासी गुरविंदर सिंह भट्टी उर्फ गिंदर, नंदपुर नरकाटोपा निवासी फैज, सावी, नवंच तथा 8-10 अन्य तथा दूसरे पक्ष ग्राम धरमपुर उत्तरी थाना स्वार जिला रामपुर (उप्र) निवासी प्रभदीप सिंह उर्फ प्रभ की ओर से मंदीप खैरा, अजीत, कौशल व लक्की संधू एवं 6-7 अन्य लोग आए। दोनों गुटों के मध्य अत्यधिक मारपीट होने लगी। जब पुलिस द्वारा बीच-बचाव किया जा रहा था तो दोनों पक्षों के लोगों द्वारा पुलिस के साथ भी अभद्रता तथा धक्का-मुक्की की।

देह व्यापार की शिकायत पर होटल में मारा छापा

छह से अधिक युवक-युवतियां हिरासत में, आपत्तिजनक वस्तुएं बरामद

संवाददाता, काशीपुर

अमृत विचार: काशीपुर में एंटी ह्यूमन ट्रेफिकिंग यूनिट की टीम ने मुखबिर के द्वारा देह व्यापार की सूचना पर एक होटल में छापेमारी की। छापेमारी के दौरान टीम ने आधा दर्जन युवक-युवतियों को हिरासत में ले लिया। इस दौरान टीम ने होटल से एक युवक और एक युवती को आपत्तिजनक हालत में भी पकड़ा। पुलिस को आपत्तिजनक वस्तुएं बरामद हुईं। होटल के संचालक व मैनेजर को हिरासत में लिया गया है।

जिले की एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग यूनिट (एएचटीयू) प्रभारी जीतो काम्बोज के नेतृत्व में टीम ने काशीपुर के आवास विकास मोड़ पर स्थित एक होटल में देह व्यापार की लगातार मिल रही शिकायतों के मद्देनजर मुखबिर की सूचना पर अचानक छापेमारी की। जहां टीम को कई अनियमितताएं मिलीं। साथ ही एक युवक व युवती आपत्तिजनक स्थिति में भी मिले। उनको पुलिस ने हिरासत में ले लिया है। वही पुलिस ने इसके अलावा कुछ अन्य युवक व युवतियों और होटल के संचालक व मैनेजर को भी हिरासत में लिया है। एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग यूनिट (एएचटीयू) प्रभारी जीतो काम्बोज ने बताया कि मुखबिर से होटल में देह व्यापार की मिली सूचना पर उनके द्वारा एएचटीयू यूनिट की टीम और काशीपुर कोतवाली क्षेत्र की टांडा उज्जैन पुलिस चौकी की टीम के साथ संयुक्त रूप से छापेमारी की गई। होटल में मौजूद एक युवक और युवती को पुलिस ने मौके से पकड़ा।

होटल से युवक को हिरासत में लेकर जाती पुलिस।

एयरपोर्ट विस्तार के लिए भूमि का म्यूटेशन हवा हवाई

पंतनगर, अमृत विचार : पूर्व दर्जामंत्री एवं प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता डॉ. गणेश उपाध्याय ने पंतनगर एयरपोर्ट के विस्तारीकरण को लेकर केंद्र सरकार पर गंभीर आरोप लगाए हैं। कहा कि उन्हें एएआई से जानकारी मिली है कि राज्य सरकार ने अभी तक एयरपोर्ट विस्तारीकरण के लिए भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण को कोई भी भूमि नहीं सौंपी है। प्रेस को जारी विज्ञप्ति में डॉ. उपाध्याय ने बताया कि उन्होंने नागरिक उड्डयन मंत्री से उत्तराखंड के पंतनगर एयरपोर्ट के कुमाऊं मंडल के हाईकोर्ट, उत्तराखंड न्यायिक अकादमी, प्रशासनिक अकादमी, चीन व नेपाल से सटे संवेदनशील कैलाश मानसरोवर, आदि कैलाश, ओम पर्वत के लिए जाने वाले तीर्थयात्रियों सहित विश्व से जोड़ने वाले एकमात्र एयरपोर्ट को अंतरराष्ट्रीय एयरपार्ट बनाने का अनुरोध किया था। साथ ही सरकार की ओर से उपेक्षित इस एयरपोर्ट पर यात्रियों के लिए मूलभूत सुविधाओं जैसे लाउंज, कैफे, पार्किंग, वातानुकूलित वेटिंग रूम और स्वचालित जांच उपकरण जैसी सुविधाएं देने की मांग की थी।

डॉ. गणेश उपाध्याय।

वन विभाग ने बाघ को किया ट्रेंकुलाइज

संवाददाता, खटीमा

अमृत विचार : आखिरकार वन विभाग की टीम को एक माह के अंदर वनखंडी महादेव शिव मंदिर चकरपुर के पीछे बाघ द्वारा दो लोगों को मौत के घाट उतारने वाले बाघ को ट्रेंकुलाइज करने में सफलता हासिल हो गई है।

19 जून को चकरपुर बनखंडी महादेव मंदिर के पीछे खेतलसंडा मुस्ताजर निवासी प्रेम चंद (70) और एक माह पूर्व 21 मई को 70 वर्षीय बुढ़ाबाग निवासी रामरेशी को बाघ ने मार डाला था। इतना ही नहीं नेशनल हाइवे पर रीठा साहिब से बाइक पर लौट रहे श्रद्धालु पर भी बाघ ने जगबूड़ा पुल के पास हमला कर दिया था। इसके बाद ग्रामीणों के भारी आक्रोश को देखते हुए वन विभाग की टीम ने बाघ को पकड़ने के लिए तीन पिंजरों के साथ ही दर्जन भर ट्रैप कैमरे भी लगाए थे। उपप्रभागीय वनाधिकारी संचिता वर्मा ने देर शाम बताया कि वन विभाग और वाइल्ड लाइफ के चिकित्सकों ने मंगलवार को बाघ को ट्रेस कर ट्रेंकुलाइज करने में सफलता हासिल की है। उन्होंने कहा कि बाघ के कुछ सैंपल लिए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि बाघ को बुधवार सुबह अन्यत्र भेजा जाएगा। बाघ को ट्रेंकुलाइज करने में डॉ. हिमांशु पांगती, डॉ. आयुष उनियाल, डॉ. करन शाह शामिल रहे। उधर, बाघ के पकड़े जाने से ग्रामीणों ने राहत की सांस ली है।


ट्रेंकुलाइज किया गया बाघ।

वर्षा हत्याकांड : साधू ने पति को उपलब्ध कराया था तमंचा

संवाददाता, जसपुर

अमृत विचार: बहुचर्चित वर्षा हत्याकांड में एक चौंकाने वाला तथ्य सामने आया है। हत्यारोपी पति को घटना से पूर्व उत्तराखंड के एक साधू ने तमंचा उपलब्ध कराया था।

खाटू श्याम के दर्शन कराने के बहाने जसपुर से राजस्थान ले जाकर मोहल्ला शिवाजी नगर कॉलोनी (गुजरातियान) वार्ड नंबर 3 निवासी पति विशाल द्वारा पत्नी वर्षा की हत्या किए जाने की सनसनीखेज घटना का खुलासा तो हो गया, लेकिन अभी तक शव की पोस्टमार्टम रिपोर्ट नहीं आई है व पुलिस अन्य आरोपियों को गिरफ्तार नहीं कर पा रही है। पुलिस द्वारा गिरफ्तार में नहीं किए जाने ही स्थिति में उनके न्यायालय में आत्म समर्पण करने की जानकारी मिल रही है। थाना सोजत सिटी के एचएसओ कपूराराम ने बताया कि अभी तक शव की पोस्टमार्टम रिपोर्ट नहीं मिल पाई है। उन्होंने पोस्टमार्टम रिपोर्ट प्राप्त करने के लिए स्वास्थ्य विभाग को प्रार्थना पत्र दे रखा है। ज्ञात हुआ है कि आरोपी विशाल को हत्या में प्रयुक्त तमंचा एक साधू ने उपलब्ध कराया था। अब साधू फरार हो गया है, जो उत्तराखंड का ही बताया गया है।

ओवरलोड डंपर को गांव में रोका, हंगामा

संवाददाता, बाजपुर

अमृत विचार: चार दिन पहले डंपरों के बीच मामूली भिड़ंत के बाद एक डंपर चालक की पिटाई कर घायल करने से आक्रोशित युवक के परिजनों व ग्रामीणों ने दूसरे पक्ष के ओवरलोडेड डंपर को गांव में रोक लिया और हंगामा किया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने किसी तरह लोगों को समझाकर शांत किया। इस दौरान कुछ ग्रामीणों की पुलिस से भी तीखी बहसबाजी हो गई थी।

ग्राम रतनपुरा से होकर गुजर रहे छोई रोड पर दिन-रात खनन वाहनों की आवाजाही रहती है। बताया जाता है कि 22 जून को जोगीपुरा की तरफ से खनन सामग्री लेकर आ रहे डंपर की गांव के नजदीक विपरीत दिशा से जा रहे खाली डंपर से मामूली भिड़ंत हो गई। कुछ लोगों ने मौके पर पहुंचकर मामला रफादफा करवा दिया। आरोप है कि खनन सामग्री से भरे डंपर चालक की शिकायत पर उसके मालिक ने एक स्टोन क्रशर पर माल भरने गए ग्राम रतनपुरा निवासी अमन के साथ गाली-गलौज करते हुए बेहरमी से पिटाई लगा दी जिसमें वह बुरी तरह घायल हो गया। वहीं युवक की पिटाई करने से आक्रोशित उसके परिजनों व ग्रामीणों ने मंगलवार को दोपहर बाद करीब डेढ़ बजे ग्राम रतनपुरा से होकर गुजर रहे आरोपी के खनन सामग्री से भरे ओवरलोड डंपर को रोक लिया, लेकिन उस वक्त डंपर पर दूसरा चालक था जिसके चलते उन्होंने घायल का उपचार करवाने व उससे माफी मांगने की बात कहते हुए हो-हल्ला शुरू कर दिया जिससे वहां गहमागहमी का माहौल उत्पन्न हो गया।

बाजपुर ग्राम रतनपुरा में पुलिस कर्मी से बहसबाजी करता युवक। ● अमृत विचार

राज्य कर कर्मियों ने दिया सांकेतिक धरना

संवाददाता, रुद्रपुर

अमृत विचार: अपनी कुछ मांगों को लेकर मिनिस्ट्रीयल कर्मचारी एसोसिएशन के बैनर तले राज्य कर विभाग के कर्मचारियों ने पहले बैठक की और उसके बाद सांकेतिक धरना प्रदर्शन कर रोष जताया। आगाह किया कि जल्द ही मांगें पूरी नहीं हुईं तो आंदोलन किया जाएगा।

उनका कहना था कि शासन में राज्य कर अधिकारी के पदों में कटौती करने पर विचार चल रहा है। जिस वजह से जहां कर्मचारियों में रोष है। वहीं सरकार सौतेला व्यवहार कर रही है। प्रदेश अध्यक्ष जगमोहन नेगी ने बताया कि 21 जून को एसोसिएशन ने पत्र जारी कर बताया कि राज्य में जीएसटी लागू होने के बाद विभाग के पुनर्गठन के लिए वर्तमान अधिकारियों का ढांचा शासन को भेजा है। शासन स्तर पर कार्रवाई भी चल रही है। कहा कि ढांचे में राज्य कर अधिकारियों के पदों में कटौती की संभावना है। इस मौके पर प्रांतीय कार्यकारिणी सदस्य विशाल अग्रवाल, वरिष्ठ उपाध्यक्ष संजय उपाध्याय, शाखा अध्यक्ष भीम सिंह, मंत्री चंद्र सेन, संरक्षक अरविन्द सिंह मौजूद रहे।

रुद्रपुर में प्रदर्शन करते राज्य कर कर्मचारी। ● अमृत विचार

वर्ग पहेली-112

बाएं से दाएं

1. बेंत की प्रजाति का एक पौधा जिसके डंठल अंदर से खोखले किंतु मज़बूत होते हैं जिनका प्रयोग कलम बनाने में किया जाता है
4. 1. तंदुरुस्त, हृष्ट-पुष्ट 2. गोल आकार का 3. भारी शरीर का नाटा व्यक्ति।
5. एक ही ग्रंथ के विभिन्न संस्करणों के पाठ में मिलने वाला भेद, पाठांतर।
6. 1. अपनी माता से उत्पन्न कन्या 2. बुआ
7. 1. तिर्यक, तिरछा, पड़ा 2. 'खड़ा' या 'सीधे' का उलटा, क्षैतिज तल के समांतर 3. विकट, कठोर।

ऊपर से नीचे

2. 1. कलम से रद्द किया हुआ 2. काटा हुआ 3. निरस्त।
3. 1. देने का काम कराना 2. प्राप्त कराना 3. वसूल करवाना।
5. चांदी



वर्ग पहेली -111 का हल

	1 ओ	सा	2 ई		3 उ
			मा		के
4 वि	घ	ट	न	का	री
दे			दा		
श		5 का	री	ग	र
	6 मै				
7 मा	न	म	नु	हा	र

सुडोकू -25

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

8			1		2			
	7					9		6
	5		9		8			
2		8	4			5	6	
	3	5				1	4	
	4	6			5	3		8
			5		6		2	
4		9					5	
			8		3			7

सुडोकू -24 का हल

4	2	8	3	9	6	7	5	1
9	1	3	5	7	2	4	8	6
6	7	5	1	4	8	2	9	3
8	5	4	9	1	7	3	6	2
1	6	2	4	8	3	5	7	9
7	3	9	6	2	5	8	1	4
3	8	1	2	5	9	6	4	7
5	9	6	7	3	4	1	2	8
2	4	7	8	6	1	9	3	5

छह माह पहले आशीष में आए बदलाव को भांप नहीं पाए परिजन

संवाददाता पंतनगर

अमृत विचार: सोमवार को पंतनगर एयरपोर्ट के सरकारी आवास में एटीसी इंचार्ज आशीष चौसाली का शव संदिग्ध परिस्थितियों में महिला की वेशभूषा में पंखे से लटका मिला था। मंगलवार को उनका भांजा आकाश और फुफेरा भाई रवि शव लेकर पिथौरागढ़ पहुंचे, जहां गमगीन माहौल में उनका अंतिम संस्कार कर दिया गया। इधर मंगलवार को एयरपोर्ट में सभी कर्मियों ने दो मिनट का मौन रखकर आशीष को श्रद्धांजलि अर्पित की।

आशीष का व्यवहार बिल्कुल सामान्य रहता था। एयरपोर्ट परिसर के सरकारी आवास में आशीष के साथ उनका भांजा आकाश भी रहता था। पहले आकाश और आशीष एक ही कमरे में साथ सोते थे। आवास का केवल मुख्य द्वार ही बंद करते थे और कमरों के दरवाजे खुले रहते थे। लगभग छह माह पहले आशीष के व्यवहार में बदलाव आने लगा और उन्होंने आकाश को अलग कमरे में सोने की हिदायत दी। पहले तो आशीष अपना कमरा खुला रखते थे, फिर उन्होंने अंदर से बंद करना शुरू कर दिया। आकाश के इस बदलाव का कारण पूछने पर आशीष ने हंस कर टाल दिया था। सोमवार को भी उनका कमरा अंदर से बंद था।

आशीष चौसाली।

आम का स्वाद भी नहीं ले पाए आशीष

रविवार की शाम आशीष की पड़ोसी सहकर्मियों से परिसर में लगे पेड़ों से सोमवार सुबह आम तोड़ने की बात तय हुई थी। इसके तहत सभी सहकर्मी सोमवार सुबह आशीष के आवास में पहुंचे और आशीष के कमरे का दरवाजा खटखटाया लेकिन कोई प्रतिक्रिया नहीं मिलने पर उनके भांजे आकाश को आम तोड़ने साथ ले गए। सभी लोग आम तोड़कर वापस आए और आशीष के हिस्से के आम आकाश को सौंपकर चले गए। लेकिन वह उन आमों का स्वाद भी नहीं ले पाए।

आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 26 जून बुधवार 2024 संवत-2081, शक संवत 1946 मास-आषाढ़, पक्ष-कृष्ण पक्ष, तिथि-पंचमी 20 .55 तक तत्पश्चात षष्ठी।

आज का पंचांग



दिशाशूल-उत्तर। ऋतु-वर्षा।
चन्द्रबल- मेष, वृषभ, सिंह, कन्या, धनु, कुंभ।
ताराबल-भरणी, रोहिणी, मृगशिरा, आर्द्रा, पुनर्वसु, आश्लेषा, पूर्वा फाल्गुनी, हस्त, चित्रा, स्वाति, विशाखा, ज्येष्ठा, पूर्वाषाढ़ा, श्रवण, धनिष्ठा, शतभिषा, पूर्वाभाद्रपद, रेवती।
नक्षत्र-धनिष्ठा 13 .05 तक तत्पश्चात शतभिषा।

मेष — आज आपका स्वास्थ्य काफी अच्छा रहेगा। आपकी सलाह से लोगों के काम बनेंगे। रुके हुए कार्यों को पूरा करने का तनाव हो सकता है। पुराने संपर्कों का आप उत्तम लाभ उठा सकते हैं। मित्रों के साथ कहीं घूमने के लिए जा सकते हैं।

वृष — आज माता-पिता आपका मनोबल बढ़ाएंगे और आपसे किसी महत्वपूर्ण विषय पर राय भी लेंगे। कार्यक्षेत्र में आपके प्रबन्धन कौशल की प्रशंसा होगी। आपको पहले किए गए परिश्रम का लाभ प्राप्त होगा। बहु प्रतीक्षित कार्यों में सफलता मिल सकती है।

मिथुन — आज पुराना लोन चुकाने में आपको सफलता मिल सकती है। बिना मांगे किसी को राय न दें। परिजन आपके विचारों और भावों को काफी महत्व देंगे। आपका दृष्टिकोण सकारात्मक रहेगा। आपको सभी प्रयासों में सफलता मिलेगी।

कर्क — आज अपने काम के प्रति उदासीनता के कारण परेशान हो सकते हैं। बहुत महत्वपूर्ण कार्यों से दूरी बनाकर रखनी चाहिए। दूसरों पर आपको ज्यादा निर्भर नहीं रहना चाहिए। अपनी दिनचर्या के प्रति लापरवाही न रखें।

सिंह — आज संतान के प्रति विश्वास बनाए रखें। आपके ऊपर काम का दबाव कम होगा। व्यवसाय में कुछ नया परिवर्तन कर सकते हैं। व्यावसायिक उद्देश्य से यात्रा हो सकती है। वैवाहिक जीवन काफी अच्छा रहेगा।

कन्या — आज ससुराल पक्ष से मान-सम्मान प्राप्त होगा। सरकारी कार्यों में सफलता मिलेगी। परिजनों के प्रति अच्छा व्यवहार रखें। योजनाओं को उचित तरीके से क्रियान्वित कर पाएंगे। बेरोजगार लोगों को जॉब मिल सकती है। उधार धन के लेन-देन से आपको बचना चाहिए।

तुला — आज सोशल मीडिया में काफी सक्रिय रहेंगे। भोजन में शुद्धता का विशेष ध्यान रखें। आपकी बुद्धि और ज्ञान की प्रशंसा होगी। नए व्यवसाय में आपका मन लगेगा। परिवार के साथ सुखद समय बिताएंगे। सेहत का ध्यान रखें, क्योंकि सर्दी और कफ की समस्या हो सकती है।

वृश्चिक — आज आपको काफी सावधान रहना होगा। व्यावसायिक तनाव को घर पर न आने दें। नया वाहन खरीद रहे हैं तो उसके विषय में पूरी जानकारी ले लें। जिन लोगों पर आप आंख-मूंदकर भरोसा करते हैं हो सकता है वही आपको धोखा दे दें।

धनु — आज अपने मन की करें दूसरों से ज्यादा सलाह न लें। बुद्धिमान लोगों के बीच आपका सम्मान बढ़ेगा। पति-पत्नी के बीच संबंध मधुर होंगे। युवाओं को नए करियर के अवसर मिलेंगे। राजनीतिक लोगों को अच्छे अवसर मिल सकते हैं।

मकर — आज रिश्तेदारों से आपको मिलना पड़ सकता है। आपकी उपलब्धियों के कारण लोग आपकी प्रशंसा करेंगे। विद्यार्थी अपनी पढ़ाई को लेकर चिन्तित रहेंगे। फाइनेंस संबंधी कार्यों को लेकर परेशानी होगी। महत्वपूर्ण पेपर्स को संभाल कर रखें।

कुंभ — आज कमीशन से संबंधित कार्यों से आपको लाभ प्राप्त होगा। वैवाहिक जीवन में प्रसन्नता रहेगी। जीवनसाथी के साथ आप कहीं घूमने जा सकते हैं। आपके सभी काम समय पर पूरे हो जाएंगे। रुका हुआ धन आपको मिल सकता है।

मीन — आज किसी परिजन के स्वास्थ्य की चिंता रहेगी। इलेक्ट्रॉनिक्स डिवाइसेस में खराबी आ सकती है। नया काम शुरू करने में कठिनाई होगी। आप दूसरों की सेवा में मन लगाएंगे। गलत खान-पान के कारण सेहत खराब हो सकती है।

आज की फिल्में

B4U MOVIES
- ताल — सुबह : 09 .33
- तकदीर का तमाशा — रात : 07 .00

&pictures
- होगी प्यार की जीत — सुबह : 11 .07
- यू-टर्न — रात : 08 .00

SONY PIX
- क्लैश ऑफ़ द टाइटंस — सुबह : 10 .19
- मोर्टल कॉम्बेट — रात : 09 .00

ZEE CINEMA
- बजरंगी 2 — सुबह : 08 .59
- फुकरे 3 — रात : 07 .50

colors CINEPLEX
- आरक्षण — सुबह : 11 .18
- दृश्यम 2 — रात : 08 .33

आज की सुपरहिट फिल्म

कलर्स सिनेप्लेक्स पर रात : 08 .33 बजे

जोक्स ऑफ द डे

शादी के बाद पहली बार बहू रसोई में गई और रेसिपी बुक में पढ़कर खाना बना रही थी।
सास बाहर से लौटी, फ्रिज खोला, देखकर चौंक गई और पूछा - ये मंदिर का घंटा फ्रिज में क्यों रखा है?
बहू - बुक में लिखा है, सब चीजों का मिश्रण कर लें और एक "घंटा" फ्रिज में रखें।

पप्पू साइकिल से जा रहा था। अचानक एक लड़की से भिड़ गया। लड़की - घंटी नहीं मार सकता था बे
पप्पू - अबे मैंने पूरी साइकिल मार दी। अब क्या घंटी अलग से मारूं!

अमृत विचार
www.amritvichar.com

रोहते सायकैर्विद्धं वनं परशुना हतम्।
वाचा दुरुक्तं बीभत्सं न संरोहति वाक्क्षतम्॥

बाणों से छलनी और फरसे से कटा गया जंगल पुन: हरा-भरा हो जाता है, लेकिन कटु वचन से बना घाव कभी नहीं भरता।

संपादकीय

पर्यावरणीय जोखिम

जल की कमी एक गंभीर वैश्विक चिंता है। परंतु भारत में पानी की बढ़ती कमी कृषि तथा उद्योग क्षेत्र को प्रभावित कर सकती है जो देश की ऋण क्षमता के लिए हानिकारक है, क्योंकि खाद्य मुद्रास्फीति में वृद्धि और लोगों की आय में गिरावट होगी। परिणामस्वरूप खाद्य पदार्थों की कीमतें बढ़ सकती हैं। कहा जा सकता है कि जल संकट के देश में दूरगामी परिणाम होंगे। भारत जैसे देश में जनसंख्या वृद्धि, शहरीकरण और औद्योगीकरण के कारण पानी की मांग लगातार बढ़ रही है। उपलब्ध जल संसाधन आबादी की ज़रूरतों को पूरा नहीं कर पा रहे हैं। मंगलवार को जारी रिपोर्ट में एजेंसी मूडीज रेटिंग्स ने कहा है कि जलवायु परिवर्तन में तेजी के कारण पानी का तनाव बिगड़ रहा है, जिससे सूखा, गर्मी की लहर और बाढ़ जैसी तीव्र और लगातार चरम जलवायु घटनाएं हो रही हैं। तेजी से आर्थिक विकास और जलवायु परिवर्तन के कारण लगातार प्राकृतिक आपदाओं के बीच पानी की खपत बढ़ने से भारत पानी की कमी का सामना कर रहा है। यह रिपोर्ट ऐसे समय में आई है जब राष्ट्रीय राजधानी के कुछ हिस्सों में बढ़ते जल संकट के कारण विरोध प्रदर्शन हो रहे और राजनीतिक मुद्दा बन गया है। कम वर्षा और शुष्क परिस्थितियों के कारण राजस्थान, गुजरात और दक्षिण भारत के कुछ हिस्सों में जल की कमी विशेष रूप से गंभीर है। निश्चित रूप से पानी की कमी का देश की अर्थव्यवस्था की रीढ़ कृषि पर असर पड़ता है। कृषि पर अत्यधिक निर्भर क्षेत्रों का सामाजिक-आर्थिक ताना-बाना गंभीर रूप से तनावपूर्ण होता है।

पानी की गंभीर कमी का सामना कर रहे कुछ राज्यों ने जल प्रबंधन में निवेश के लिए धन जुटाने के लिए स्थायी वित्त बाजार का उपयोग किया है। भारत दुनिया की सबसे तेज गति की अर्थव्यवस्था के साथ आगे बढ़ रहा है। दुनिया की हर एजेंसी भारत की अर्थव्यवस्था पर भरोसा जता रही है। जल संकट भारत के विकास में अस्थिरता को बढ़ा सकता है और अर्थव्यवस्था की झेलने की क्षमता को कमजोर कर सकता है। भारत के समक्ष पर्यावरणीय जोखिम से संबद्ध चेतावनी को गंभीरता से लेने की आवश्यकता है। जल संकट को कम करने के लिए, टिकाऊ दीर्घकालिक समाधानों के लिए स्थायी जल आवंटन और प्रबंधन को बढ़ावा देने वाली नीतियां आवश्यक हैं। जल उपचार और बुनियादी ढांचे में निवेश करने, जल संरक्षण को बढ़ावा देने और समान जल वितरण सुनिश्चित करने के लिए प्रभावी नीतियों को लागू करने की आवश्यकता है। जनता के बीच जल संरक्षण के बारे में जागरूकता बढ़ाना और जिम्मेदारी से पानी के उपयोग को प्रोत्साहित करना महत्वपूर्ण है।

जब संविधान की प्रति मांगने पर कहा जाता कि छपना बंद है



राज खन्ना
वरिष्ठ पत्रकार

12 जून 1975 को इलाहाबाद उच्च न्यायालय के जस्टिस जगमोहन लाल सिन्हा के एक अदालती फैसले ने देश में भूचाल ला दिया था। इस फैसले ने तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी का रायबरेली से लोकसभा का निर्वाचन चुनावी कदाचार के आरोपों में अवैध घोषित कर दिया था।

2024 के लोकसभा चुनाव में भाजपा के फिर से सत्ता में आने पर संविधान को बदले जाने के खतरे के सवाल को विपक्ष ने जोर-शोर से उठाया। इसकी गरमाहट अभी भी बनी हुई है। 18 वीं लोकसभा के शुरुआती दिन अनेक विपक्षी सांसद संविधान की रक्षा के संकल्प के तौर पर उसकी प्रति साथ लिए थे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी चुनाव प्रचार के दौरान बार-बार दोहराते रहे कि संविधान को कोई बदल नहीं सकता। एनडीए के नेता पद के चुनाव की बैठक में प्रधानमंत्री ने सबसे पहले भारत के संविधान के सम्मुख मस्तक नवाया। उधर राहुल गांधी इस सवाल पर मोदी और भाजपा पर लगातार हमलावर है।

फिलहाल तो संविधान में "बदलाव की आशंका में" आस्तीनें चढ़ी हुई हैं,लेकिन आजाद भारत में 21 महीने का ऐसा भी दौर आया था,जब देश का संविधान बेमानी हो गया था। उसमें मनमाने फेर बदल किए गए। मूल ढांचे पर आघात किया गया। अदालतें पंगु हो गईं थीं। तब संविधान की प्रति मांगने पर बुक सेंटर्स पर कहा जाता था कि "वो छपना बंद हो गया।" क्यों और क्या हुआ था तब?

12 जून 1975 को इलाहाबाद हाइकोर्ट के जस्टिस जगमोहन लाल सिन्हा के एक अदालती फैसले ने देश में भूचाल ला दिया था। इस फैसले ने तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी का रायबरेली से लोकसभा का निर्वाचन चुनावी कदाचार के आरोपों में अवैध घोषित कर दिया था। गुजरात, बिहार के छात्र युवा इस फैसले के पहले से ही सड़कों पर थे। सर्वोदय नेता जयप्रकाश नारायण उनकी अगुवाई संभाल चुके थे। इसी के साथ उत्तर भारत के अन्य राज्यों में भी भ्रष्टाचार विरोधी "संपूर्ण क्रांति आंदोलन" का विस्तार हो चुका था। अनेक विपक्षी दल इस आंदोलन के साथ थे। अदालती फैसले ने इंदिरा गांधी पर इस्तीफे का दबाव और बढ़ा दिया। जवाब में इंदिरा जी ने विपक्ष को कुचलने का रास्ता अपनाया। आंतरिक इमरजेंसी लगाई। असहमति के हर स्वर का मुंह बंद किया। प्रेस पर सेंसरशिप थोपी। 25 जून की रात जयप्रकाश नारायण, मोरारजी देसाई, चंद्रशेखर, राजनारायण सहित तमाम विपक्षी नेता जेल में ठूंस दिए गए। गिरफ्तारियों का सिलसिला देशव्यापी था जिसमें विपक्ष के बड़े नेताओं से लेकर सरकार विरोधी

दहशत के बीच इमरजेंसी की शुरुआती कामयाबी कुछ महीने बीतने तक लापता हो चुकी थी। हर तरफ से सरकारी मशीनरी के जुल्म और लूट की शिकायतें थीं। नैतिक बल खो देने के कारण सरकार अपनी चमक खो चुकी थी। राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर इंदिरा गांधी की छवि और विश्वसनीयता को गहरा धक्का लगा था।

लाखों लोग शामिल थे। विपक्षियों को जेल में डालने के बाद अदालतों को हदों में बांधने का अभियान शुरु हुआ। 22 जुलाई 1975 को संविधान का 38 वां संशोधन लाया गया। उसके जरिए इमरजेंसी की घोषणा को न्यायिक समीक्षा के दायरे से बाहर कर दिया गया। राष्ट्रपति/राज्यपाल/केंद्र शासित प्रमुखों द्वारा जारी अध्यादेशों को अविवादित मानते हुए,उन्हें न्यायिक पुनर्विचार से पृथक माना गया। इलाहाबाद हाईकोर्ट के फैसले के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में लंबित अपील के फैसले का इंतजार नहीं किया गया। 10 अगस्त 1975 को पेश 39 वें संशोधन ने राष्ट्रपति, उपराष्ट्रपति, प्रधानमंत्री तथा लोकसभा स्पीकर के निर्वाचन से संबंधित विवादों को न्यायिक परीक्षण से मुक्त कर दिया।

28 अगस्त 1976 को प्रस्तुत 42 वें संशोधन का दायरा व्यापक था। संविधान की प्रस्तावना में "समाजवादी","धर्मनिरपेक्ष","एकता","अखंडता" शब्द जोड़े गए। मूल अधिकारों पर संविधान के नीति निर्देशक सिद्धांतों की सर्वोच्चता सुनिश्चित की गई। 10 मौलिक कर्तव्यों को अनुच्छेद 51(क)(भाग-iv क) में जोड़ा गया। इसके द्वारा संविधान को न्यायिक परीक्षण से मुक्त किया गया। सभी लोकसभा-विधानसभा की सीटों को शताब्दी के अंत तक के लिए स्थिर किया गया। 1971 में चुनी लोकसभा का कार्यकाल 1976 में पूर्ण हो रहा था। उस समय तक इंदिराजी चुनाव को लेकर मन नहीं बना पाईं थीं। 42 वें संशोधन ने लोकसभा के कार्यकाल को भी पांच वर्ष से बढ़कर छह वर्ष कर दिया। सत्ता की मनमानी और उसे मजबूत करने की कोशिशों ने संविधान को मखौल में बदल दिया। किसी बुक सेंटर पर भारतीय संविधान की प्रति मांगने पर अजूबे के तौर पर देखा जाता था। एक आहत दुकानदार का जवाब था," अब यह छपना बंद हो चुका है।" विपक्ष जेल में था। अदालतें डरी हुई थीं। प्रेस पाबंदियों में जकड़ा हुआ था।

इमरजेंसी की वैधता का सवाल सुप्रीम कोर्ट के सामने उठा। चीफ जस्टिस एएन रे की अगुवाई वाली पांच सदस्यीय बेंच ने सुनवाई की। अन्य जज थे-एच.आर.खन्ना, एमएच बेग, वाईवी. चंद्रचूड़ और पीएन.भगवती। इस सवाल से जुड़ी याचिकाओं को खारिज करने की मांग करते हुए सरकार का तर्क था कि राष्ट्रपति ने आपातकाल लागू करके अनुच्छेद 21 स्थगित कर दिया है। अतः उससे जुड़ा कोई मामला अदालत के सामने नहीं लाया जा सकता। सी.के.दफ्तरी का प्रतिवाद था,"कानून का शासन न तो स्थगित किया जाता है और न किया जा सकता है। अनुच्छेद 21 जीवन, व्यक्तिगत स्वतंत्रता और किसी अदालत में मुकदमा दायर करने का अधिकार देता है। अगर उसे स्थगित कर दिया जाए तो कैदियों के बचाव का कोई उपाय ही नहीं बचता।" नानी पालकीवाला ने कहा कि अगर कार्यपालिका संविधान प्रदत्त मौलिक संस्थाओं को ही कुचलने पर तुली हुई है तो भारत को प्रजातंत्र को अलविदा कह देना चाहिए। मूलभूत अधिकार सरकार की देन नहीं हैं,अपितु आजादी की लड़ाई में जनता के संघर्ष के परिणाम हैं।

बहुमत से भिन्न निर्णय करने वाले इकलौते जस्टिस खन्ना थे। उनके अनुसार इमरजेंसी की हालत में भी किसी व्यक्ति को जीवन या उसके वैयक्तिक अधिकारों से वंचित नहीं किया जा सकता। उन्होंने लिखा कि प्रश्न यह नहीं है कि क्या वैयक्तिक स्वतंत्रता पर अंकुश लगाया जा सकता है,बल्कि यह कि क्या इस तरह के सार्वजनिक खतरे को देखते हुए कानून को पूरी तौर पर खामोश किया जा सकता है। गिरफ्तारी आदेश के विरुद्ध किसी याचिका को कानून की अनिवार्य आवश्यकताओं जिसके तहत उसे पारित किया गया,के प्रतिकूल होने के आधार पर अथवा दुर्भावना के आधार पर स्वीकार न करना अनुच्छेद 359 की सीमा के बाहर है। उन्होंने निर्णय दिया कि राष्ट्रपति को भी कानून के शासन को निलंबित करने का अधिकार नहीं है। भय और आतंक के उस माहौल में जस्टिस खन्ना के साहस की हर ओर सराहना हुई। न्यूयार्क टाइम्स ने लिखा कि न्यायिक इतिहास में उनका नाम स्वर्णाक्षरों में लिखा जाएगा। पालकीवाला ने अपने एक लेख में लिखा कि जस्टिस खन्ना की प्रतिमाएं जगह-जगह लगाई जानी चाहिए। उम्मीद के मुताबिक जस्टिस खन्ना को इस फैसले की कीमत चुकानी पड़ी। उनकी सीनियारिटी को दर किनार कर जूनियर जस्टिस बेग को चीफ जस्टिस बनाया गया।

खन्ना ने इस्तीफे की जगह अपना शेष कार्यकाल भी निर्भीक और निष्पक्ष जज के रूप में पूरा किया,लेकिन जोर-जबरदस्ती की भी एक सीमा थी। दहशत के बीच इमरजेंसी की शुरुआती कामयाबी कुछ महीने बीतने तक लापता हो चुकी थी। हर तरफ से सरकारी मशीनरी के जुल्म और लूट की शिकायतें थीं। नैतिक बल खो देने के कारण सरकार अपनी चमक खो चुकी थी। राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर इंदिराजी की छवि और विश्वसनीयता को गहरा धक्का लगा था। खुशामदी उन्हें जीत के प्रति आश्वस्त कर रहे थे। खुफिया एजेंसियों के लोगों को नौकरी बचानी थी। उन्होंने भी आसमानी अनुमान पेश किए। संविधान अपने अनुकूल ढाला जा चुका था। जीत तय मानी गई।

18 जनवरी 1977 को लोकसभा चुनाव के फैसले की घोषणा कर दी गई। तारीखें 20-24 मार्च 1977 की थीं। विपक्षियों की रिहाई शुरु की गई। हिसाब लगाया गया था कि उन्नीस महीने जेल में बिता कर निकले नेताओं को संभलने का मौका ही नहीं मिलेगा,लेकिन इमरजेंसी की ज्यादतियों से नाराज जनता के लिए पार्टी और उम्मीदवार बेमानी थे। जयप्रकाशजी की कोशिशों से बिखरे विपक्षियों ने चरण सिंह के भारतीय लोकदल का चुनाव निशान हलधर लिया। जनता पार्टी का नाम चुना। जनता ने सिर्फ कांग्रेस को सत्ता से बेदखल नहीं ही किया, बल्कि रायबरेली जहां से पिछली बार 1974 में इंदिराजी जीतकर 1975 में अदालत से हारी थीं,को इस बार जनता ने हराया। बाजू की अमेठी लोकसभा सीट पर संजय गांधी पराजित हुए। पूरे उत्तर भारत से कांग्रेस साफ थी। जनता पार्टी की लोकसभा सीटें 298 थीं।

प्रसंगवश

भ्रामक है स्थायित्व की गणित

अठारहवीं लोकसभा का सत्र पहला दिन खूब गहमागहमी युक्त और हलचल भरा रहा। दोनों तरफ से आस्तीनें समेटी गईं। चूंकि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अपनी पूर्ण बहुमत की सरकार नहीं है,अतः अस्थिरता की आशंकाओं के निवारणार्थ उन्होंने धर्म ग्रंथों का सहारा लेकर अपनी सरकार को स्थिर साबित करने की गणित पेश की। चूंकि यह लोकसभा अठारहवीं है और आठ व एक का योग नौ होता है,अतः इन दो अंकों का सहारा लेकर उन्होंने अपने विषय को प्रतिपादित करने की कोशिश की। नौ इसलिए संदर्भित किया, क्योंकि इसके पहाड़े के सभी अंकों का योग नौ ही रहता है। अठारह के अंक के लिए उन्होंने गीता को अठारह अध्यायों वाली बताया और पुराणों तथा उप-पुराणों की संख्या अठारह बताकर अपनी सरकार स्थिर बताई। इस संबंध में मुझे यह कहना है कि यह गणित भ्रामक और विश्लेषण औचित्यपूर्ण नहीं है। पहले तो यह कि लोकसभा अठारहवीं है, सरकार नहीं। लोकसभा कार्यकाल पूरा कर ले,किंतु सरकार न कर पाए। साथ ही अठारह से जो निष्कर्ष निकाला गया,वह खींचातानी भरा और तर्क संगत नहीं है। गीता के अध्याय अठारह हैं तो गीता संदेश क्या देती है? सत्ता के विरुद्ध लड़ने के लिए अर्जुन को भगवान श्रीकृष्ण ने प्रेरित किया। युद्ध हुआ और सत्ता पराजित होकर विनष्ट हुई। नई सत्ता आ गई। मालूम हो कि दोनों तरफ की सेना भी आठारह अक्षौहिणी थी,जो नष्ट हो गई। युद्ध भी अठारह दिन ही चला। तत्समय भी बहुमत सत्ताधारी पक्ष यानी कौरव दल का ही था जिनके पास ग्यारह अक्षौहिणी सेना थी। पांडवों के पास कम,यानी केवल सात अक्षौहिणी,लेकिन बहुमत हारा। अतः गीता वाले अठारह का उदाहरण तो उल्टा बैठ रहा है। पुराण अठारह जरूर हैं,किंतु उप पुराण 55 हैं। मुख्य उप-पुराण 18 हैं तो 18+18 का योग तो 36 होता है,जो निरंतर विरोध का ही प्रतीक है। एक बात और। यदि अठारह और नौ के आधार पर यह कार्यकाल पूरा करेंगे तो मोदी का पिछला कार्यकाल कैसे पूरा हुआ? तब तो ये अंक क्रमशः 17 और 8 थे। एक अन्य सोच के अनुसार अब तक हुए हिंदुओं के नौ अवतारों में नवें गौतम बुद्ध थे,जो राजपाट छोड़कर चले गए थे।

रघोत्तम शुक्ला
सेवानिवृत्त पीसीएस

इसरो की अंतरिक्ष यान तकनीक

भारत तीसरा मुल्क है जिसने स्पेस शटल बनाने का उपक्रम किया है। अमेरिका ने कई साल तक स्पेस शटल चलाई, रूस ने अपनी स्पेस शटल 'बुरान' का सफलतापूर्वक टेस्ट किया,लेकिन सन 1988 में इस प्रोग्राम को बंद कर दिया। और जब 1991 में सोवियत संघ टूट गया तो अंतरिक्ष कार्यक्रम के लिए धन भी कम हो गया। रूस ने 1993 में निर्माण के विभिन्न चरणों में चार अन्य अंतरिक्ष शटल वाहनों के साथ बुरान कार्यक्रम को आधिकारिक तौर पर रद कर दिया।

अमेरिका की दो स्पेस शटल दुर्घटनाग्रस्त हुईं और यह यान जिसका काम अंतरिक्ष में सामान पहुंचाना,अंतरिक्ष में 'नियर अर्थ ऑर्बिट में चक्कर लगाने वाले सैटेलाइट्स और शक्तिशाली दूरबीनों की मरम्मत करना और स्पेस स्टेशन से मलबे और कूड़े को वापिस लाना था। अंततः अनेक समस्याओं के कारण बंद करना पड़ा। पूरा प्रोग्राम यादों का अब एक म्यूजियम मात्र है। स्पेस शटल कार्यक्रम अमेरिकी नासा द्वारा चलाया गया चौथा मानव अंतरिक्ष उड़ान कार्यक्रम था जिसने 1981 से 2011 तक पृथ्वी से कक्षा में चालक दल और कार्गो के लिए नियमित परिवहन पूरा किया। इसका आधिकारिक नाम,स्पेस ट्रांसपोर्टेशन सिस्टम (एसटीएस), पुनः प्रयोज्य अंतरिक्ष यान की एक प्रणाली के लिए 1969 की योजना से लिया गया था जिसमें से यह विकास के लिए वित्त पोषित एकमात्र वस्तु थी। इसने 135 मिशनों में उड़ान भरी और 16 देशों के 355 अंतरिक्ष यात्रियों को ले गया जिनमें से कई-कई यात्राओं पर थे। दो पुनः प्रयोज्य ठोस रॉकेट बूस्टर और एक डिस्पोजेबल बाहरी ईंधन टैंक के साथ लांच किए गए। ऑर्बिटर से बना स्पेस शटल, आठ अंतरिक्ष यात्रियों और 50000 पाउंड (23,000 किलोग्राम) तक के पेलोड को कम पृथ्वी की कक्षा (एलईओ) में ले गया। जब इसका मिशन पूरा हो जाता था तो ऑर्बिटर पृथ्वी के वायुमंडल में फिर से प्रवेश करता और कैनेडी स्पेस सेंटर या एडवर्ड्स एयरफोर्स बेस पर ग्लाइडर की तरह उतर जाता था। यह बहुत खर्चीले और जोखिमपूर्ण अभियान थे। इसे बंद कर दिया गया। अमेरिका ने स्पेस शटल प्रोग्राम की घोषणा जनवरी 1972 में की थी। तब यूएस कांग्रेशनल कमेटी ने इसकी कास्ट तो बेनिफिट स्टडी की थी । मालूम हुआ की सन् 1984 तक नासा इस प्रोग्राम पर 43 बिलियन यूएस डॉलर (सन् 1971 की डॉलर मूल्य के अनुसार) खर्च करेगा,लेकिन हुआ चार-पांच गुणा। शटल कक्षा में उतरने और उतरने वाला एकमात्र पंखों वाला चालक दल वाला अंतरिक्ष यान है और पहला पुनः प्रयोज्य चालक दल अंतरिक्ष यान है जिसने कक्षा में कई उड़ानें भरीं। इसके मिशनों में अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन (आईएसएस) सहित विभिन्न कक्षाओं में बड़े पेलोड ले जाना शामिल था। अंतरिक्ष स्टेशन के लिए क्रू रोटेशन प्रदान करना और हबल स्पेस टेलीस्कोप पर सेवा मिशन निष्पादित करना। ऑर्बिटर ने उपग्रहों और अन्य पेलोड (जैसे आईएसएस से) को भी कक्षा से बरामद किया और उन्हें पृथ्वी पर लौटा दिया, हालांकि इस क्षमता में इसका उपयोग दुर्लभ था। कार्यक्रम के चरम पर 'प्रति माह लांच' की उम्मीद थी,लेकिन अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन के विकास में व्यापक देरी होने की वजह से ऐसा कभी हो नहीं पाया। स्पेस शटल प्रोग्राम के सक्रिय होने से पहले नासा ने 'एक्सप्लोरिंग द अननॉन' में अपने अंतरिक्ष कार्यक्रम के इरादों के बारे में जानकारी दी थी। हरेक अंतरिक्ष कार्यक्रम के लिए टेक्नोलॉजीज के डेवलपमेंट पर, प्रोटोकॉल विकसित करने पर और प्रोग्राम के सक्रिय हो जाने के बाद वास्तविक ऑपरेशनल डेटा के बारे में कितना डॉक्यूमेंटेशन करना होता यह आम आदमी को अंदाजा नहीं होता।

विश्वास है कि इसरो ने नासा और रूस के स्पेस शटल टेक्नोलॉजीज से संबंधित डेटा का पूरा अध्ययन करके ही 'पुष्पक' जैसा छोटा प्रोटोटाइप पहले लांच किया है। इसे एक ऐसी टेक्नोलॉजीज विकसित करने के इरादे से डिजाइन किया गया है और जिसमें उत्तरोत्तर सुधार किया जाएगा और जिसे एक पुनर्प्रयुक्त किए जाने वाले लांचर के रूप में इस्तेमाल किया जा सके। अर्थात इसे निकट अंतरिक्ष में भेजा जाएगा और यह अपना काम करके वापिस एक यान की भांति धरती पर उतरेगा। इसे बार-बार इस्तेमाल किया जा सकेगा और जरूरत होगी तो रिपेयर किया जाएगा ताकि हरेक बार एक नए लांचर के निर्माण पर पैसा न खर्च करना पड़े।



रणवीर सिंह फोगाट
सेवानिवृत्त अधिकारी स्वास्थ्य अनुसंधान विभाग आईसीएमआर

विश्वास है कि इसरो ने नासा और रूस के स्पेस शटल टेक्नोलॉजीज से संबंधित डेटा का पूरा अध्ययन करके ही 'पुष्पक' जैसा छोटा प्रोटोटाइप पहले लांच किया है।

सोशल फोरम

भ्रष्टाचार में शीर्ष पर कौन

बत्तीस साल पहले की बात है,तब बागेश्वर जिले का जन्म नहीं हुआ था। ग्राम विकास सचिव झा साहब ने भ्रमण के लिए दूरस्थ विकास खंड का चयन किया और मैं उनके साथ बतौर एडीएम हो लिया। सज्जन व्यक्ति थे। दिन भर के भ्रमण के बाद रात्रि विश्राम कौसानी में रखा गया।

कौसानी अल्मोड़ा जिले में एक रमणीक स्थल है और यहां से हिमालय पर्वत की छटा सुंदर दिखती है। शाम को राज्य अतिथि गृह के बाहर लान में हिमालय दर्शन के दौरान झा साहब ने कहा,"पाठक जी हम लोगों ने पढ़-लिखकर गांव छोड़ दिया है और गांवों में गुंडा राज हो गया है।" उस समय उनकी यह बात मुझे एक कैजुअल टिप्पणी लगी और सोचा कि वे अपने राज्य बिहार के बारे में कह रहे हैं। उस दौरान बिहार भ्रष्टाचार के मानकों में सबसे शीर्ष पर हुआ करता था। उनकी यह बात मुझे बार-बार याद आ जाती थी। पिछले दो-तीन साल से पांच-छः महीने पैतृक गांव में रहता हूं। दो महीने से गांव में हूं और झा साहब की बात याद आ गई। गांव में पानी के श्रोतों की भरमार के बाद भी वर्षा जल संचयन से टायलेट में काम चलाया जा रहा है। पीने का पानी धारे से ला रहा हूं या मंगवा रहा हूं।

पेयजल आपूर्ति के लिए पुरानी योजना बनी हुई है,लेकिन स्थानीय असामाजिक तत्वों ने कुछ ऐसे उपाय कर रखे हैं कि पीने का पानी ही सुलभ नहीं हो रहा है। मेरे इस गांव में धान की रोपाई होती है, गेहूं भी सिंचाई कर बोया जाता है, लेकिन बाहरी ठेकेदारों ने स्थानीय गुंडों की मदद से जलस्रोतों का ऐसा विखंडन कर दिया है कि तल्ला डौणूं में तो नर्सरी के लिए ही पानी नहीं है और मल्ला डौणू में पेयजल आपूर्ति ही घरों में नहीं हो रही है। यह सब सरकारी योजनाओं के नाम पर हो रहा है। मुझे तो रिटायर हुए ग्यारह वर्ष हो गए हैं और एक प्रकार का संन्यासी जीवन है,लेकिन क्या कोई बता सकता है कि भ्रष्टाचार के मानकों के आधार पर इस समय शीर्ष पर कौन है?

-फेसबुक वॉल से

रमेश चंद्र पाठक
सेवानिवृत्त आईएएस

जिंदगी जिंदगी से बड़ी है

हर व्यक्ति की अलग-अलग क्षेत्र में अलग-अलग प्रकृति प्रदत्त क्षमता होती है। सभी की क्षमता सभी क्षेत्रों में नहीं हो सकती। प्रकृति की योजना। यह योजना हमारे लिए अनुत्क्रमणीय है। इस सीमा को महसूस करना और क्षेत्र-सापेक्ष क्षमता का आकलन करना ही हमारे लिए शक्य है। यह जीवन की एक अकाट्य शर्त है। उसकी सीमा भी। दृढ़ संकल्प से क्षेत्र विशेष में सीमा के विस्तार की संभावना रहती है,किंतु कोई भी विस्तार असीमित नहीं है। इस दृश्य और गम्य संसार में कुछ भी असीमित नहीं है। वह वस्तु या पदार्थ हो,शक्ति या ऊर्जा हो, व्यक्ति या परिघटना हो, कुछ भी असीमित नहीं है। संभवतः इसी रिक्तता को भरने के लिए परम, निःसीम, कालातीत, पूर्ण, अनादि-अनंत परम सत्ता, परम शक्ति,परम चेतना, परम सत्य, ईश्वर की अवधारणा विकसित हुई हो। लोकोत्तरवाद, स्वर्ग-नर्क, मोक्ष, रहस्यवाद, अंतिम फैसला वगैरह की परिकल्पनाएं इसी रिक्तता से निकली हों। विडंबना यह है कि इन तमाम परिकल्पनाओं के बावजूद अपनी क्षमता का सीमांत किसी को ज्ञात नहीं। क्षमता हो, न हो, कुछ करने, कुछ पाने की आकांक्षा बनी रहनी है। अंतिम सांस तक बनी रहनी है। आकांक्षा और क्षमता के बीच द्वंद्व में तालमेल बिठाने का प्रयास ही जिंदगी है। यह प्रयास अंतिम सांस तक चलना है। एक वस्तुगत भुलावे को भुलावा न मानकर लगातार उसे धक्का देने,किसी न किसी प्राप्य को लक्ष्य बनाने और निरंतर उसको प्राप्त करने की ओर आगे बढ़ने के प्रयास का नाम ही जिंदगी है। इसी में पूरी जिंदगी निकल जानी है। जिंदगी का अंत कब आएगा? पता नहीं। किंतु नए-नए मंसूबे बनाना,उनके लिए नई-नई योजनाएं तैयार करना, उन पर आगे बढ़ने की कोशिश करना, जिंदगी के अंत तक जारी रहेगा। जीने की प्यास अंत तक बनी रहेगी। अपने सामर्थ्य के घिसते,बिखरते जाने के बावजूद बनी रहेगी। जिंदगी की आकांक्षाएं, उनकी पूर्ति की आकांक्षाएं, उनकी पूर्ति के लिए किए गए प्रयास की आकांक्षाएं अंतिम सांस तक बनी रहेंगी।

विडंबना यह है कि इन तमाम परिकल्पनाओं के बावजूद अपनी क्षमता का सीमांत किसी को ज्ञात नहीं। क्षमता हो, न हो, कुछ करने, कुछ पाने की आकांक्षा बनी रहनी है।



कमलाकांत त्रिपाठी
पूर्व आईआरएस

आरक्षण के जनक छत्रपति साहूजी महाराज

छत्रपति साहूजी महाराज कोल्हापुर के राजा थे। फिर भी रूढ़िवादी लोग उनको शूद्र कहते थे। राजा के संस्कार उनके पुरोहित वैदिक पद्धति से न कराकर पौराणिक पद्धति से कराते थे। समाज में जातिवाद का जबरदस्त प्रभाव था,जबकि साहूजी समानता का व्यवहार चाहते थे। साहूजी राजा ने अपने राज्य में जनसाधारण के लिए जो कार्य किए वे आजाद भारत मे संविधान के अंग बने। छत्रपति साहूजी महाराज जब 2 जून 1902 को इंग्लैंड की यात्रा गए थे। तब वे राज्य की जिम्मेदारी भास्कर राव जाधव को दे गए थे।

लंदन के कैम्ब्रिज विश्वविद्यालय में उनका स्वागत समारोह हुआ जिसकी उनके गुरु भाई सर अल्फ्रेड वीज ने व्यवस्था की और उनको एलएलडी की मानद उपाधि प्रदान की गई। उनके राज्य में कर्मचारी जिनकी संख्या सत्तर से नब्बे तक विभिन्न पदों पर थी। भास्कर राव जाधव को राज चलाने नहीं दे रहे थे जिसकी सूचना उनको इंग्लैंड प्रवास के दौरान दी गई। उन्होंने वहीं से 26 जुलाई 1902 को एक गजट जारी किया जिसमें घोषणा की कि शासन-प्रशासन की सेवाओं में पचास प्रतिशत आरक्षण पिछड़े वर्गों के लिए घोषित किया जाता है। उस घोषणा में दलित वर्ग भी सम्मिलित था। यह भारत के इतिहास में पहली और अनोखी कार्यवाही थी। बहुजनों को बड़ा तोहफा था। हालांकि कुछ लोगों ने योग्यता की दुहाई देकर विरोध भी किया।

26 जुलाई 1919 को इसकी सीमा बढ़ाकर नब्बे प्रतिशत तक कर दी गई। इस व्यवस्था को अन्य राज्यों ने भी अपनाया और संविधान में भी व्यवस्था की गई। अभी संपन्न हुए चुनाव में भी आरक्षण और संविधान का मुद्दा छाया रहा। साहूजी ने छात्रावासों की भी स्थापना की जिसमें अछूतों के लिए भी छात्रावास बनाया जिसका नाम मुंबई के राज्यपाल की दिवंगत बेटी जो कि अछूतों से हमदर्दी रखती थी,वहायलेट क्लार्क के नाम पर रखा गया। मुस्लिमों की शिक्षा उन्नति के लिए 'मुस्लिम शिक्षा समिति' की स्थापना की। उनके लिए अलग छात्रावास का निर्माण कराया। यूसुफ अब्दुल्ला को अपने यहां नौकरी इसलिए दी कि ईमानदारी से छात्रवास और शिक्षा की व्यवस्था देखें।

पिछड़े वर्गों के सरकारी सेवाओं को मंडल कमीशन के एक भाग को वीपी सिंह के प्रधामंत्रित्व काल में आरक्षण को सत्ताईस प्रतिशत की व्यवस्था हुई। साहूजी पिछड़े वर्गों के हितों के लिए अपने जीवनकाल में संघर्ष करते रहे। महापुरुषों को अब भी इतना सम्मान नहीं मिला,बल्कि उनको याद करने वाले भी कम ही लोग हैं।

सुरेन्द्र सोनकर
सामाजिक चिंतक

रोग निवारक एवं परमौषधि योग

योग अमृतयुत परम स्वास्थ्य औषधि है,सकल शरीर विज्ञान है,चरम विज्ञान के साथ ही एकाग्रभाव का मुख्य स्रोत है,मन-आत्मा-शरीर का संयोजक है, आत्मशक्ति का परिचायक है, चेतनता, समरसता, ज्ञान और कर्म का शिक्षक है।

सर्वविदित है कि भारतीय वैदिक/पौराणिक युग से ही योग की जड़ें जुड़ी हुई हैं, शास्त्रों में उपलब्ध है कि आदि योगी के नाम से भगवान शिव थे, जिन्होंने इस कला को जन्म दिया। 200 ईसा पूर्व महर्षि पतंजलि ने योगसूत्र में 195 योगसूत्रों का प्रणयन करके योग की परंपरा को विधिवत आगे बढ़ाया। दुनिया के सभी योग गुरुओं के लिए योगसूत्र प्रेरणा एवं मार्गदर्शन का कार्य करते आए हैं। प्राचीन भारतीय ऋषिमुनियों और तत्ववेत्ताओं द्वारा प्रतिपादित योग एक विशिष्ट आध्यात्मिक प्रक्रिया है। महर्षि पतंजलि ने "योगश्चित्तवृत्तिनिरोधः" अर्थात् चित्त की वृत्तियों में निरोध/ नियंत्रण करना ही योग बताया है। वहीं भगवान श्री कृष्ण ने श्रीमद्भगवद्गीता में 'योगः कर्मसु कौशलम्' और "समत्वं योग उच्यते" दो मुख्य परिभाषाओं से योग का महत्व प्रतिपादित किया है। योग व्यक्ति को आंतरिक एवं बाह्य दोनों रूप से स्वस्थ, समृद्ध एवं विकसित करने का एक परम साधन है। योग अनुशासित-पवित्र जीवन के साथ असाधारण कार्य करने की क्षमता रखता है। निद्रा-तन्द्रा-आलस्य से मुक्त होकर वर्ण,लिंग,जाति,धर्म, अस्पृश्यता के भेद से मुक्त हो जाता है।

बौद्धिक, मानसिक, शारीरिक, स्वस्थ्ता की इच्छा के साथ ही दुर्गुणों की निवृत्ति के साथ सद्गुणों की प्रवृत्ति के लिए तथा विभिन्न रोग, संदेह, भ्रम, व्यसन, मिथ्याडंबर, भूत-प्रेत बाधादि के निवारण के साथ आदि दैविक, भौतिक, आध्यात्मिक दुःखों की निवृत्ति के लिए योग मार्ग मंगल पथ है तथा परमौषधि है। सभी जाति-धर्मों के युवा,प्रौढ़,पुरुष और महिलाओं को इस मार्ग का आचरण-अनुसरण करना चाहिए। यही मानव जीवन का अंतिम लक्ष्य भी है।

डॉ. हेमंत कुमार जोशी
नैनीताल

चम्पावत जिला योजना के लिए 58.36 करोड़ का बजट पास

महिला सशक्तिकरण, बाल विकास व जिले की प्रभारी मंत्री रेखा आर्या ने विभिन्न विभागों के लिए अनुमोदित किया बजट

संवाददाता, टनकपुर/ चम्पावत

अमृत विचार: महिला सशक्तिकरण, बाल विकास एवं जिला प्रभारी मंत्री रेखा आर्या ने डीएम कार्यालय सभागार में वर्ष 2024 25 की वार्षिक जिला योजना की बैठक ली। जिसमें 58 करोड़ 36 लाख 10 हजार रुपए का बजट पारित किया गया।

बैठक में विभागवार प्रस्तावित जिला योजना की समीक्षा करते हुए विभिन्न विभागों जिसमें मत्स्य, रेशम, सहकारिता, सामुदायिक विकास, निजी लघु सिंचाई, राजकीय सिंचाई, उरेडा, पर्यटन, कला एवं संस्कृति, खेल, युवा कल्याण, पेयजल, सड़क निर्माण, अनुसूचित जाति कल्याण, पंचायती राज व बाल विकास विभाग में गत वर्ष की तुलना में धनराशि बढ़ाते हुए अनुमोदन किया गया है। योजनाओं में पूंजीगत निर्माण को अधिक महत्व दिया गया है। बैठक में जनपद प्रभारी मंत्री,

चम्पावत के डीएम कार्यालय सभागार में जिला योजना की बैठक लेतीं जिला प्रभारी मंत्री रेखा आर्या। ● अमृत विचार

जिला योजना समिति के सदस्यों एवं प्रथम बार जिला योजना की बैठक में उपस्थित जिले के प्रभारी सचिव चंद्रेश यादव का स्वागत किया गया। जिलाधिकारी नवनीत पाण्डे ने वार्षिक जिला योजना 2024-25 हेतु कुल 36 विभागों द्वारा प्रस्तावित मदवार योजनाओं से अवगत कराया। उन्होंने कहा कि सभी क्षेत्रों में विकास के लिए जिले को एक आदर्श जिला बनाने के लिए प्रस्ताव लिए गए हैं। उन्होंने कहा कि गत वर्ष की जिला योजना 5401.87 लाख की तुलना में इस वर्ष 435 लाख रुपये कुल 8 प्रतिशत जिला योजना बड़ी है। बैठक में कुल 58 करोड़ 36 लाख,10 हजार का परिव्यय अनुमोदित किया गया। जिसमें विगत वर्ष के सापेक्ष लगभग 8.0 प्रतिशत की वृद्धि की गई है। जनपद के अनुमोदित परिव्यय में सामान्य मद में 47 करोड 70 लाख 80 हजार, स्पेशल कम्पोनेंट सब प्लान (एससीएसपी) में 10 करोड़ 21 लाख तथा ट्राइबल सब प्लान में 44 लाख 30 हजार का परिव्यय अनुमोदित किया गया। जिला प्रभारी मंत्री ने कहा कि चम्पावत को आदर्श जिला बनाए जाने में इन अनुमोदित योजनाओं को शत-प्रतिशत धरातल में उतरना महत्पूर्ण है। इसके लिए अधिकारी पूर्ण जिम्मेदारी व मनोयोग के साथ कार्य करें। जिला योजना के अन्तर्गत प्रमुख विभागों कृषि विभाग को 50 लाख, उद्यान विभाग 3 करोड़ 25 लाख, पशुपालन 1 करोड़ 50 लाख, मत्स्य 1 करोड़ 50 लाख, ग्राम्य विकास को 1करोड़, राजकीय सिंचाई को 1 करोड़ 75 लाख, निजी लघु सिंचाई 90 लाख, लोनिवि को 10 करोड़ 52 लाख, पर्यटन 3 करोड़ 75 लाख, खेल 98 लाख, युवा कल्याण 4 करोड़ 45 लाख, चिकित्सा 80 लाख, पेयजल निगम 95 लाख, जल संस्थान 6 करोड़ ,बाल विकास 66 लाख, माध्यमिक शिक्षा 1 करोड़ 90 लाख, प्राथमिक शिक्षा 1 करोड़ 75 लाख, उरेडा 1 करोड़ 25 लाख, नलकूप 3 करोड़ 6 लाख तथा डेयरी विकास विभाग के लिए 95 लाख की धनराशि की योजनाओं का अनुमोदन किया गया। बैठक में अध्यक्ष जिला पंचायत ज्योति राय, विधायक लोहाघाट खुशाल सिंह अधिकारी, सीएम प्रतिनिधि प्रकाश तिवारी, दीपक रजवार, क्षेत्र प्रमुख रेखा देवी, बाराकोट विनीता फर्त्याल, पाटी सुमनलता, जिले के प्रभारी सचिव चंद्रेश यादव, जिलाधिकारी नवनीत पाण्डे, पुलिस अधीक्षक अजय गणपति, सीडीओ संजय कुमार सिंह, डीईएसटीओ दीप्तिकीर्ति तिवारी आदि मौजूद रहे।

भैसियाछाना, धौलादेवी में बीस घंटे बिजली गुल

संवाददाता, धौलछीना

- विद्युत आपूर्ति बाधित होने से करीब 60 हजार की आबादी हुई प्रभावित
- मंगलवार दोपहर आपूर्ति बहाल होने पर मिली राहत

अमृत विचार : सोमवार देर शाम तोली सब स्टेशन को विद्युत आपूर्ति सप्लाई करने वाली 33 केवीए विद्युत लाइन में अचानक खराबी आने से विकासखंड भैंसियाछाना तथा धौलादेवी के दर्जनों गांवों में अंधेरा छा गया। विद्युत आपूर्ति भंग होने से विकासखंड धौलादेवी के करीब 40 तथा भैंसियाछाना ब्लॉक के 54 ग्राम सभाओं के करीब 60 हजार की आबादी प्रभावित हो गई। देर रात तक विद्युत कर्मी लाइन सुधारीकरण के कार्य में जुड़े रहे लेकिन सफलता नहीं मिल सकी। मंगलवार दोपहर 2 बजे करीब 20 घंटे बाद बिजली आपूर्ति सुचारू हो सकी।

अल्मोड़ा के स्यालीधार बिजली घर से तोली सब स्टेशन को बिजली आपूर्ति सप्लाई होती है। सोमवार शाम करीब 6 बजे अल्मोड़ा के रेलाकोट के पास लाइन में अचानक खराबी आ गई। बिजली विभाग के जूनियर इंजीनियर ललित मोहन डालाकोटी ने बताया कि रेलाकोट के पास पिन इंसुलेटर में खराबी आने तथा डिस्क पंचर होने से विद्युत लाइन बाधित हो गई। बिजली गुल होने से ग्रामीणों को अंधेरे में रात गुजारने को मजबूर होना पड़ा। मंगलवार को दोपहर बाद तक बिजली गुल होने से सरकारी दफ्तर और बैंकों और अस्पतालों में कामकाज प्रभावित रहा। साइबर कैफे तथा सीएससी सेंटर में भी सन्नाटा पसरा रहा। सोमवार रात बिजली आपूर्ति बाधित रहने से पनुवानौला में चल रहे जागेश्वर महोत्सव में भी व्यवधान रहा। करीब 20 घंटे बाद मंगलवार दोपहर 2 बजे विद्युत आपूर्ति बहाल होने पर लोगों ने राहत की सांस ली।

व्यवसायी मनीष पांडे के निधन पर शोक

रानीखेत : नगर के व्यापारी मनीष पाण्डेय का मंगलवार को 47 वर्ष की आयु में निधन हो गया। वो अविवाहित थे और कुछ समय से बीमार थे। उनके निधन पर कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष करन माहरा, ब्लॉक प्रमुख हीरा रावत, पूर्व ब्लॉक प्रमुख रचना रावत, नंदा देवी समिति अध्यक्ष हरीश लाल साह, विमल सती, नेहा साह माहरा, यतीश रौतेला, महेश आर्या, कैलाश पांडेय, हेमंत रौतेला, आनंद रावत, विश्व विजय सिंह माहरा, कुलदीप कुमार, विजय तिवारी, दीप उपाध्याय, सोनू सिद्दकी आदि ने शोक व्यक्त किया। वहीं व्यापार मंडल से अध्यक्ष मनीष चौधरी, महासचिव संदीप गोयल, नेहा साह माहरा, दीपक पंत, विनीत चौरसिया, भुवन पांडेय आदि ने शोक व्यक्त किया है।

सड़क सुधारीकरण को चौथे दिन भी धरना जारी

- जल्द सड़क पर डामरीकरण नहीं होने पर उग्र आंदोलन शुरू करने की चेतावनी

संवाददाता, अल्मोड़ा

अमृत विचार : नगर की रानीधारा लिंक मार्ग बदहाली को लेकर स्थानीय लोगों ने मंगलवार को चौथे दिन भी धरना प्रदर्शन जारी रहा। इस दौरान लोगों ने शासन प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। जल्द लिंक मार्ग के सुधारीकरण की मांग उठाई। मांग पूरी नहीं होने तक आंदोलन जारी रखने की चेतावनी दी।

धरना स्थल पर वक्ताओं ने कहा कि लंबे समय से रानीधारा मार्ग खस्ताहाल है। यहां से गुजरने वाले लोगों समेत स्कूली बच्चों को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। पूर्व में सीवर लाइन के नाम पर खोदी गई सड़क में जगह-जगह गड्ढे बने हुए हैं। जिससे हर समय दुर्घटना का अंदेशा बना रहता है। स्थानीय लोगों ने कहा कि प्रदर्शन के बाद भी प्रशासन कार्रवाई नहीं कर रहा है। चेतावनी दी कि यदि जल्द लिंक मार्ग के सुधारीकरण कार्य शुरू नहीं किया गया तो समस्त स्थानीय निवासी उग्र आंदोलन को बाध्य होंगे।

ये लोग रहे मौजूद

विनय किरौला, डॉ. एसएस पथनी, नवीन बिष्ट, सौरभ पांडे, राजेंद्र सिंह बिष्ट, अतुल सिंह बिष्ट, मोहन सिंह, चतुर सिंह, संभू दत्त, नीरज, हेमा पांडे, बिना पंत, गीता पंत, माया बिष्ट, कमला पंत, अर्चना पंत, नाएला अमान, नीमा पंत, गीता पंत, नरेंद्र द्रमवाल, पवन पंत, राहुल पंत, पंकज पंत, जीसी पंत, सुमित नज्जौन, कैलाश रौतेला आदि मौजूद रहे।

ग्रामीण इलाकों में पेयजल को तरस रहे लोग

अल्मोड़ा के ग्रामीण इलाकों में मंगलवार को टैंकर से पानी भरते लोग। ● अमृत विचार

संवाददाता, अल्मोड़ा

अमृत विचार : गर्मी के दिनों में पेयजल संकट ने लोगों की परेशानी बढ़ा दी है। जून के अंतिम सप्ताह में भी ग्रामीण इलाकों में पानी की समस्या दूर नहीं हो पाई है।

लोगों ने कहा कि गर्मी आते ही हर बार उन्हें पेयजल संकट का सामना करना पड़ता है। जिले के ग्रामीण इलाकों में जल संस्थान की ओर से हर रोज टैंकरों और पिकअप के माध्यम से जल संकट वाले इलाकों को पानी बाट राहत पहुंचाने का काम किया जा रहा है।

परेशानी

- रोजाना 15 से 20 गांवों में टैंकर से पहुंचाया जा रहा पानी
- लंबे समय से ग्रामीण इलाकों में बना है जल संकट

आलम यह है, कि पेयजल आपूर्ति के लिए ग्रामीण दिन भर टैंकर के पानी का इंतजार कर रहे है। ग्रामीण घरों का कामकाज छोड़कर पानी के लिए पूरा समय बिता रहे हैं। जल संस्थान के अधिकारियों के मुताबिक इन गांवों में हर दिन 15 से 20 गांवों में टैंकर से पानी पहुंचाया जा रहा है। मंगलवार को जल संस्थान ने शीतलाखेत, भानादेवली, हटपल्ला, चौन डुंगरी, मनान, पनुवानौला, मोतियापाथर, भट्टखोला, दुर्गानगर, लमगड़ा, धामस, हवालबाग, गुरुना, गधोली, डीनापानी समेत कई जल संकट वाले ग्रामीण इलाकों में पानी का वितरण किया।

जल जीवन के कार्यों में तेजी लाने के दिए निर्देश

संवाददाता, अल्मोड़ा

- बैठक में विभागों के अंतर्गत निर्मित-निर्माणाधीन पेयजल योजनाओं पर की गई चर्चा

अमृत विचार : जल जीवन मिशन के कार्यों को लेकर मंगलवार को कलक्ट्रेट में समीक्षा बैठक हुई। बैठक में डीएम विनीत तोमर ने अधिकारियों को कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिए। वहीं, जिन घरों में योजना के तहत कनेक्शन नहीं दिए गए है, वहां पानी कनेक्शन शत प्रतिशत देने के भी निर्देश बैठक में दिए। बैठक में डीएम ने कहा कि पेयजल योजनाओं में किसी कार्यों के लिए टेंडर आदि की प्रक्रिया की जानी है तो उसको जल्द से जल्द करने, जिन योजनाओं में विवाद की स्थिति है उनका समाधान करने, योजना में वन विभाग के प्रकरणों का निस्तारण करने के निर्देश दिए।

उन्होंने कहा कि जिन गांवों में पानी के कनेक्शन शत प्रतिशत दिए जा चुके हैं, उनका विवरण भी पोर्टल पर अपलोड करें। बैठक में डीएफओ दीपक सिंह, ईई जल संस्थान अरुण कुमार सोनी, सुरेश ठाकुर समेत अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

नए कानूनों की जानकारी देने को कार्यशाला शुरू

- जिला जज ने नए कानूनों को लेकर अधिवक्ताओं के साथ साझा की जानकारी

संवाददाता, अल्मोड़ा

अमृत विचार: जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की ओर से भारत में तीन नए कानूनों पर पांच दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला शुरू हो गई है। मंगलवार को कार्यशाला का शुभारंभ मुख्य अतिथि जिला जज श्रीकांत पांडे ने किया। इस दौरान उन्होंने अधिवक्ताओं से नए कानूनों की जानकारी साझा की।

जिला न्यायालय सभागार में आयोजित कार्यशाला में विधिक सेवा प्राधिकरण सचिव शचि शर्मा ने बताया कि देश में भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, भारतीय न्याय संहिता और भारतीय साक्ष्य अधिनियम तीन नए कानून लागू हो गए है। उन्होंने कहा कि तीनों कानून अधिवक्ताओं और न्यायिक अधिकारियों के लिए फौजदारी प्रक्रिया के दौरान मागदर्शन के लिए महत्वपूर्ण है।

उन्होंने प्रशिक्षण में कानूनों को लेकर बताई गई जानकारियों को गंभीरता से लेने की बात कही। इस मौके पर यहां अपर जिला जज रमेश सिंह, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट दयाराम, सिविल जज सीनियर डिवीजन रविंद्र देव मिश्र, सिविल जज जूनियर डिवीजन शुभांगी गुप्ता व न्यायिक मजिस्ट्रेट, अल्मोड़ा रवि अरोड़ा ने अधिवक्ताओं को प्रशिक्षण दिया।

डीडीए के खिलाफ समिति ने दिया धरना

प्रदर्शन

- संघर्ष समिति के बैनर तले गांधी पार्क में धरना प्रदर्शन
- डीडीए समाप्ति तक आंदोलन जारी रखने की चेतावनी

संवाददाता, अल्मोड़ा

अमृत विचार: पर्वतीय क्षेत्रों से जिला विकास प्राधिकरण समाप्त करने की मांग फिर जोर पकड़ने लगी है। मंगलवार को विभिन्न संगठनों के लोगों ने अल्मोड़ा के चौघानपाटा स्थित गांधी पार्क में धरना दिया। इस दौरान सरकार के खिलाफ नारेबाजी की।

डीडीए समाप्ति का शासनादेश जारी नहीं होने तक धरना-प्रदर्शन जारी रखने की चेतावनी दी। धरना स्थल पर समिति के संयोजक व निर्वतमान पालिकाध्यक्ष प्रकाश चंद्र जोशी ने कहा कि पर्वतीय क्षेत्रों की भौगोलिक स्थिति को समझे बगैर प्रदेश की भाजपा सरकार ने 2017 में तुगलकी फरमान से समूचे पर्वतीय क्षेत्रों में डीडीए लागू कर दिया था। जिसका जनता विरोध कर रही है।

अल्मोड़ा गांधी पार्क में मंगलवार को डीडीए के विरोध में धरना-प्रदर्शन करते संघर्ष समिति के लोग। ● अमृत विचार

कहा कि जब तक सरकार पर्वतीय क्षेत्रों से डीडीए समाप्ति का शासनादेश जारी नहीं कर देती जब तक विभिन्न संगठनों का धरना-प्रदर्शन जारी रहेगा। धरना-प्रदर्शन करने वालों में हेम चंद्र तिवारी, एमसी कांडपाल, ललित मोहन पंत, आनंदी वर्मा, रॉबिन मनोज भंडारी, प्रत्येश पांडे, लक्ष्मण सिंह ऐठानी, हेम चंद्र जोशी, चंद्रमणि भट्ट समेत विभिन्न संगठनों से जुड़े लोग मौजूद रहे।

सार-संक्षेप

द्वाराहाट में पुलिस ने दो शराब तस्कर दबोचे

द्वाराहाट। बीते सोमवार को द्वाराहाट पुलिस ने क्षेत्र में चेकिंग अभियान के दौरान प्रदीप कुमार और कैलाश सिंह बोरा, निवासी द्वाराहाट को शराब तस्करी करते हुए गिरफ्तार किया। दोनों तस्करों के कब्जे से 53 पव्वे और 24 बोतल अवैध अंग्रेजी शराब बरामद की गई। मौके पर पुलिस ने शराब को सील कर दोनों आरोपियों के खिलाफ आबकारी अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज कर गिरफ्तार किया।

नौकरी से वंचित रोडवेज के मृतक आश्रितों में आक्रोश

बैठक में चर्चा करते रोडवेज के मृतक आश्रित।

टनकपुर : वंचित रहे कई मृतक आश्रितों को रोडवेज में नौकरी न मिलने से आक्रोश बढ़ता ही जा रहा है।इस संबंध में संगठन ने बैठक कर उन्हें शीघ्र रोडवेज में नियुक्ति दिए जाने की मांग उठाई है। इस मामले को लेकर उत्तराखंड रोडवेज मृतक आश्रित संगठन के अध्यक्ष और उत्तराखंड राज्य आन्दोलनकारी गंगा गिरि गोस्वामी की अध्यक्षता में दयानन्द इन्टर कालेज में बैठक आयोजित की गई। बैठक में सभी मृतक आश्रितों ने एक स्वर में कहा उत्तराखंड सरकार के आदेश के बाबजूद सरकारी सेवा में समायोजित होने से छूट गए मृतक आश्रितों को शीघ्र सरकारी नौकरी दिए जाने की मांग पर विलम्ब हो रहा है। संगठन के अध्यक्ष गोस्वामी ने सरकार से मांग करते हुए कहा कि छूट गए मृतक आश्रितों को भी रोडवेज में शीघ्र नौकरी दिए जाने के लिए गम्भीरता से विचार करे।

पूर्व दर्जा मंत्री कर्नाटक ने तलाड़ में सिलाई मशीन बांटी

अल्मोड़ा : पूर्व दर्जा राज्य मंत्री बिट्टू कर्नाटक ने मंगलवार को ग्राम पंचायत तलाड़ में चौपाल लगाई। इस दौरान चौपाल में ग्रामीणों ने विभिन्न समस्याओं से अवगत कराया। जिसका पूर्व दर्जा मंत्री ने निराकरण का आश्वासन दिया। वहीं, महिलाओं को आर्थिक रूप से मजबूत बनाने के लिए सिलाई मशीन बांटीं। आयोजित कार्यक्रम में कर्नाटक ने कहा कि उनका उद्देश्य अल्मोड़ा विधानसभा की महिलाओं को समूहों से जोड़कर उन्हें रोजगार के अवसर उपलब्ध कराना है। जिससे महिलाएं आर्थिक रूप से मजबूत बन सके। यहां कार्यक्रम में वरिष्ठ रंगकर्मी जया पांडे, उपासना त्रिपाठी, रोहित त्रिपाठी, दिनेश कुमार, आशा देवी, नीमा देवी, पुष्पा देवी, देवेंद्र कर्नाटक, दीपक पोखरिया, वीरेन्द्र कार्की, दीपक बिष्ट, अशोक सिंह, सुधीर कुमार, रश्मि काण्डपाल, आशा मेहता, किरन परगाई, कमल बिष्ट आदि मौजूद रहे।

गायत्री परिवार के पदाधिकारियों का किया स्वागत

कपकोट पहुंचे गायत्री परिवार के सदस्य।

बागेश्वर : मंगलवार सुबह गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार के उत्तराखंड प्रभारी गौरी शंकर सैनी, कार्यक्रम प्रभारी विनय वाजपेई, स्वावलंबन प्रभारी शिव मोहन मिश्रा और जीवनदायनी कार्यक्रम प्रभारी राम नारायण शुक्ल मुनस्यारी से मानिला को जाते समय भराड़ी स्थित गायत्री परिवार के वरिष्ठ सदस्य डॉ. शेर सिंह ऐठानी के निवास पर रुके। यहां सदस्यों ने उनका स्वागत किया। परिवार के पदाधिकारियों ने कहा कि अच्छे समाज के निर्माण के लिए बच्चों का संस्कारवान होना जरूरी है। धरती को आपदा से बचाने के लिए लोगों को फल और चौड़ी पत्ते वाले पौधों का रोपण करना चाहिए। स्थानीय सदस्यों ने क्षेत्र में 24 कुण्डीय गायत्री महायज्ञ, प्रज्ञा यज्ञ कराने का अनुरोध किया। स्वागत करने वालों में डॉ. शेर सिंह ऐठानी, हीरा सिंह ऐठानी, धीरेन्द्र जोशी, गणेश उपाध्याय, हरीश चंद्र सिंह बिष्ट रहे।

काला दिवस अल्मोड़ा में भाजपाइयों ने इंदिरा गांधी द्वारा लगाए आपातकाल की जमकर निंदा की

आपातकाल को कभी भुलाया नहीं जा सकता

- भाजपा पार्टी दफ्तर में वक्ताओं ने आपातकाल को लेकर रखे विचार

संवाददाता, अल्मोड़ा

अमृत विचार: भारतीय जनता पार्टी ने मंगलवार को अल्मोड़ा में आपताकाल को लेकर काला दिवस मनाया। इस दौरान गोष्ठी आयोजित कर लोकतंत्र के सेनानियों के बलिदान को याद किया गया।

पातालदेवी स्थित जिला पार्टी कार्यालय में आयोजित गोष्ठी में मुख्य वक्ता के रूप में मौजूद जिला प्रभारी प्रदीप बिष्ट ने कहा कि तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की ओर से देश में आपातकाल लगाया जाना राजनीति के इतिहास का काला अध्याय था। जिसे भुलाया नहीं जा सकता है। जिलाध्यक्ष रमेश बहुगुणा ने कहा कि स्वतंत्र भारत के इतिहास में आपातकाल सबसे विवादास्पद काल था। इस दौरान कई वक्ताओं ने भी जानकारियां साझा की। इस मौके पर जिला महामंत्री धमेंद्र बिष्ट, प्रदेश प्रवक्ता गौरव पांडे, गिरीश चंद्र खोलिया, राजीव गुरुरानी, महेश नयाल, पूनम पालीवाल, लता पांडे, एके सिंकदर पवार, अरविंद बिष्ट, अमित साह, कैलाश गुरुरानी, प्रकाश भट्ट, संजय डालाकोटी, महेश बिष्ट, दीपक साह, राजेंद्र बिष्ट, कृपाल सिंह, जगत तिवारी, राजा खान, लीला बोरा, रेखा आर्या, अर्जुन बिष्ट, पारस, ललित खोलिया, हयात सिंह, सुरेश परदेशी, दिनेश आर्या आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

भाजपाइयों ने मनाया आपातकाल दिवस

रानीखेत : ताडीखेत स्थित भाजपा कार्यालय में भाजपाइयों ने आपातकाल दिवस मनाया। कार्यक्रम में पहुंचे मुख्य अतिथि जिला अध्यक्ष ललित पिलख्वाल ने कहा कि कांग्रेस शासन काल में 1975 में देश में आपातकाल लगाकर आमजन का शोषण किया। बेगुनाहो को जेल में डाला गया और यातनाएं दी गई। यहां तक की पत्रकारों की आवाज को भी दबाने का प्रयास किया गया। कांग्रेस शासन के इस आपातकाल को वर्तमान समय तक देश की जनता भूला नहीं पाई है। कार्यक्रम में संयोजक सुरेश फर्त्याल, मंडल अध्यक्ष राम सिंह, ध्यान सिंह नेगी, मोहन नेगी, पनीराम, चंद्रशेखर, भगवत सिंह, विनोद कुमार, सुनीता डाबर, भावना बुधोरी, पुष्पा तिवारी, लता पांडे, मीना वर्मा, नवीन सिंह, भुवन जोशी आदि मौजूद थे।

रानीखेत में आपातकाल दिवस मनाते भाजपाई। ● अमृत विचार

चम्पावत में 17 ओपन जिम लगाने की कवायद हुई शुरू

संवाददाता, टनकपुर

- लोगों के स्वास्थ्य को लेकर सीएम धामी की विशेष पहल

अमृत विचार : बच्चों, युवाओं के साथ-साथ सभी के स्वास्थ्य को लेकर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के चम्पावत विधानसभा के लिए खुशखबरी है कि शीघ्र ही इस जिले में जगह-जगह ओपन जिम लगाए जा रहे हैं।

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की आदर्श जनपद की परिकल्पना में बच्चों, युवाओं व सभी के स्वास्थ का ध्यान रखने के लिए ओपन जिम स्थापित कर मॉडल चम्पावत के साथ–साथ होगा फिट चम्पावत का नारा साकार होने जा रहा है। इसी उद्देश्य के साथ मुख्यमंत्री के निर्देशानुसार टीएचडीसी के सीएसआर फंड के माध्यम से ओपन जिम लगाए जा रहे हैं। सीएम कैंप कार्यालय के नोडल अधिकारी केदार सिंह बृजवाल ने बताया कि प्रथम चरण में विधानसभा चम्पावत में 17 ओपन जिम लगाए जा रहे हैं जिसमे नरसिंह डांडा, सिलिंगटाक, दुधौरी, सिप्टी, तामली चामी, चैकुनीबोरा, दियूरी, सल्ली, मौनपोखरी, खर्ककार्की, मुड़ियानी, दुबचौड़ा, चौडाराजपुरा, सैलानीगोठ, थ्वालखेड़ा, फागपुर, गैंडाखाली में जिम स्थापित किए जा रहे हैं, जो बहुत जल्द इस्तेमाल हो सकेंगे। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य से बड़ा कोई धन नहीं हैं। आज की भाग-दौड़ भरी जिंदगी में अधिक व्यस्तता से तनाव भी होता है। सेहत बनाने और तनाव दूर करने के लिए लोग सुबह और शाम टहलने जाते हैं। अगर सैर के साथ ही हल्की कसरत हो जाए तो सदैव स्वस्थ्य रह सकेंगे।

मैंथा बाजार भाव

चन्दौसी : शिवालिक- 900 फ्लैग- 1055 बोल्ड- 1100 डीएमओ- 800
रामपुर : शिवालिक-920 फ्लैग- 1030 डीएमओ-820 बोल्ड-1095

हल्द्वानी मंडी

चावल : शरबती- 5700 मसूरी- 4700 बासमती- 9400 परमल- 3700 दाल दलहन : काला चना- 7600-7700 साबुत चना दाल- 7000-7600 मूंग साबुत- 10500 राजमा- 11600-18000 दाल उड़द- 10500-11200 साबुत मसूर दाल- 7300 मसूर दाल- 7500-8500 उड़द साबुत- 12000 काबुली चना- 12000-12700 अरहर दाल- 16500-17000 लोबिया/करमानी- 8500-8700 सोयाबीन- 4300 मूंगफली- 11000-11500 मटर (सूखी)- 5100-5300 मक्का- 2000-3000

अदाणी समूह अपनी कंपनियों में 1.3 लाख करोड़ का करेगी निवेश

अहमदाबाद। अदाणी समूह ने चालू वित्त में अपनी कंपनियों में 1.3 लाख करोड़ रुपये निवेश करने की योजना बनाई है। समूह के मुख्य वित्त अधिकारी (सीएफओ) जुगेशिंदर रॉबी सिंह ने मंगलवार को कहा कि समूह ने कारोबार बढ़ाने के लिए अगले सात से 10 साल में 100 अरब डॉलर के निवेश के अनुमान को दोगुना कर दिया है। समूह की बंदरगाह से लेकर ऊर्जा, हवाई अड्डा, जिंस, सीमेंट और मीडिया क्षेत्रों में कार्यरत कंपनियों में कुल निवेश का 70 प्रतिशत आंतरिक संसाधनों से किया जाएगा और शेष राशि कर्ज के जरिए जुटाई जाएगी। समूह इस वर्ष परिपक्व होने वाले तीन से चार अरब डॉलर के ऋण का पुनर्वित्तपोषण करने तथा परियोजना वित्तपोषण के लिए अतिरिक्त एक अरब डॉलर जुटाने पर विचार करेगा। नए निवेशकों को लाकर वार्षिक दो से ढाई अरब डॉलर का इक्विटी निवेश भी जारी रहने की संभावना है। इस वर्ष परिसंपत्ति निर्माण कार्य पूरा करने पर अधिक ध्यान दिया जाएगा।

ट्रेड-सेवा क्षेत्र, रोजगार एवं कौशल विशेषज्ञों ने की चर्चा

आम बजट की तैयारियों को लेकर वित्त मंत्री लगातार कर रही हैं उद्योग जगत व अन्य मंत्रालयों के साथ बैठक

नई दिल्ली, एजेंसी

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने मंगलवार को आम बजट 2024-25 की तैयारियों के मद्देनजर ट्रेड और सेवा क्षेत्र के प्रतिनिधियों के साथ रोजगार एवं कौशल विकास क्षेत्रों के विशेषज्ञों के साथ बजट-पूर्व चर्चा की।

वित्त मंत्रालय ने एक्स पर कहा कि बैठक में ट्रेड और सेवा क्षेत्र के प्रतिनिधियों ने सुझाव व विचार रखे। साथ ही दूसरी बैठक में वित्त मंत्री ने रोजगार एवं कौशल विकास क्षेत्रों के विशेषज्ञों के साथ बजट पर चर्चा की। वित्त मंत्री ने इन बैठकों की अध्यक्षता की। बैठक में वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी, वित्त सचिव, आर्थिक मामलों के सचिव, राजस्व सचिव, वित्तीय सेवाओं के सचिव के साथ वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित थे। भारत सरकार के मुख्य आर्थिक सलाहकार भी इसमें शामिल हुए। चर्चा में श्रम मंत्रालय और कौशल विकास एवं उद्यमशिलता मंत्रालय के अधिकारियों शामिल हुए। वहीं वित्त मंत्री बजट की तैयारियों को लेकर लगातार अन्य मंत्रालयों के अधिकारियों और उद्योग जगत के प्रतिनिधियों के साथ बैठक कर रहीं हैं।

- चर्चा में श्रम मंत्रालय और कौशल विकास एवं उद्यमशिलता मंत्रालय के अधिकारी भी हुए शामिल

सरकार से पीएलआई योजना लाने की मांग

नई दिल्ली। चमड़ा और फुटवियर निर्यातकों के संगठन ने सरकार से रोजगार सृजन, घरेलू विनिर्माण और निर्यात को बढ़ावा देने के लिए उत्पादन से जुड़ी प्रोत्साहन (पीएलआई) योजना का विस्तार चमड़ा उद्योग तक करने की मांग की। चमड़ा निर्यात परिषद (सीएलई) के चेयरमैन राजेंद्र जालान ने वित्त मंत्री के साथ बजट-पूर्व बैठक में यह मांग रखी। साथ ही सीएलई ने नम नीले चमड़े, क्रस्ट (टैनिंग के बाद सुखाए गए) चमड़े और तैयार चमड़े पर आयात शुल्क में छूट देने का आग्रह किया। जालान ने कहा, पीएलआई के लाभ में 6,000 करोड़ का निवेश और प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष रूप से 20 लाख अतिरिक्त रोजगार सृजन शामिल होगा।

कर कटौती, शुल्क ढांचे को युक्तिसंगत बनाने की मांग

नई दिल्ली। विभिन्न उद्योगों के प्रतिनिधियों ने वित्त मंत्री निर्मला से अप्रत्यक्ष करों के बोझ को कम करने और शुल्क ढांचे को युक्तिसंगत बनाने का आग्रह किया। वित्त मंत्री के साथ उद्योग जगत के प्रतिनिधियों की बजट-पूर्व परामर्श बैठक दो घंटे चली। इसमें प्रतिनिधियों ने अपने-अपने उद्योगों के बारे में सरकार से बजट में जरूरी प्रावधान किए जाने की मांग रखी। निर्यातकों के संगठन फियो के अध्यक्ष अश्वनी कुमार ने वित्त मंत्री से ब्याज समानीकरण योजना को पांच वर्षों के लिए बढ़ाने का अनुरोध किया। यह योजना 30 जून, 2024 तक वैध है। कुमार ने कहा, दो साल में बढ़कर 6.5 प्रतिशत होने से ब्याज दरें बढ़ी हैं। ऐसी स्थिति में एमएसएमई क्षेत्र के निर्माताओं के लिए छूट दरों को 3 से 5 प्रतिशत तक बहाल किया जा सकता है।

मनरेगा हो 200 दिन, कृषि को लाया जाए दायरे में

आरएसएस से जुड़े भारतीय मजदूर संघ ने मनरेगा में रोजगार की अवधि 200 दिन बढ़ाने और इसके दायरे में कृषि और सहयोगी क्षेत्रों को शामिल करने की मांग की है। मजदूर संघ ने केंद्रीय वित्त मंत्री की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में कहा कि आशा, आंगनवाडी, मिड-डे मील और स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं के लिए मानदेय बढ़ाया जाना चाहिए। बजट में ग्रामीण विकास, छोटे उद्योगों, विनिर्माण, निर्यात और आधारभूत ढांचा क्षेत्र पर जोर दिया जाना चाहिए। बैठक में मजदूर नेताओं ने कहा कि सभी पेंशन योजनाओं में अंतिम वेतन का 50% और महंगाई भत्ता सुनिश्चित किया जाना चाहिए।

7 से 9% की दर से बढ़ सकता है एफएमसीजी

नई दिल्ली, एजेंसी

उपभोग को बढ़ावा देने और रोजगार उत्पन्न करने वाली सरकारी पहल के दम पर रोजमर्रा के उपभोग के सामान (एफएमसीजी) क्षेत्र की वृद्धि दर 7 से 9% रहने की उम्मीद है। एफएमसीजी की क्षमता व मजबूत सरकारी समर्थन तथा डिजिटल बदलाव पहल के साथ इसे अनिश्चितताओं से पार पाने और मजबूती की स्थिति प्रदान करती है।

आईसीआईसीआई लोम्बार्ड जनरल इंश्योरेंस की रिपोर्ट के अनुसार, भारत में एफएमसीजी निरंतर वृद्धि के लिए तैयार है। 2024 में इसमें 7 से 9% की वृद्धि होगी। इस क्षेत्र को मुद्रास्फीति के दबाव, उपभोक्ता भरोसे में कमी तथा मौजूदा बेरोजगारी दर जैसी चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है। एफएफसीजी का बढ़ता हुआ आर्थिक प्रभाव 9.1 लाख करोड़ से अधिक है। एफएफसीजी के लिए ऑनलाइन बिक्री माध्यम भी बढ़ रहे हैं....डी2सी (डायरेक्ट-टू-कंज्यूमर) जैसे खंड डिजिटल बदलाव और उपभोक्ता खरीद व्यवहार को दर्शाते हैं। कॉरपोरेट इंडिया रिस्क इंडेक्स की रिपोर्ट के अनुसार ऐसे डिजिटलीकरण ने उद्योग की क्षमता तथा उपभोक्ताओं की जरूरतों को पूरा करने के प्रति इसको रेखांकित किया है।

- आईसीआईसीआई लोम्बार्ड जनरल इंश्योरेंस की रिपोर्ट में किया गया है खुलासा

सर्राफा

कानपुर	
चांदी 999 (प्रति किलो)	90900
सिक्का (प्रति सैकड़ा) लिवाल	95000
सिक्का (प्रति सैकड़ा) बिकवाल	100000
सोनाबिस्कुट (दस ग्राम)	73600
गिन्नी (प्रति नग)	54800-55000
लखनऊ	
सोना स्टैंडर्ड	72,550
सोना रवा	72,300
सोना गिन्नी (प्रति नग)	42,500
चांदी तैयार	90,100
चांदी (999)	90,000
चांदी सिक्के (100 नग)	90,500
बरेली	
गोल्ड (पक्के जेवर)	72300
गोल्ड (गिन्नी जेवर)	71300
सिल्वर (पक्की)	887 (अनुमानित)

दूरसंचार कंपनियों की नजर 4 स्पेक्ट्रम बैंड पर, नीलामी पहले दिन चौथे दौर में पहुंची

नई दिल्ली, एजेंसी

- 10,500 मेगाहट्र्ज मोबाइल सेवाओं के लिए 96,238 करोड़ की 10वीं नीलामी शुरू

दूरसंचार कंपनियों ने स्पेक्ट्रम नीलामी के पहले दिन चार स्पेक्ट्रम बैंड 900 मेगाहट्र्ज, 1,800 मेगाहट्र्ज, 2,100 मेगाहट्र्ज और 2,500 मेगाहट्र्ज में रुचि दिखाई। सूत्रों ने बताया कि मंगलवार सुबह शुरू हुई नीलामी दोपहर तीन बजे चौथे दौर में प्रवेश कर गई।

एक आधिकारिक बयान के अनुसार, 10,500 मेगाहट्र्ज मोबाइल सेवाओं के लिए 96,238 करोड़ रुपये से अधिक मूल्य की स्पेक्ट्रम नीलामी सुबह 10 बजे शुरू हुई। रेडियो तरंगों की बिक्री प्रक्रिया 2010 में ऑनलाइन शुरू होने के बाद से यह 10वीं स्पेक्ट्रम नीलामी है। आखिरी बार अगस्त, 2022 में नीलामी हुई थी, जिसमें पहली बार 5जी सेवाओं के लिए रेडियो तरंगें पेश की गई थीं। दूरसंचार विभाग (डीओटी) ने स्पेक्ट्रम नीलामी के लिए आठ मार्च को आवेदन आमंत्रण नोटिस (एनआईए) जारी किया था। संचार मंत्रालय ने घोषणा की कि विभिन्न बैंड में नीलामी के लिए रखे स्पेक्ट्रम की मात्रा 10,522.35 मेगाहट्र्ज है। रिलायंस जियो ने नीलामी के लिए सबसे अधिक 3,000 करोड़ की बयाना राशि जमा की है। कंपनी अधिकतम बोली लगा सकती है। दूरसंचार विभाग के मुताबिक भारती एयरटेल ने 1,050 करोड़ और वोडाफोन आइडिया (वीआईएल) ने 300 करोड़ की बयाना राशि जमा की है।

परिधान क्षेत्र पीएलआई के दायरे में लाने पर विचार

नई दिल्ली, एजेंसी

कपड़ा मंत्री गिरिराज सिंह ने मंगलवार को कहा कि सरकार कपड़ा उद्योग के लिए स्वीकृत 10,000 करोड़ रुपये से अधिक की उत्पादन से जुड़ी प्रोत्साहन (पीएलआई) योजना का विस्तार परिधान क्षेत्र तक करने पर विचार कर रही है।

सिंह ने भारत अंतर्राष्ट्रीय परिधान मेला (आईआईजीएफ) में कहा कि कपड़ा निर्यात बढ़ाने के लिए अपार अवसर हैं और 50 अरब अमेरिकी डॉलर के निर्यात का लक्ष्य होना चाहिए। सरकार ने 2021 में मानव-निर्मित रेशे (एमएमएफ) से बने परिधान, एमएमएफ कपड़े और तकनीकी वस्त्रों के उत्पादों का घरेलू उत्पादन बढ़ाने के लिए पांच साल की अवधि में 10,683 करोड़ रुपये के स्वीकृत परिव्यय के साथ कपड़ा क्षेत्र के लिए पीएलआई योजना को मंजूरी दी थी। हम परिधान क्षेत्र को भी इस योजना के दायरे में लाने पर विचार कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि भारतीय कपड़ा उद्योग का बाजार 165 अरब डॉलर का है और इसे 350 अरब डॉलर तक ले जाना है।

- कपड़ा मंत्री गिरिराज सिंह ने कहा- कपड़ा उद्योग के लिए 10 हजार करोड़ से अधिक स्वीकृत

उन्होंने कहा कि मंत्रालय इस क्षेत्र में चीन से आगे निकलने के लिए रूपरेखा तैयार कर रहा है। मंत्री ने उद्योग को घरेलू विनिर्माण को बढ़ावा देने के लिए हब और स्पोक मॉडल को अपनाने का सुझाव भी दिया। उन्होंने कहा कि मैं उद्योग की बड़ी कंपनियों से भारत में छोटी कंपनियों के साथ जुड़ाव कायम करने की अपील करता हूं। मंत्रालय उनके मुद्दों को समझने के लिए बड़ी कंपनियों के साथ बैठकें करेगा। उन्होंने ई-कॉमर्स माध्यम से निर्यात बढ़ाने के अवसर तलाशने का भी आह्वान किया। पिछले साल ई-कॉमर्स के जरिये अंतरराष्ट्रीय व्यापार करीब 800 अरब डॉलर का था और 2030 तक इसके 2,000 अरब डॉलर पर पहुंचने का अनुमान है। साथ ही कपड़ा मंत्री ने उद्योग को वैश्विक ब्रांड का आपूर्तिकर्ता बनने के बजाय अपने खुद के ब्रांड स्थापित करने का सुझाव दिया। उन्होंने हरित वस्त्र और पुनर्चक्रण पर ध्यान केंद्रित करने की सलाह भी दी।

राष्ट्रीय

कमियों को छिपाने के लिए अतीत का सहारा लेते हैं मोदी

कांग्रेस अध्यक्ष बोले- 10 वर्षों में 140 करोड़ भारतीयों पर लगाए गए अघोषित आपातकाल ने लोकतंत्र-संविधान पर किया प्रहार

नई दिल्ली, एजेंसी

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने मंगलवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर निशाना साधते हुए कहा कि मोदी अपनी कमियों को छिपाने के लिए अतीत का सहारा लेते रहते हैं जबकि 10 वर्षों में 140 करोड़ भारतीयों पर लगाए गए अघोषित आपातकाल ने लोकतंत्र और संविधान पर प्रहार किया है।

खरगे ने एक्स पर किए पोस्ट में कहा, देश भविष्य की ओर देख रहा है। प्रधानमंत्री मोदी अपनी कमियों को छिपाने के लिए अतीत का सहारा लेते रहते हैं। 10 वर्षों में आपने 140 करोड़ भारतीयों को जो अघोषित आपातकाल का अहसास कराया, जिससे लोकतंत्र और संविधान पर प्रहार किया है। उन्होंने सवाल किया कि पार्टियों को तोड़ना, पिछले दरवाजे से चुनी सरकारों को गिराना, 95% विपक्षी नेताओं पर ईडी, सीबीआई, आईटी का दुरुपयोग करना, मुख्यमंत्री को जेल में डालना और चुनाव से पहले सत्ता का इस्तेमाल करके समान अवसर को खराब करना - क्या यह अघोषित आपातकाल नहीं है। उन्होंने कहा कि मोदी सहमति और सहयोग की बात करते हैं, लेकिन उनके काम इसके उलट हैं। जब विपक्ष के 146 सांसदों को संसद से निलंबित किया गया और तीन कानून पारित किए गए, तब सहमति शब्द कहां था। विपक्ष से पूछे बिना महान हस्तियों की मूर्तियों को एक कोने में शिफ्ट कर दिया गया, जब 15 करोड़ किसान परिवारों पर तीन काले कानून थोपे गए और उन्हें सड़क पर बैठने के लिए मजबूर किया गया, तब सहमति शब्द कहां था। चाहे नोटबंदी हो, लॉकडाउन हो या फिर चुनावी बांड कानून हो, ऐसे सैकड़ों उदाहरण हैं, जिन पर मोदी सरकार ने सहमति या सहयोग का इस्तेमाल नहीं किया। विपक्ष की तो बात ही छोड़िए, अपने ही नेताओं को अंधेरे में रखा गया। भाजपा ने लोकतंत्र और संविधान को बर्बाद कर दिया है जबकि कांग्रेस ने हमेशा लोकतंत्र एवं संविधान का समर्थन किया है।

- उन्होंने सवाल किए- पार्टियों को तोड़ना, सरकारों को गिराना क्या यह अघोषित आपातकाल नहीं

एक परिवार को सत्ता में बनाए रखने के लिए कांग्रेस ने संविधान की भावना को कुचला

नई दिल्ली। भाजपा नेता और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने आपातकाल लगाने के लिए मंगलवार को कांग्रेस पर निशाना साधा और कहा कि विपक्षी ने एक खास परिवार को सत्ता में बनाए रखने के लिए संविधान की भावना को कई बार कुचला। 1975 में लगाए गए आपातकाल के 49 साल पूरे होने के मौके पर शाह ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर निशाना साधते हुए उन्हें पार्टी का युवराज करार दिया और कहा कि वह भूल गए हैं कि उनकी दादी इंदिरा गांधी ने आपातकाल लगाया था और उनके पिता राजीव गांधी ने संसद में 23 जुलाई 1985 को कहा था कि आपातकाल में कुछ भी गलत नहीं था। उन्होंने एक्स किए पोस्ट में कहा, एक खास परिवार को सत्ता में बनाए रखने के लिए कांग्रेस ने संविधान की भावना को कई बार कुचला। इंदिरा गांधी ने आपातकाल के दौरान भारत के लोगों पर निर्मम अत्याचार किए। राजीव गांधी ने तो यहां तक कहा था, अगर देश का प्रधानमंत्री जो यह महसूस करता है कि इन परिस्थितियों में आपातकाल जरूरी है और फिर वह आपातकाल लागू नहीं करता है, तो वह प्रधानमंत्री बनने योग्य नहीं है।

कोच्चि से लंदन जाने वाले विमान में बम की धमकी, संदिग्ध को पुलिस को सौंपा गया

कोच्चि, एजेंसी

लंदन जाने वाले एअर इंडिया के विमान में सोमवार देर रात बम की मिली धमकी तलाशी के बाद फर्जी निकली और प्राधिकारियों ने धमकी भरा फोन करने के संदेह में 29 वर्षीय एक व्यक्ति को पकड़कर पुलिस को सौंप दिया गया।

कोचीन अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे के प्रवक्ता ने बताया कि सुरक्षा कर्मियों ने विमान की तलाशी ली और कोई खतरा नहीं पाया जिसके बाद विमान को उड़ान की अनुमति दी गयी। मुंबई में एअर इंडिया के कॉल सेंटर पर सोमवार देर रात उड़ान एआई 149 के लिए बम की धमकी का फोन आया। इस विमान को कोच्चि से लंदन के लिए उड़ान भरनी थी। सूचना रात 11.22 बजे मिली जो एअर इंडिया और कोचीन इंटरनेशनल एयरपोर्ट लिमिटेड (सीआईएएल) को दी गयी। सीआईएएल पर बम धमकी आकलन समिति (बीटीएसी) को बुलाया गया। हवाई अड्डा सुरक्षा समूह, एयरलाइन सुरक्षा कर्मियों और सामान जांच प्रणाली ने जांच की। बीटीएसी की सिफारिशों पर विमान को अलग स्थान पर ले जाया गया और तलाशी ली गयी। मुंबई के कॉल सेंटर पर धमकी भरा फोन करने वाले व्यक्ति की पहचान करने के प्रयास किए गए। जांच में खुलासा हुआ कि मलप्पुरम जिले के कोंडोट्टी निवासी सुहैब (29) ने यह फोन किया था जिसे एआई 149 उड़ान से लंदन जाना था। कोचीन हवाई अड्डे के टर्मिनल पर प्रवेश के दौरान एएसजी ने सुहैब, उसकी पत्नी तथा बेटी को रोक लिया। उसे पुलिस को सौंप दिया गया है।

नागपुर हवाई अड्डे को दूसरी बम की धमकी मिली

नागपुर। डॉ. बाबासाहेब आंबेडकर अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे को मंगलवार तड़के 24 घंटे में दूसरी बार बम की धमकी मिली, लेकिन तलाशी में कुछ भी नहीं मिला। हवाई अड्डे के अधिकारी ने बताया कि आधी रात के कुछ देर बाद शौचालय में बम होने का ईमेल मिला था। भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण को सोमवार सुबह भी इसी तरह का धमकी भरा ईमेल मिला था। अधिकारी ने बताया कि सुरक्षा एजेंसियों ने हवाई अड्डे पर तलाशी ली पर कुछ भी संदिग्ध नहीं मिला। देश के जिन 40 से अधिक हवाई अड्डों को 18 जून को बम होने की झूठी धमकी मिली थी उनमें नागपुर हवाई अड्डा भी शामिल था। इसे इसी तरह की धमकी अप्रैल में भी मिली थी जो बाद में झूठी निकली।

एक नजर

प्रज्ज्वल रेवन्ना फिर से 4 दिन की हिरासत में

बेंगलुरु। जनता दल (एस) के पूर्व सांसद प्रज्वल रेवन्ना को यौन उत्पीड़न के मामले में फिर से पुलिस की हिरासत में भेज दिया गया है। उसकी पुलिस रिमांड की अवधि 29 जून तक बढ़ाई गई है। रेवन्ना के खिलाफ कई महिलाओं के यौन शोषण करने और उनकी वीडियो बनाने का आरोप है। सीआईडी साइबर अपराध मामले में रेवन्ना की पुलिस हिरासत 29 जून तक बढ़ा दी है। रेवन्ना को 31 मई को जर्मनी से लौटने के तुरंत बाद गिरफ्तार कर लिया गया था।

लखीसराय में महिला नक्सली गिरफ्तार

लखीसराय। बिहार में लखीसराय जिले के चानन थाना क्षेत्र से पुलिस ने मंगलवार सुबह महिला नक्सली रानी देवी उर्फ रानी कोड़ा को गिरफ्तार कर लिया। एसपी पंकज कुमार ने यहां बताया कि सूचना पर गोबरदाहा कोड़ासी इलाके में छापेमारी की गयी। मौके से महिला नक्सली रानी देवी उर्फ रानी कोड़ा को गिरफ्तार कर लिया गया। रानी देवी जिले के चानन थाना क्षेत्र के गोबरदाहा गांव की रहने वाली है।रानी देवी का पति विशुनदेव कोड़ा भी नक्सली है, जिसे गिरफ्तार कर जेल भेजा जा चुका है। रानी कोड़ा, नक्सली अर्जुन कोड़ा और बालेश्वर कोड़ा की सहयोगी रही है। रानी देवी के विरूद्ध कई मामले दर्ज हैं।

एनएचआरसी ने डीजीपी को नोटिस भेजा सीबी-सीआईडी ने जांच की तेज

तमिलनाडु शराब हादसा

नई दिल्ली। राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग (एनएचआरसी) ने तमिलनाडु सरकार और प्रदेश के पुलिस महानिदेशक को नोटिस जारी कर कल्लाकुरिची जिले में हुये जहरीली शराब हादसे में एक सप्ताह में रिपोर्ट देने के लिये कहा है। आयोग के अनुसार कल्लाकुरिची जहरीली शराब त्रासदी में मरने वालों की संख्या सोमवार को 59 हो गई, जबकि इससे पीड़ित 219 लोगों को विभिन्न अस्पतालों में भर्ती कराया गया है। एनएचआरसी ने जारी बयान में कहा कि उसने मीडिया में आयी खबरों पर स्वत: संज्ञान लिया है। वहीं सलेम के सरकारी मोहन कुमारमंगलम मेडिकल कॉलेज में एक और व्यक्ति की मौत के साथ मृतकों की संख्या 59 हो गई। सीबी-सीआईडी ने पीड़ितों के बयान दर्ज करके जांच तेज कर दी है। मामले की जांच कर रही सीबी-सीआईडी ने अब तक 12 से अधिक लोगों को गिरफ्तार किया है।

मकान में आग लगने से परिवार के 4 लोगों की मौत

नई दिल्ली, एजेंसी

दिल्ली के द्वारका में प्रेम नगर इलाके के मकान में आग लगने से एक परिवार के 4 लोगों की दम घुटने से मौत हो गई। दिल्ली अग्निशमन सेवा (डीएफएस) के अधिकारी ने मंगलवार को बताया कि विभाग को देर रात साढ़े तीन बजे आग लगने की सूचना मिली, जिसके बाद दो दमकल गाड़ियों को भेजा गया। मृतकों में हीरा सिंह कक्कड़ (48), उसकी पत्नी नीतू (40) और उनके बेटे रॉबिन (22) और लक्ष्य (21) है। कक्कड़ फोटोग्राफर था और घर का मालिकाना हक उसके परिवार के पास था। डीएफएस के अधिकारी ने बताया कि आग दो मंजिला इमारत की पहली मंजिल पर इन्वर्टर में लगी जो पास रखे सोफे तक फैल गई। आग लगने के कारण दम घुटने से चार लोगों की मौत हो गई।

सफदरजंग अस्पताल में लगी आग, नर्स को बचाया

नई दिल्ली। सफदरजंग अस्पताल में पुराने आपात चिकित्सा भवन के भंडार कक्ष में मंगलवार को आग लग गई। दिल्ली अग्निशमन विभागके अधिकारियों ने बताया कि भवन की तीसरी मंजिल से नर्स को उतारकर सुरक्षित बाहर लाया गया। अस्पताल के अधिकारी ने बताया कि आग से किसी मरीज पर कोई असर नहीं पड़ा है। डीएफएस प्रमुख अतुल गर्ग ने बताया कि सुबह 10.40 बजे पर आग लगने की सूचना मिली।

परीक्षा सुधारों पर केंद्र की समिति अभिभावकों, छात्रों से बात करेगी

नई दिल्ली, एजेंसी

प्रतियोगी परीक्षाएं 'नीट' और 'नेट' में कथित गड़बड़ी को लेकर उपजे विवाद के बीच, परीक्षा सुधारों पर शिक्षा मंत्रालय की समिति परीक्षा प्रक्रिया से जुड़ी चिंताओं और चुनौतियों को समझने के लिए अभिभावकों एवं छात्रों के साथ बातचीत करेगी।

भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) के पूर्व प्रमुख आर. राधाकृष्णन की अध्यक्षता वाली सात सदस्यीय समिति ने अपनी पहली बैठक सोमवार शाम को की। राधाकृष्णन ने मंगलवार को कहा कि हमारी पहली प्राथमिकता छात्रों और अभिभावकों से उनकी चिंताओं और सुझावों को जानना है। जहां तक संभव हो व्यक्तिगत रूप से या इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के माध्यम से उनसे जुड़ने जा रहे हैं। अगली प्राथमिकता परीक्षा शुरू करने के लिए शीघ्रता से एक मजबूत प्रणाली बनाना है। एक मजबूत, त्रुटिरहित और एक ऐसी प्रणाली विकसित करने पर गौर कर रहे हैं जो छात्रों की परेशानी और तनाव को कम करेगा। सूत्रों के अनुसार, समिति मौजूदा स्थिति और राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) द्वारा सामना की जा रही चुनौतियों का जायजा लेगी। समिति को एजेंसी की मौजूदा प्रक्रियाओं और कामकाज से अवगत कराया गया। समिति ने एनटीए के माध्यम से होने वाली परीक्षाओं और उम्मीदवारों के आंकड़ों पर भी गौर किया। समिति ने गौर किया कि कौन सी परीक्षा कागज-कलम और कौन सी कंप्यूटर से कराई जाए।

नीट और नेट विवाद

- राधाकृष्णन बोले- परीक्षा करने के लिए बनानी होगी मजबूत प्रणाली
- इसरो के पूर्व प्रमुख की सात सदस्यीय समिति ने की बैठक

समिति के सुझाव होंगे लागू

बैठक के दौरान समिति ने साइबर सुरक्षा के मुद्दों और डार्कनेट द्वारा उत्पन्न चुनौतियों पर भी चर्चा की, जहां यूजीसी-नेट परीक्षा का प्रश्नपत्र लीक हुआ था। प्रश्नपत्र लीक होने के बाद इसके अगले ही दिन शिक्षा मंत्रालय ने इसको रद कर दिया था। मंत्रालय के अनुसार, समिति के सुझाए सुधारों को अगले सत्र की परीक्षा में लागू किये जाने की संभावना है। समिति दो महीने में रिपोर्ट सौंप देगी और अगले सत्र की परीक्षा तक के लागू करने के लिए मंत्रालय योजना तैयार कर सकता है।

कोर्ट ने नाबालिग आरोपी को छोड़ने का दिया आदेश

पोर्श दुर्घटना मामला

मुंबई, एजेंसी

बंबई हाईकोर्ट ने मंगलवार को आदेश दिया कि पिछले महीने पुणे में पोर्श कार दुर्घटना में कथित रूप से शामिल 17 वर्षीय आरोपी को सुधार गृह से तुरंत छोड़ दिया जाए। आरोपी लड़के को महा राष्ट्र के पुणे शहर में एक निगरानी गृह में रखा गया है। पुलिस का दावा है कि 19 मई की सुबह शराब के नशे में कार चला रहे किशोर ने एक दोपहिया वाहन को टक्कर मार दी थी, जिससे दो आईटी पेशेवरों की मौत हो गई थी।

न्यायमूर्ति भारती डांगरे और न्यायमूर्ति मंजूषा देशपांडे की खंडपीठ ने किशोर न्याय बोर्ड (जेजेबी) द्वारा नाबालिग को निगरानी गृह भेजने के आदेश को रद कर दिया। पीठ ने याचिका को स्वीकार करते हुए लड़के को छोड़ने का आदेश दिया और कहा कि नाबालिग आरोपी याचिकाकर्ता (चाची) की देखरेख में रहेगा। जेजेबी के रिमांड आदेश अवैध थे और अधिकार क्षेत्र के बिना पारित थे। अदालत ने कहा कि दुर्घटना के बाद लोगों की प्रतिक्रिया और आक्रोश के बीच आरोपी की उम्र पर विचार नहीं किया गया। आरोपी 18 वर्ष से कम उम्र का है इसलिए उसकी उम्र पर विचार किया जाना चाहिए।

पीठ ने कहा कि न्यायालय कानून, किशोर न्याय अधिनियम के उद्देश्यों और प्रावधानों से बंधा हुआ है तथा उसे अपराध की गंभीरता के बावजूद, कानून का उल्लंघन करने वाले किसी नाबालिग आरोपी के साथ वयस्क से अलग व्यवहार करना चाहिए। आरोपी पहले से ही पुनर्वास के दौर से गुजर रहा है जो कि प्राथमिक उद्देश्य है और उसे पहले ही मनोवैज्ञानिक के पास भेजा जा चुका है तथा यह सिलसिला जारी रहेगा। यह आदेश 17 वर्षीय लड़के की चाची द्वारा दायर याचिका पर पारित किया गया, जिसमें दावा किया गया था कि किशोर को अवैध रूप से हिरासत में लिया गया और उसे तत्काल रिहा करने का अनुरोध किया गया।

शिक्षक पात्रता परीक्षा में अनियमितता का आरोप, कांग्रेस ने की जांच की मांग

रायपुर, एजेंसी

छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने शिक्षक पात्रता परीक्षा (सीजी-टीईटी) 2024 के दौरान धमतरी जिले के केंद्र में अनियमितता का आरोप लगाते हुए मंगलवार को जांच कराने की मांग की। बघेल ने संबंधित केंद्र के अभ्यर्थियों को परीक्षा में फिर से बैठने का मौका देने की भी मांग की।

छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मंडल द्वारा 23 जून को आयोजित सीजी टीईटी परीक्षा हुई थी। बघेल ने दावा किया कि धमतरी के भखारा केंद्र महर्षि वेदव्यास शासकीय महाविद्यालय में सीजी-टीईटी परीक्षा के आयोजन में अनियमितताएं सामने आई हैं। इस केंद्र पर अपराह्न दो बजे से शाम 4:45 बजे तक दूसरी पाली में 400 अभ्यर्थी परीक्षा में शामिल हुए।

एसआई प्रश्नपत्र लीक मामला : मुख्य आरोपी को 7 दिन की हिरासत में

जम्मू। जम्मू की विशेष न्यायाधीश बाला ज्योति ने मंगलवार को 2022 के जेकेएसएसबी उप-निरीक्षक भर्ती परीक्षा प्रश्नपत्र लीक मामले के मुख्य आरोपी को सात दिन के लिए ईडी की हिरासत में भेज दिया। हरियाणा के रेवाड़ी निवासी यतिन यादव को गिरफ्तार किया गया था।



अफगानिस्तान की जीत के साथ डेविड वार्नर का सफर खत्म

किंग्सटाउन, एजेंसी

ऑस्ट्रेलिया के महान बल्लेबाज डेविड वार्नर के उपलब्धियों और विवादों से भरे 15 साल लंबे अंतर्राष्ट्रीय करियर का मंगलवार को टी20 विश्व कप में अफगानिस्तान की बांग्लादेश पर जीत के साथ निराशाजनक अंत हो गया।

अफगानिस्तान की जीत के साथ पूर्व चैंपियन ऑस्ट्रेलिया टी20 विश्व कप के सेमीफाइनल में जगह बनाने में नाकाम रहा। बांग्लादेश के खिलाफ जीत के साथ 2021 का चैंपियन ऑस्ट्रेलिया सिर्फ दो अंक के साथ सुपर आठ ग्रुप एक तालिका में तीसरे स्थान पर रहा। टीम को अफगानिस्तान के खिलाफ चौंकाने वाली हार के अलावा भारत के खिलाफ भी शिकस्त झेलनी पड़ी।

संन्यास

- **37 वर्षीय वार्नर ने अपना अंतिम अंतर्राष्ट्रीय मैच 24 जून को ग्रॉस आइलेट में खेला**

जनवरी 2009 में टी20 मुकाबले के साथ अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में पदार्पण करने वाले 37 वर्षीय वार्नर ने अपना अंतिम अंतर्राष्ट्रीय मैच 24 जून को ग्रॉस आइलेट में भारत के खिलाफ खेला, जिसमें ऑस्ट्रेलिया को 24 रन से हार का सामना करना पड़ा। ऑस्ट्रेलिया के सर्वकालिक महान बल्लेबाजों में से एक वार्नर को गॉर्ड ऑफ ऑनर नहीं मिल सका। अपने अंतिम मुकाबले में उन्होंने छह गेंद में छह रन बनाए और अर्शदीप सिंह की गेंद पर सूर्यकुमार यादव को कैच दे बैठे। वह सिर झुकाए मैदान से बाहर चले गए, उन्हें नहीं पता था कि यह उनका आखिरी मैच था या नहीं। वार्नर ने नवंबर 2023 में भारत में विश्व कप फाइनल जीत के रूप में अपना आखिरी एकदिवसीय मैच और इस साल जनवरी में पाकिस्तान के खिलाफ अपना अंतिम टेस्ट खेला। उन्होंने काफी पहले ही संकेत दे दिया था कि यह टी20 विश्व कप उनका अंतिम अंतर्राष्ट्रीय टूर्नामेंट होगा।

वार्नर ने 110 मैच में 33.43 के औसत और 142.47 के स्ट्राइक रेट से 3,277 रन बनाकर ऑस्ट्रेलिया के सर्वोच्च स्कोरर और दुनिया के सातवें सबसे सफल बल्लेबाज के रूप में टी20 प्रारूप से संन्यास लिया। उन्होंने सबसे छोटे प्रारूप में एक शतक और 28 अर्द्धशतक बनाए। उन्होंने 2011 से 2024 के बीच 112 टेस्ट में 44.59 की औसत से 26 शतक और 37 अर्द्धशतक के साथ 8,786 रन बनाए जबकि 161 एकदिवसीय मुकाबलों में 22 शतक और 33 अर्धशतक की मदद से 45.30 की औसत से 6,932 रन जोड़े। वार्नर ने अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में 49 शतक और 19,000 के करीब रन बनाए। उन्होंने स्वीकार किया था कि उनका नाम हमेशा के लिए 'सैंडपेपर गेट प्रकरण' से जुड़ा रहेगा जो 2018 में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ टेस्ट मैच के दौरान केपटाउन के न्यूलैंड्स में हुआ था।

49 अंतर्राष्ट्रीय शतक और 19000 के करीब रन

110 टी20 मैच में 33.43 का औसत और 142.47 का स्ट्राइक रेट

112 टेस्ट में 26 शतक और 37 अर्द्धशतक

161 एकदिवसीय में 22 शतक और 33 अर्धशतक

01 शतक और 28 अर्धशतक लगा टी20 में आस्ट्रेलिया के सर्वोच्च स्कोरर बने

टी20 विश्वकप सुपर-8 अंक तालिका

ग्रुप-1

टीमें	मैच	जीत	हार	अंक	रन रेट
भारत	3	3	0	6	2.017
अफगानिस्तान	3	2	1	4	-0.305
आस्ट्रेलिया	3	1	2	2	-0.331
बांग्लादेश	3	0	3	0	-1.709

ग्रुप-2

टीमें	मैच	जीत	हार	अंक	रन रेट
दक्षिण अफ्रीका	3	3	0	6	0.599
इंग्लैंड	3	2	1	4	1.992
वेस्टइंडीज	3	1	2	2	0.963
अमेरिका	3	0	3	0	-3.906

अफगानिस्तान ने रचा इतिहास

बांग्लादेश को आठ रन से हराकर पहली बार टी20 विश्व कप के सेमीफाइनल में पहुंचे

किंग्सटाउन, एजेंसी

अफगानिस्तान ने टी20 विश्व कप सुपर आठ चरण के मैच में डकवर्थ लुईस प्रणाली से बांग्लादेश को आठ रन से हराकर पहली बार सेमीफाइनल में प्रवेश करके इतिहास रच दिया। जैसे ही नवीनुल हक ने 18वें ओवर की चौथी गेंद पर तस्कीन अहमद का विकेट लिया, उनके साथी खिलाड़ियों से लेकर स्टेडियम में मौजूद समर्थकों तक की आंखें भर आईं। अब सेमीफाइनल में 27 जून को अफगानिस्तान का सामना दक्षिण अफ्रीका और भारत की टक्कर इंग्लैंड से होगी।

इससे पहले बांग्लादेश के गेंदबाजों ने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए अफगानिस्तान को पांच विकेट पर 115 रन पर रोक दिया। लेग स्पिनर रिशाद हुसैन ने 26 रन देकर तीन विकेट चटकाये। सलामी बल्लेबाज रहमानुल्लाह गुरबाज ने 43 रन बनाने के लिए 55 गेंदें खेल डाली। जवाब में अफगानिस्तान ने बांग्लादेश को 17.5 ओवर में 105 रन पर आउट कर दिया। राशिद खान ने 23 रन देकर और तेज गेंदबाज नवीनुल हक ने 26 रन देकर चार-चार विकेट चटकाए। बांग्लादेश के लिए लिटन दास (नाबाद 54) अकेले टिके रहे। बारिश के कारण खेल कई बार रुका। गुरबाज और इब्राहिम जदरान ने 59 रन की साझेदारी की तो फजलहक फारूकी और नवीनुल ने नयी गेंद से विकेट लिए।

शुरुआती विकेट लेने के आदी फारूकी ने तंजीद हसन को दूसरे ही ओवर में पवेलियन भेजा। इसके बाद नवीनुल ने नजमुल हुसैन शांतो और शाकिब अल हसन के कीमती विकेट लिए। बांग्लादेश का स्कोर उस समय तीन विकेट पर 31 रन था जब बारिश के कारण खेल रुका।

- **नवीनुल हक और राशिद खान ने चार-चार विकेट चटकाए**
- **सेमीफाइनल में 27 जून को दक्षिण अफ्रीका से अफगानिस्तान का सामना**

नवीनुल हक

खेल बहाल होने पर पावरप्ले के छह ओवर में उसने तीन विकेट पर 46 रन बना लिये थे। ऐसे में राशिद ने गेंद संभाली और लगातार ओवरों में विकेट लिए। उन्होंने लगातार दो विकेट लेकर टी20 क्रिकेट में सबसे तेजी से 150 विकेट पूरे करके न्यूजीलैंड के टिम साउदी को पछाड़ा। एक बार फिर बारिश से खलल पड़ा, जब बांग्लादेश डकवर्थ लुईस प्रणाली के आधार पर पीछे थी। ऐसे में अफगानिस्तान के हरफनमौला गुलबदिन नायब अचानक ऐंठन के कारण गिर पड़े, जिसे खेल में विलंब करने का शिगूफा माना जा रहा है।

स्कोर बोर्ड

अफगानिस्तान 115/5 (20 ओवर)

	रन	गेंद	4/6
गुरबाज का सरकार बो हुसैन	43	55	3/1
जदरान का हसन साकिब बो हुसैन	18	29	1/0
उमरजई का दास बो रहमान	10	12	0/0
गुलबदिन का सरकार बो हुसैन	04	03	1/0
नबी का शांतो बो अहमद	01	05	0/0
करीम जनत नाबाद	07	06	1/0
राशिद खान नाबाद	19	10	0/3

अतिरिक्त : 13 रन, **विकेट पतन** : 1-59, 2-84, 3-88, 4-89, 5-93

गेंदबाजी : हसन साकिब 4-0-36-0, अहमद 4-1-12-1, शाकिब 4-0-19-0, रहमान 4-0-17-1, हुसैन 4-0-26-3

बांग्लादेश 105/10 (17.5 ओवर)

	रन	गेंद	4/6
लिटन दास नाबाद	54	49	5/1
तंजीद पगबाधा बो फारूकी	00	03	0/0
शांतो का नबी बो नवीनुल हक	05	05	1/0
शाकिब का और बो नवीनुल हक	00	01	0/0
सौम्या सरकार बो राशिद	10	10	1/0
तौहीद का जदरान बो राशिद	14	09	2/0
महमूदुल्लाह का इशाक बो राशिद	06	09	1/0
रिशाद बो राशिद	00	01	0/0
तंजीम का नबी बो गुलबदीन	03	10	0/0
तस्कीन बो नवीनुल हक	02	09	0/0
मुस्ताफिजुर बो नवीनुल हक	00	01	0/0

अतिरिक्त- 11 रन, **विकेट पतन** : 1-16, 2-23, 3-23, 4-48, 5-64, 6-80, 7-80, 8-92, 9-105

गेंदबाजी : नवीनुल 3.5-0-26-4, फारूकी 2-0-15-1, नबी 2-0-15-0, राशिद 4-0-23-4, नूर 4-0-13-0, नायब 2-0-5-1

सुपर-8 मुकाबलों में टीम का प्रदर्शन

47 रन से भारतीय टीम से मिली हार

21 रन से ऑस्ट्रेलिया को हराकर किया उलटफेर

08 रन से बांग्लादेश टीम को मात दी

राशिद खान

खेल डायरी

तेजिंदर तूर राष्ट्रीय एथलेटिक्स चैंपियनशिप से हटे

नई दिल्ली। भारत के गोला फेंक के शीर्ष खिलाड़ी तेजिंदर पाल सिंह तूर टखने में दर्द के कारण गुरुवार से पंचकूला में शुरू हो रही राष्ट्रीय अंतरराज्यीय एथलेटिक्स चैंपियनशिप से हट गए जो आगामी पेरिस ओलंपिक खेलों की अंतिम क्वालीफाइंग प्रतियोगिता है। वह गत एशियाई चैंपियन और एशियाई खेलों के स्वर्ण पदक विजेता हैं। तूर ने पीटीआई को बताया, अभी मेरे टखने में थोड़ा दर्द है और मेरे डॉक्टर ने तीन से चार हफ्तों तक थ्रो नहीं करने के लिए कहा है। भारत के 29 साल के तूर के नाम कुछ समय पहले तक 21.77 मीटर का एशियाई रिकॉर्ड था। सऊदी अरब के मोहम्मद दाओबा तोलो ने 21 जून को मैड्रिड में एस्टाडियो वालेहर्मोसो प्रतियोगिता में 21.80 मीटर के प्रयास के साथ उनके रिकॉर्ड को तोड़ा।

यूरो 2024 : स्पेन ने अल्बानिया को हराया

डसेलडोर्फ (जर्मनी)। स्पेन ने अपनी पूरी टीम लगभग बदलने के बावजूद यूरोपीय फुटबॉल चैम्पियनशिप के मैच में अल्बानिया को 1-0 से हराया। नॉकआउट चरण में पहले ही प्रवेश कर लेने के बाद स्पेन के कोच लुईस डे ला फुऐंते ने शुरूआती टीम में दस बदलाव किए। स्पेन ने 2008 में खिताब जीता था। स्पेन के लिये 13वें मिनट में फेरान टोरेस ने गोल किया और स्टॉपेज टाइम में गोलकीपर डेविड राया ने गोल बचाया। पूरे ग्रुप चरण में स्पेन ने एक भी गोल नहीं गंवाया। ग्रुप बी से इटली ने क्रोएशिया से 1-1 से ड्रॉ खेलकर अगले चरण में जगह बनाई।

काउंटी में फिर सरे के लिए खेलेंगे साई सुदर्शन

लंदन। भारतीय बल्लेबाज साई सुदर्शन मौजूदा काउंटी चैंपियनशिप में सरे के लिए कुछ मैच खेलने के लिए इंग्लैंड लौटेंगे। क्लब ने मंगलवार को यह घोषणा की। 22 वर्षीय भारतीय खिलाड़ी पिछले सत्र में सरे से जुड़ा था और दो काउंटी चैंपियनशिप मैच खेले थे। उन्होंने एक अर्धशतक सहित 116 रन बनाए थे, जिससे टीम को अपना 22वां खिताब जीतने में मदद मिली थी। चेन्नई के इस क्रिकेटर ने आईपीएल 2024 सत्र में शानदार प्रदर्शन किया और वह गुजरात टाइटंस के लिए सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी रहे।

डीएलएस के सहनिर्माता फ्रैंक डकवर्थ का निधन

नयी दिल्ली। क्रिकेट के वर्षा प्रभावित मैचों में परिणाम निर्धारित करने के लिए प्रयुक्त होने वाली डकवर्थ-लुईस-स्टर्न पद्धति (डीएलएस) के सह निर्माताओं से एक फ्रैंक डकवर्थ का शुक्रवार को निधन हो गया। वह 84 वर्ष के थे। डकवर्थ ने साथी सांख्यिकीविद् टोनी लुईस के साथ बारिश या अन्य कारकों से बाधित सीमित ओवरों के मैचों में निष्पक्ष परिणाम सुनिश्चित करने के लिए डीएलएस नियम को तैयार किया था। यह नियम पहली बार 1997 में अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में लागू किया गया था। वर्ष 2001 में अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद ने इसे आधिकारिक रूप से अपनाया। वर्ष 2014 में डकवर्थ और लुईस के सेवानिवृत्त होने के बाद उनके योगदान को मान्यता दी।

नफीस, बोपाना की एशियाई जूनियर स्क्वाश में जीत से शुरुआत

इस्लामाबाद। भारत के युशा नफीस और ध्रुव बोपाना ने मंगलवार को अपने प्रतिद्वंद्वियों को आसानी से हराकर 31वीं एशियाई जूनियर व्यक्तिगत स्क्वाश चैंपियनशिप में जीत के साथ अपने अभियान की शुरुआत की। छठी वरीयता प्राप्त नफीस ने लड़कों के अंडर-17 वर्ग में पाकिस्तान के उबैद उल्लाह को 11-7 10-12 11-5 11-4 से, जबकि बोपाना ने लड़कों के अंडर-13 वर्ग में ईरान के अमीररेज़ा अल्वानसाज़ याज़दी को 11-4 11-2 11-7 से हराया।

कोपा अमेरिका : ब्राजील ने कोस्टा रिका से गोलरहित ड्रॉ खेला

इंगलवुड (अमेरिका)। ब्राजील को कोपा अमेरिका फुटबॉल के पहले मैच में कोस्टा रिका ने गोलरहित ड्रॉ पर रोक दिया। नौ बार की चैम्पियन ब्राजील ने गेंद पर नियंत्रण और विरोधी गोल पर हमलों में दबदबा बनाया लेकिन कोस्टा रिका के गोलकीपर पैट्रिक सिक्वेरा काफी मुस्तैद थे, जिन्होंने तीन गोल बचाये। पहले हाफ में वीएआर चेक के बाद ब्राजील के मारकिन्होस का एक गोल अमान्य करार दिया गया। इस मैच के बाद कोलंबिया ग्रुप डी में शीर्ष पर है।

जश्न में अफगानिस्तान, दुनिया ने की तारीफ

काबुल, एजेंसी

दिग्गजों को जमींदोज करके टी20 विश्व कप के सेमीफाइनल में पहुंची अफगानिस्तान क्रिकेट टीम की इस उपलब्धि ने पूरे देश को जश्न में सराबोर कर दिया और लोग सड़कों पर खुशियां बांटने निकल पड़े।

बांग्लादेश के खिलाफ सुपर आठ चरण के वर्षा बाधित मैच में अफगानिस्तान ने आठ रन से जीत दर्ज करके सेमीफाइनल में जगह बनाई। इसके साथ ही उसने ऑस्ट्रेलिया जैसे दिग्गज को भी बाहर कर दिया। इससे पहले ग्रुप चरण में उसने न्यूजीलैंड को हराया था। अफगानिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने अपने शहरों की तस्वीरें एक्स पर डाली हैं। इसके साथ कैप्शन दिया है, देखो कि सफलता के हमारे लिये क्या मायने हैं। एक और पोस्टर में हजारों प्रशंसकों को सड़कों, अपने घरों की बालकनी और दुकानों की छतों पर जश्न मनाते देखा गया। कैप्शन में कहा गया उन्हें पता है कि टी20 विश्व कप में अफगानिस्तान के नायकों की जीत का जश्न कैसे मनाना है।

पहले मैच में पाकिस्तान से भिड़ेगी टीम इंडिया

नई दिल्ली, एजेंसी

महिला टी20 एशिया कप

- **19 जुलाई को पाकिस्तान, 21 जुलाई को यूएई और 23 जुलाई को नेपाल से होगा सामना**

गत चैंपियन भारत श्रीलंका के दाम्बुला में होने वाले महिला टी20 एशिया कप क्रिकेट टूर्नामेंट में अपने अभियान की शुरुआत 19 जुलाई को चिर प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान के खिलाफ करेगा। यह टूर्नामेंट 19 से 28 जुलाई तक खेला जाएगा, जिसमें महाद्वीप की आठ टीमें हिस्सा लेंगी। पिछली बार के विपरीत इस साल आठ टीमों को दो ग्रुप में बांटा गया है। भारत, पाकिस्तान, यूएई और नेपाल को ग्रुप ए में जगह मिली है जबकि श्रीलंका, बांग्लादेश, थाईलैंड और मलेशिया ग्रुप बी में हैं।

एशियाई क्रिकेट परिषद द्वारा जारी अपडेट कार्यक्रम के अनुसार पाकिस्तान के खिलाफ खेलने के बाद भारत 21 जुलाई को यूएई और 23 जुलाई को नेपाल से भिड़ेगा। प्रत्येक ग्रुप से शीर्ष दो टीम सेमीफाइनल के लिए क्वालीफाई करेंगी जो 26 जुलाई को खेले जाएंगे। फाइनल 28 जुलाई को होगा। टूर्नामेंट में एक बार फिर मैच अधिकारी की भूमिका में सभी महिला अधिकारी होंगी।

मंधाना और हरमनप्रीत वनडे रैंकिंग में शीर्ष 10 में

दुबई, एजेंसी

- **मंधाना के 738 जबकि हरमनप्रीत के 648 रेटिंग अंक**

भारतीय कप्तान हरमनप्रीत कौर आईसीसी की महिला वनडे बल्लेबाजी रैंकिंग में दो पायदान आगे नौवें स्थान पर पहुंच गईं जबकि उपकप्तान स्मृति मंधाना एक पायदान नीचे चौथे स्थान पर खिसक गईं। मंधाना के 738 जबकि हरमनप्रीत के 648 रेटिंग अंक हैं।

मंधाना ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ हाल में समाप्त हुई तीन मैच की श्रृंखला में 343 रन बनाकर शीर्ष 10 में अपनी जगह बनाए रखी। दक्षिण अफ्रीका की कप्तान लॉरा वोलवार्ट ने शीर्ष रैंकिंग हासिल करने की तरफ मजबूत कदम बढ़ाए। वह तीन पायदान चढ़कर दूसरे स्थान पर पहुंच गई हैं तथा इंग्लैंड की नंबर एक बल्लेबाज नैट साइवर ब्रंट से केवल 16 अंक पीछे हैं। दक्षिण अफ्रीका श्रृंखला के तीनों मैच में हार गया था लेकिन वोलवार्ट ने दूसरे मैच में नाबाद 135 रन की पारी खेली थी। गेंदबाजी में भारतीय स्पिनर दीप्ति शर्मा चौथे स्थान पर बनी हुई हैं। उनके 671 रेटिंग अंक हैं।

मोडरिच गोल करने वाले सबसे उम्रदराज फुटबॉलर बने

यूरो चैम्पियनशिप

लीपजिग (जर्मनी)। संभवतः अपना आखिरी टूर्नामेंट खेल रहे क्रोएशिया के लुका मोडरिच ने इटली के खिलाफ गोल किया तो वह यूरोपीय फुटबॉल चैम्पियनशिप में गोल करने वाले सबसे उम्रदराज खिलाड़ी बन गए। उन्हें प्लेयर आफ द मैच पुरस्कार भी मिला लेकिन वह इसका जश्न मनाने के मूड में नहीं थे। इटली के मात्तिया जाकानी ने स्टॉपेज टाइम के आठवें मिनट में गोल कर दिया। इससे क्रोएशिया की नॉकआउट चरण में पहुंचने की राह कठिन हो गई है। अब उसे दूसरे मैचों के नतीजे पक्ष में आने की दुआ करनी होगी। 38 वर्ष 289 दिन के मोडरिच ने 55वें मिनट में रिबाउंड पर गोल दागा।

बैडमिंटनः भारतीय चुनौती की अगुवाई करेंगी तन्वी

नई दिल्ली, एजेंसी

राष्ट्रीय सीनियर प्रतियोगिता के फाइनल में जगह बनाने वाली तन्वी शर्मा 28 जून से इंडोनेशिया के योग्यकर्ता में होने वाली बैडमिंटन एशिया जूनियर चैंपियनशिप में भारतीय चुनौती की अगुवाई करेंगी। जूनियर राष्ट्रीय रैंकिंग चैंपियन प्रणय शेट्टीगर और महाराष्ट्र की अलीशा नाइक, शीर्ष रैंकिंग वाली भारतीय जूनियर ध्रुव नेगी और नव्या कंडेरी जैसे खिलाड़ी भी 18 सदस्यीय टीम में शामिल हैं। भारत को इस मिश्रित टीम चैंपियनशिप में इंडोनेशिया, वियतनाम और फिलिपींस के साथ ग्रुप सी में रखा गया है।

भारतीय टीमः

पुरुष एकल : प्रणय शेट्टीगर, ध्रुव नेगी, रौनक चौहान और प्रणव राम।

पुरुष युगल : अर्श मोहम्मद/संस्कार सारस्वत और भार्गव राम अरिगेला/विश्व तेज गोब्बुरू।

महिला एकल : तन्वी शर्मा, नव्या कंडेरी, अलीशा नाइक और आदर्शिनी श्री एनबी।

महिला युगल : गायत्री रावत/मनसा रावत और नव्या कंडेरी/रेशिका यू।

मिश्रित युगल : भार्गव राम अरिगेला/वेन्नाला के और वंश देव/श्रावणी।

ओलंपिक में भारत का प्रतिनिधित्व करेंगे घुड़सवार अनुष अग्रवाल

नई दिल्ली, एजेंसी

- **अनुष ने बेहतर औसत के कारण मुकाबले में श्रुति वोरा को पछाड़ा**

एशियाई खेलों के पदक विजेता घुड़सवार अनुष अग्रवाल पेरिस ओलंपिक की ड्रेसेज स्पर्धा में देश का प्रतिनिधित्व करेंगे। अनुष ने बेहतर औसत के कारण करीबी मुकाबले में श्रुति वोरा को पछाड़ा। भारतीय घुड़सवारी महासंघ (ईएफआई) ने मंगलवार को यह जानकारी दी।

हांगझोउ एशियाई खेल 2022 में टीम ड्रेसेज स्पर्धा का स्वर्ण और व्यक्तिगत ड्रेसेज स्पर्धा का कांस्य पदक जीतने वाले अनुष को श्रुति पर तरजीह दी गई। दोनों खिलाड़ियों के हाल के प्रदर्शन के विश्लेषण के बाद अनुष को चुना गया। ओलंपिक की ड्रेसेज स्पर्धा में पहली बार कोई भारतीय घुड़सवार हिस्सा लेगा। इससे पहले भारत के घुड़सवारों ने इवेंटिंग स्पर्धा में ही हिस्सा लिया है।



अनुष (अपने घोड़े सर कैरामेलो ओल्ड के साथ) ने पिछले साल शुरू हुए क्वालीफिकेशन चक्र के दौरान प्रदर्शन में निरंतरता दिखाई और न्यूनतम पात्रता आवश्यकता (एमईआर) को चार बार पूरा किया जबकि अनुभवी श्रुति ने इस महीने दो बार एमईआर हासिल किया। उनका औसत स्कोर 67.695 प्रतिशत था जो श्रुति के 67.163 प्रतिशत से बेहतर था। ईएफआई द्वारा निर्धारित मानदंडों के अनुसार पेरिस खेलों में पात्र होने के लिए राइडर और घोड़े के संयोजन को एक जनवरी 2023 और 24 जून 2024 के बीच दो बार न्यूनतम 67 प्रतिशत हासिल करना आवश्यक है। ईएफआई की कार्यकारी परिषद ने अनुष को सर्वसम्मति से चुना। फवाद मिर्जा ने 2020 तोक्यो खेलों में भारत का प्रतिनिधित्व किया था।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अजय कुमार सक्सेना द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उत्तर प्रदेश) से मुद्रित एवं मकान नं.197/1, समता आश्रम गली, रामपुर रोड, हल्द्वानी, जिला नैनीताल, उत्तराखंड-263139 से प्रकाशित।
संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, 05946292618 (कार्यालय), ईमेल-amritvicharhld@gmail.com, आर.एन.आई नं0-UTTHIN/2021/79698 **(नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र नैनीताल होगा)।**

भारत एवं चीन में एफडीए के दवा निरीक्षण कार्यक्रम पर उठे सवाल

वाशिंगटन, एजेंसी

- अमेरिकी सांसदों ने कहा- भारत में 24 निरीक्षणों में नहीं मिला एक भी अनुपालन का मुद्दा

अमेरिका के तीन शीर्ष सांसदों ने भारत और चीन में खाद्य एवं औषधि प्रशासन (एफडीए) के विदेशी दवा निरीक्षण कार्यक्रम पर सवाल खड़ा किया है। एफडीए आयुक्त रॉबर्ट कैलिफ को भेजे पत्र में इन सांसदों ने लिखा कि निरीक्षण के नतीजों में अंतर संस्थागत कमियों तथा एफडीए के विदेशी दवा निरीक्षण कार्यक्रम में विसंगति का एक अन्य उदाहरण जान पड़ता है।

प्रतिनिधि सभा की ऊर्जा एवं वाणिज्य विषयक समिति की अध्यक्ष कैथी मैकमोरिस रॉजर्स, स्वास्थ्य विषयक उपसमिति के अध्यक्ष ब्रेट गुथरी, निगरानी एवं निरीक्षण विषयक उपसमिति के अध्यक्ष मॉर्गन ग्रिफिथ ने जनवरी 2014 से अप्रैल 2024 तक भारत और चीन में एफडीए के निरीक्षण के नतीजों का विश्लेषण करने के बाद 21 मई को यह पत्र लिखा। उन्होंने लिखा इस विश्लेषण के परिणाम आश्चर्यजनक हैं और निरीक्षण नतीजों में भारी अंतर उजागर करते हैं। कुछ एफडीए निरीक्षकों ने अपने सभी या करीब-करीब सभी निरीक्षणों में अनुपालन का मुद्दा पाया। अन्य निरीक्षकों को बमुश्किल ही कोई अनुपालन मुद्दा मिला। दो निरीक्षकों को भारत में कुल 24 निरीक्षणों के दौरान एक भी अनुपालन मुद्दा नहीं मिला।

नासा ने अंतरिक्ष पर चहलकदमी की योजना की रद

वाशिंगटन। नासा ने एक अंतरिक्ष यात्री के स्पेससूट से पानी के रिसाव के बाद अंतरिक्ष में चहलकदमी की योजना रद कर दी है। स्पेससूट अंतरिक्ष में अंतरिक्ष यात्रियों द्वारा पहना जाने वाला विशेष परिधान होता है।

यात्रियों ट्रेसी डायसन और माइक बैरेट ने अंतरिक्ष स्टेशन के एयरलॉक के हैच को खोला तभी डायसन ने अपने स्पेससूट की शीतलन प्रणाली से पानी के रिसाव की सूचना दी जिसके बाद अंतरिक्ष पर चलहकदमी की योजना रद कर दी गई। बैरेट ने कहा यहां अब हर जगह पानी है। नासा ने बताया कि दोनों अंतरिक्ष यात्रियों को कोई खतरा नहीं है।

अमेरिका की खुफिया जानकारी लीक करने वाले असांजे रिहा

वाशिंगटन, एजेंसी

विकीलीक्स के संस्थापक जूलियन असांजे को ब्रिटिश जेल से रिहा कर दिया गया है। ब्रिटिश अखबार द गार्जियन की रिपोर्ट के अनुसार विकीलीक्स ने सोशल मीडिया पर एक वीडियो पोस्ट किया है, जिसमें असांजे वह सोमवार शाम को लंदन के स्टैनस्टेड हवाई पर विमान में सवार होते हुए दिखाई दे रहे हैं।

यह घोषणा उस खबर के तुरंत बाद की गई, जिसमें बताया गया था कि असांजे इस सप्ताह के अंत में अमेरिका के जासूसी कानून का उल्लंघन करने के लिए दोषी होने की दलील देने वाले हैं। इस समझौते के तहत वह अपने गृह देश ऑस्ट्रेलिया वापस लौट सकेंगे। अमेरिकी अभियोजकों ने अदालती दस्तावेजों में कहा कि 52 वर्षीय

- ब्रिटिश जेल से छूटे, देर शाम लंदन से पकड़ी उड़ान

असांजे ने वर्गीकृत अमेरिकी राष्ट्रीय रक्षा दस्तावेजों को प्राप्त करने और प्रसारित करने की साजिश रचने के एक आपराधिक मामले में दोषी होने की दलील देने पर सहमति व्यक्त की है। द गार्जियन ने अपनी रिपोर्ट में उत्तरी मारियाना द्वीप समूह के लिए अमेरिका के जिला न्यायालय में दाखिल दस्तावेजों का हवाला दिया। अमेरिकी न्याय विभाग द्वारा दायर पत्र में कहा गया है प्रतिवादी अमेरिका की राष्ट्रीय रक्षा से संबंधित वर्गीकृत जानकारी को अवैध रूप से प्राप्त करने और प्रसारित करने की साजिश रचने के (आपराधिक) सूचना के आरोप में दोषी होने की दलील देगा। अमेरिका यह कहते रहा है कि इराक और अफगानिस्तान युद्धों के बारे में जानकारी का खुलासा करने वाली विकीलीक्स फाइलों ने लोगों की जान को खतरे में डाला। चीन की शिन्हुआ न्यूज एजेंसी ने अपनी रिपोर्ट में कहा है कि पत्र के साथ दायर की गई आपराधिक जानकारी में कहा गया है कि असांजे ने चेल्सी मैनिंग के साथ जानबूझकर और गैरकानूनी तरीके से साजिश रची और राष्ट्रीय रक्षा से जुड़े दस्तावेज, लेखन और नोट्स प्राप्त किए तथा जानबूझकर दस्तावेजों को उन लोगों को भेजा जो उन्हें प्राप्त करने के हकदार नहीं थे। बीबीसी ने अपनी रिपोर्ट में कहा है कि असांजे ने पिछले पांच साल ब्रिटिश जेल में बिताए।

अमेरिका के साथ समझौते के तहत आरोप स्वीकार करेंगे

वाशिंगटन। विकीलीक्स के संस्थापक जूलियन असांजे अमेरिकी न्याय विभाग के साथ किए गए एक समझौते के तहत एक गंभीर आरोप स्वीकार करेंगे जिससे गोपनीय दस्तावेज प्रकाशित करने से जुड़े उस कानूनी मामले का निपटारा हो जाएगा जो कई महाद्वीपों में चर्चा का विषय बना रहा। सोमवार देर रात को दायर अदालती दस्तावेजों में यह जानकारी दी गई। न्याय विभाग ने अदालत में दायर एक पत्र में कहा कि असांजे अमेरिका के अधिकार क्षेत्र वाले मारियाना द्वीप की संघीय अदालत में पेश होंगे जहां वह राष्ट्र की सुरक्षा से जुड़ी गोपनीय सूचना को अवैध रूप से हासिल करने और प्रसारित करने की साजिश रचने को लेकर जासूसी अधिनियम के तहत आरोप स्वीकार करेंगे।

एक नजर

इराकी मिलिशिया नेता ने अमेरिका को दी धमकी

बगदाद। ईरान के नजदीकी माने जाने वाले इराकी शिया मिलिशिया असैब अहल अल-हक़ के नेता कैस अल-खजाली ने धमकी दी है कि अगर अमेरिका लेबनान के हिज्बुल्लाह के खिलाफ इजराइली हमले का समर्थन करता है, तो वह इराक और पश्चिमोत्तर क्षेत्र में अमेरिकी हितों पर हमला करेगा। अल खजाली ने सोमवार को एक टेलीविजन पर यह धमकी दी। खजाली ने कहा कि अमेरिका को पता होना चाहिए कि वह इस क्षेत्र और इराक में अपने सभी हितों को हमले और खतरे के दायरे में ला रहा है। 7 अक्टूबर, 2023 को गाजा संघर्ष के शुरू होने के बाद से इराक में इस्लामिक प्रतिरोध (जो ईरान समर्थित इराकी मिलिशिया का एक छत्र निकाय है) ने इस क्षेत्र में इजराइल और अमेरिकी ठिकानों पर कई हमले किए हैं।

भारतीय मिस्त्री ने दुबई में 2.25 करोड़ का जैकपॉट जीता

दुबई। भारत के 46 वर्षीय इलेक्ट्रिशियन ने सालों तक पैसों की बचत करने और समझदारी से निवेश करने के बाद दुबई में तकरीबन 2.25 करोड़ रुपये का नकद पुरस्कार जीता है। खलीज टाइम्स में मंगलवार को प्रकाशित एक खबर के अनुसार, आंध्र प्रदेश के नागेंद्रम बोरुगद्दा 2019 से नेशनल बॉन्ड में 100 दिरहम का निवेश कर रहे हैं। 2017 से संयुक्त अरब अमीरात में रह रहे बोरुगद्दा की 18 वर्षीय एक बेटी और 16 वर्षीय एक बेटा है। अखबार ने बोरुगद्दा के हवाले से कहा मैं अपने परिवार को बेहतर जिंदगी देने और अपने बच्चों को अच्छी शिक्षा मुहैया कराने के लिए संयुक्त अरब अमीरात आया था। यह जीत किसी सपने की तरह लगती है।

हज यात्रा के वीजा के दुरुपयोग पर चेतावनी

रियाद। सऊदी अरब ने अन्य देशों की पर्यटन कंपनियों पर विजिट वीजा धारकों को हज यात्रा में भाग लेने के लिए गुमराह करने का आरोप लगाया है। सऊदी प्रेस एजेंसी के अनुसार सऊदी गृह मंत्रालय के सुरक्षा प्रवक्ता तलाल शल्हौब ने कहा कि उन कंपनियों ने हज के लिए वीजा जारी नहीं किया बल्कि उन्हें हज शुरू होने से दो महीने पहले मक्का में रहकर नियमों का उल्लंघन करने के लिए प्रोत्साहित किया। हज परमिट केवल एक ट्रांजिट कार्ड नहीं है बल्कि एक महत्वपूर्ण उपकरण है।

परमाणु कार्यक्रम को लेकर तेहरान और मास्को का विरोध

संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की बैठक में अमेरिका व सहयोगी देशों ने समझौते का उल्लंघन बताया

संयुक्त राष्ट्र, एजेंसी

संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की बैठक में सोमवार को अमेरिका और उसके प्रमुख यूरोपीय सहयोगियों ने तेहरान के बढ़ते परमाणु कार्यक्रम को लेकर ईरान और रूस का विरोध किया। अमेरिका ने ईरान को परमाणु हथियार संपन्न होने से रोकने के लिए सभी आवश्यक साधनों का उपयोग करने का संकल्प जताया।

अमेरिका, फ्रांस, ब्रिटेन और जर्मनी ने ईरान पर आरोप लगाया कि वह अपनी परमाणु गतिविधियों को, परमाणु हथियार विकसित करने से रोकने के उद्देश्य से 2015 के समझौते में तय की गई सीमाओं से कहीं अधिक बढ़ा रहा है और संयुक्त राष्ट्र परमाणु निगरानी संस्था, अंतर्राष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी के साथ सहयोग करने में विफल रहा है। ईरान और रूस ने अमेरिका और उसके सहयोगियों पर

संयुक्त राष्ट्र में सुरक्ष्क्षा परिषद की बैठक में उपस्थित संरा क अध्यक्ष।

आर्थिक प्रतिबंध लगाने का आरोप लगाया, जिन्हें समझौते के तहत हटा दिया जाना था। दोनों देशों ने जोर देकर कहा कि तेहरान का परमाणु कार्यक्रम अंतर्राष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा अभिकरण (आईएईए) की निरंतर निगरानी में है। यह टकराव ईरान और छह प्रमुख देशों - अमेरिका, रूस, चीन, ब्रिटेन, फ्रांस और जर्मनी - के बीच परमाणु समझौते के कार्यान्वयन पर अर्ध-वार्षिक बैठक के दौरान हुआ, जिसे संयुक्त व्यापक कार्य योजना के रूप में जाना जाता है। तेहरान ने आर्थिक प्रतिबंधों को हटाने के बदले में परमाणु ऊर्जा के शांतिपूर्ण उपयोग के लिए आवश्यक स्तर तक यूरेनियम संवर्धन को सीमित करने पर सहमति व्यक्त की थी। वर्ष 2018 में तत्कालीन राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने अमेरिका को समझौते से यह कहते हुए अलग कर लिया था कि वह और कड़ा समझौता करेंगे। लेकिन ऐसा नहीं हुआ। बैठक मई के अंत में आईएईए की रिपोर्ट के बाद हुई जिसमें कहा गया था कि ईरान के पास 60 प्रतिशत शुद्धता तक संवर्धित 142 किलोग्राम (313 पाउंड) से अधिक यूरेनियम है।

अमेरिका ईरान को रोकने के लिए तैयार : वुड

अमेरिकी उप राजदूत रॉबर्ट वुड ने परिषद को बताया कि आईएईए की रिपोर्ट दिखाती है कि ईरान अपने परमाणु कार्यक्रम को ऐसे तरीकों से विस्तारित करने के लिए दृढ़ है, जिनका कोई विश्वसनीय असैन्य उद्देश्य नहीं है। अमेरिका ईरान को परमाणु-सशस्त्र बनाने से रोकने के लिए तैयार है। उनका देश कूटनीति के माध्यम से ईरान के परमाणु कार्यक्रम से जुड़ी अंतर्राष्ट्रीय चिंताओं को हल करने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। ईरान के परमाणु कार्यक्रम पर संयुक्त व्यापक कार्य योजना (जेसीपीओए) में अब तक मौजूद तीन पश्चिमी देशों - फ्रांस, जर्मनी और ब्रिटेन - ने परिषद की बैठक के बाद एक संयुक्त बयान जारी किया।

सुनक ने सट्टे में फंसे दो उम्मीदवारों से पार्टी का समर्थन वापस लिया

लंदन। ब्रिटेन के प्रधानमंत्री ऋषि सुनक ने आम चुनाव की तारीख को लेकर सट्टा लगाने के आरोपों का सामना कर रहे कंजर्वेटिव पार्टी के अपने दो सहयोगियों से पार्टी का समर्थन वापस लेने का मंगलवार को फैसला किया। यह कदम चार जुलाई को होने वाले चुनाव से पहले उठाया गया है। इससे पहले यह विवाद कई दिनों तक प्रचार अभियान की सुर्खियों में छाया रहा और विपक्ष आरोपियों के निलंबन की मांग कर रहा था।

कंजर्वेटिव पार्टी प्रवक्ता ने पुष्टि की है कि पार्टी उम्मीदवार क्रेग विलियम्स और लॉरा सॉन्डर्स को अब क्रमशः वेल्स में मोंटगोमेरीशायर एंड ग्लाइंडर तथा इंग्लैंड में ब्रिस्टल नॉर्थ वेस्ट से सांसद के रूप में चुनाव लड़ने के लिए पार्टी का समर्थन नहीं होगा। कंजर्वेटिव पार्टी के प्रवक्ता ने कहा आंतरिक जांच के परिणामस्वरूप, हम इस निष्कर्ष पर पहुंचे हैं कि हम आगामी आम चुनाव में संसदीय उम्मीदवार के रूप में क्रेग विलियम्स या लॉरा सॉन्डर्स का समर्थन नहीं कर सकते। प्रवक्ता ने कहा हमने गैंबलिंग कमीशन से पड़ताल की है कि यह निर्णय उनकी जांच को प्रभावित नहीं करता है।

केन्या में टैक्स से नाराज प्रदर्शनकारी संसद में घुसे

नैरोबी में प्रदर्शन करते प्रदर्शनकारी।

नैरोबी (केन्या), एजेंसी

- इमारत के एक हिस्से में लगाई आग, टैक्स को लेकर किया जा रहा प्रदर्शन
- सांसदों को वहां से निकाला जा रहा, पुलिस ने नैरोबी में प्रदर्शनकारियों पर गोलियां चलाईं

केन्या में टैक्स को लेकर प्रदर्शन कर रहे हजारों प्रदर्शनकारी संसद में घुस गए हैं और इमारत के एक हिस्से में आग लग गई है। सांसदों को वहां से निकाला जा रहा है। पुलिस ने इससे पहले मंगलवार को राजधानी नैरोबी में प्रदर्शनकारियों पर गोलियां चलाईं। प्रदर्शन में हजारों लोगों ने हिस्सा लिया और उनकी मांग थी कि सांसद एक विवादास्पद वित्त विधेयक में प्रस्तावित नए करों के खिलाफ मतदान करें। पिछले सप्ताह विरोध प्रदर्शनों में दो लोगों की मौत हो गई थी, लेकिन मंगलवार को किसी के हताहत होने की तत्काल कोई जानकारी नहीं है। केन्या के लोगों द्वारा दान की गई सामग्री के साथ चिकित्सकों ने विभिन्न शहरों में अस्थायी आपातकालीन प्रतिक्रिया केंद्र स्थापित किए हैं। विरोध प्रदर्शन का यह दौर तब शुरू हुआ जब सांसदों ने नए करों की पेशकश करने वाले वित्त विधेयक पर मतदान किया। इन नये करों में इको-लेवी भी शामिल है जो सैनेटरी पैड और डायपर जैसी वस्तुओं की कीमत बढ़ाएगी।

भारत और अमेरिका के संबंध तेजी से आगे बढ़ रहे : गार्सेटी

ओक्सन हिल (अमेरिका), एजेंसी

- भारत में अमेरिका के राजदूत ने सेलेक्ट यूएसए इन्वेस्टमेंट समिट के इतर कार्यक्रम में की टिप्पणी

भारत में अमेरिका के राजदूत एरिक गार्सेटी ने कहा कि भारत-अमेरिका के बीच रिश्ते पहले कभी इतने अच्छे नहीं रहे जितने आज हैं और दोनों रणनीतिक साझेदारों के बीच संबंध बहुत तेजी से आगे बढ़ रहे हैं। गार्सेटी ने सोमवार को सेलेक्ट यूएसए इन्वेस्टमेंट समिट के इतर एक कार्यक्रम में ये टिप्पणियां कीं जिसमें सबसे बड़ा प्रतिनिधिमंडल भारत से है।

गार्सेटी ने वाशिंगटन में हुई एक बैठक में कहा यह (भारत-अमेरिका) ऐसा रिश्ता है जो बहुत तेजी से आगे बढ़ रहा है। हमारा कभी भारत के साथ इतना करीबी रिश्ता नहीं रहा। भारतीय मूल के अमेरिकियों की संख्या अब हमारी आबादी का करीब 1.5 प्रतिशत है और वे अमेरिका में छह फीसदी कर का भुगतान करते हैं। यह अमेरिका में सबसे सफल प्रवासी समुदाय है। इस कार्यक्रम में भारत के एसडब्ल्यू स्टील ने टेक्सास के बेटाउन में 14 करोड़ डॉलर निवेश करने की अपनी योजना की घोषणा की। गार्सेटी ने कहा अब अमेरिकी भारतीय ब्रांड और भारतीय कंपनियों से अधिक परिचित हो रहे हैं...हम एक साथ मिलकर तीसरे देशों, बुनियादी ढांचों, ऊर्जा, जलवायु समाधानों में निवेश कर रहे हैं। उन्होंने जेएसडब्ल्यू स्टील की घोषणा पर कहा कि इस प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) से 800 से अधिक अमेरिकी कर्मियों को नौकरियां मिलेंगी। हजारों निवेशकों, कंपनियों, आर्थिक विकास संगठनों (ईडीओ) और उद्योग विशेषज्ञों को कारोबारी निवेश की सुविधा प्रदान करने के लिए सेलेक्ट यूएसए इन्वेस्टमेंट समिट अमेरिका में एक उच्च स्तरीय कार्यक्रम है।

हूती गिरोह के पूर्व नेता को 35 साल कैद की सजा सुनाई

वाशिंगटन। अमेरिका के एक न्यायाधीश ने 400 मावोजो के नाम से कुख्यात हूती गिरोह के पूर्व नेता को हथियारों की तस्करी करने और अमेरिकी बंधकों की फिरौती से एकत्र धन को सफेद करने के लिए दोषी ठहराए जाने के बाद 35 साल जेल की सजा सुनाई है।

अमेरिका के न्याय विभाग ने कहा क्रोक्स-डेस-बौकेट्स हूती के 31 वर्षीय जोली जर्मिन को आज 420 महीने जेल की सजा सुनाई गई। उसे यह सजा अमेरिकी निर्यात कानूनों का उल्लंघन करके हूती समूह को हथियारों की तस्करी और कुख्यात हिंसक हूती गिरोह 400 मावोजो द्वारा पकड़े गए अमेरिकी बंधकों के लिए भुगतान की गई फिरौती की लूट को लेकर सुनायी गयी। जर्मिन पर अमेरिका में कम से कम 24 बंदूक को खरीदने के प्रयास में उसकी भूमिका थी। इसमें एके-47, एआर-15एस, एक ए4 कार्बाइन राइफल, एक एम1ए राइफल और एक .50 कैलिबर राइफल शामिल हैं।

नमूने लेकर पृथ्वी पर लौटा चीनी चंद्रयान

बीजिंग, एजेंसी

चीन का चांग ए 6 अंतरिक्ष यान पहली बार चंद्रमा के सुदूर एवं अंधेरी सतह से चट्टान और मिट्टी के नमूने एकत्रित करने का ऐतिहासिक मिशन पूरा करने के बाद मंगलवार को पृथ्वी पर लौट आया। यह चीन के महत्वाकांक्षी अंतरिक्ष कार्यक्रम में एक प्रमुख उपलब्धि है।

चीन के राष्ट्रपति शी चिनफिंग ने चांग ए 6 मिशन की सफलता पर बधाई दी। चीन का इस तरह के क्षेत्र से नमूने एकत्रित करने वाला पहला अभियान है। इससे पहले भारत अगस्त 2023 में चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव क्षेत्र के समीप उतरने वाला पहला देश बन गया था। उसका चंद्रयान-3 का लैंडर सफलतापूर्वक वहां उतरा था। पृथ्वी के इकलौते उपग्रह चंद्रमा का यह वह हिस्सा है जिसके बारे में अभी अधिक जानकारी नहीं है। चीन चंद्रमा के सुदूर हिस्से में उतरने वाला इकलौता देश है। इससे पहले उसने 2019 में ऐसा किया था।



चांग ए 6 मिशन को 3 मई को प्रक्षेपित किया गया था

चांग ए चंद्र मिशन का नाम चीन की पौराणिक चंद्रमा देवी के नाम पर रखा गया है। एक ऑर्बिटर, एक रिटर्नर, एक लैंडर और एक आरोहक के साथ चांग ए 6 मिशन को इस साल 3 मई को प्रक्षेपित किया गया था। पहली बार दक्षिणी ध्रुव-एटकेन बेसिन नामक एक विशाल गड्ढे में 2 जून को उतरा और उसने नमूने एकत्रित किए। यह 4 जून को चंद्रमा के एक क्षेत्र से पहली बार चट्टान के नमूने लेकर वापस लौटा।

चंद्रमा का निकटतम भाग चंद्र गोलार्ध है जो हमेशा सुदूर भाग के विपरीत यानी पृथ्वी की ओर होता है। ऐसा माना जाता है कि चंद्रमा के सुदूर भाग पर पर्वत और गड्ढे हैं जो कि निकटतम भाग पर दिखायी देने वाली अपेक्षाकृत सपाट सतह से अलग है। सीएनएसए ने बताया कि इस अंतरिक्ष यान को विमान से बीजिंग ले जाया जाएगा और वैज्ञानिकों का एक दल चंद्रमा से एकत्रित किए नमूनों का भंडारण करेगा। उम्मीद है कि चांग ए 6 यान चंद्रमा की दो किलोमीटर तक की धूल के कणों और सुदूर हिस्से की चट्टानों के साथ पृथ्वी पर लौटा है जिसका विश्लेषण चीनी अनुसंधानकर्ता करेंगे।

10 भारतीय मछुआरे गिरफ्तार, श्रीलंकाई नाविक की मौत

कोलंबो। श्रीलंका की समुद्री सीमा में अवैध रूप से मछली पकड़ने में लगी एक नौका को जब्त करने के लिए श्रीलंकाई नौसेना द्वारा चलाए गए अभियान में कम से कम 10 भारतीय मछुआरों को गिरफ्तार किया गया जबकि एक श्रीलकाई नौसैनिक की मौत हो गई।

दो दिन पहले ही श्रीलंका की नौसेना ने कथित रूप से अवैध तरीके से मछली पकड़ने को लेकर 18 भारतीय मछुआरों को गिरफ्तार किया था। अधिकारियों ने बताया कि श्रीलंकाई नौसेना को सूचना मिली थी कि उत्तरी जाफना में डेल्फ्ट टापू के पास श्रीलंकाई समुद्री सीमा में एक भारतीय कुछ मछुआरों के साथ अवैध रूप से मछली पकड़ने में लगा है जिसके बाद मंगलवार को अभियान शुरू किया गया। नौसेना के प्रवक्ता कैप्टन गयान विक्रमसूर्या ने कहा नौसेना ने श्रीलंकाई समुद्री सीमा में अवैध रूप से मछली पकड़ने में लगी नौका और मछुआरों की धर-पकड़ के लिए एक अभियान शुरू किया।

बॉलीवुड हलचल

रजनीकांत और सलमान खान को लेकर फिल्म बनाएंगे एटली



मुंबई। दक्षिण भारतीय फिल्मों के जानेमाने निर्देशक एटली, रजनीकांत और सलमान खान को लेकर फिल्म बना सकते हैं। वर्ष 2023 में एटली ने शाहरूख खान को लेकर सुपरहिट फिल्म जवान बनायी थी। एटली ने अपनी आने वाली फिल्म की तैयारियां शुरू कर दी हैं। कहा जा रहा है कि सलमान खान और रजनीकांत जल्द ही इस फिल्म के सिलसिले में मुलाकात करने वाले हैं। सन पिक्चर द्वारा इस फिल्म को प्रोड्यूस किया जाएगा। वह पिछले 2 सालों से सलमान खान से संपर्क में हैं। कहा जा रहा है कि सलमान खान अपनी फिल्म सिकंदर की शूटिंग खत्म करने के बाद एटली की फिल्म की शूटिंग शुरू करेंगे।

करीना ने बहन करिश्मा को दी जन्मदिन की बधाई

मुंबई। बॉलीवुड अभिनेत्री करीना कपूर ने अपनी बहन करिश्मा कपूर को जन्मदिन की बधाई दी है। करिश्मा आज अपना 50वां बर्थडे सेलिब्रेट कर रही हैं। इस खास मौके पर करीना कपूर ने अपने इंस्टाग्राम पोस्ट पर एक वीडियो शेयर कर करिश्मा को बधाई दी है।वीडियो में सिस्टर ट्विनिंग, वेकेशन फोटोज और करिश्मा के बचपन से लेकर अब तक के सफर को दिखाया गया है। इसमें अनसीन फोटोज का मोंटाज बनाया गया। पोस्ट को शेयर करते हुए करीना ने लिखा, मेरी अल्टीमेट हीरो हैप्पी बर्थडे... 50 का मतलब है 30 साल की गर्ल... बिग ब्रेकफास्ट, ढ़ेर सारी कॉफी, शानदार बैग, मेरे साथ लंबी बातचीत, लाफ्टर और डांस, चाइनीज फूड, और हमेशा अपने दोनों बच्चों के साथ रहना।

2 अगस्त को रिलीज होगी जाह्नवी की फिल्म उलझ

मुंबई। बॉलीवुड अभिनेत्री जाह्नवी कपूर की आने वाली फिल्म उलझ, 2 अगस्त को रिलीज होगी। जाह्नवी की फिल्म मिस्टर एंड मिसेज माही हाल ही में रिलीज हुई थी। उन्होंने अपने सोशल मीडिया हैंडल इंस्टाग्राम पर फिल्म का मोशन पोस्टर शेयर किया है। इसे शेयर करते हुए जाह्नवी ने कैप्शन में लिखा है कि उलझ अब 2 अगस्त को आपके नजदीकी सिनेमाघरों में रिलीज होने के लिए तैयार है। जल्द ही पॉपकॉर्न के साथ मिलते हैं। फिल्म उलझ में जाह्नवी इंडियन फारेस्ट ऑफिसर का किरदार निभाया है।

खगोल विज्ञान | जेम्स वेब स्पेस टेलीस्कोप ने की बड़ी खोज

ऊपरी वायुमंडल संचालित करता है बृहस्पति का वातावरण

संवाददाता, नैनीताल

अमृत विचार : बृहस्पति का ऊपरी वायुमंडल इस ग्रह के वातावरण को संचालित करता है। खगोलविदों को पहली बार बृहस्पति के वातावरण का आश्चर्यचकित कर देने वाले जानकारी मिली है। नासा, ईएसए व सीएसए के संयुक्त मिशन जेम्स वेब स्पेस टेलीस्कोप द्वारा यह खोज हुई है।

दरअसल बृहस्पति का ग्रेट रेड स्पॉट ग्रहों की मौसमी दुनिया में विशेष स्थान रखता है। पिछले दिनों रेड स्पॉट कहे जाने तूफान की उम्र व गति का खुलासा किया गया था और आज इस कुख्यात तूफान के ऊपर के सक्रिय वातावरण की दिलचस्प जानकारी मिली है। बृहस्पति के रेड स्पॉट के ऊपर लगभग 300 वर्ग किमी दायरे में फैले वातावरण का अध्ययन



यूरोपियन स्पेस एजेंसी (ईसा) के वैज्ञानिको ने किया। तब यह जानकारी सामने आई कि बृहस्पति के आयनमंडल में हाइड्रोजन अणुओं द्वारा उत्सर्जित अवरक्त प्रकाश मौजूद है। ये अणु तूफान के बादलों से 300 किमी ऊपर स्थित हैं, जहां सूर्य से प्रकाश हाइड्रोजन को आयनित करता है और इस अवरक्त उत्सर्जन को उत्तेजित करता है। यह ऊपरी क्षेत्र विभिन्न प्रकार की जटिल संरचनाओं और गतिविधियों की मेजबानी करता है। वेब दूरबीन अवरक्त संवेदनशीलता वाले वातावरण का अध्ययन करने में सक्षम है। जिस कारण यह खोज संभव हो पाई । खोजकर्ता वैज्ञानिकों के अनुसार बृहस्पति का ऊपरी वायुमंडल ग्रह के चुंबकीय क्षेत्र और अंतर्निहित वातावरण के बीच का इंटरफ़ेस है। जिसमें उत्तरी और दक्षिणी रोशनी की मात्रा का पता चलता है। बृहस्पति को प्राप्त होने सूर्य की रोशनी की तुलना पृथ्वी से की जाय तो सूर्य के प्रकाश का केवल 4 प्रतिशत ही प्राप्त होता है। जिससे बृहस्पति के वातावरण की सटीक जानकारी मिलती है।

एक और तंत्र बृहस्पति के वातावरण में होना चाहिए

नेचर एस्ट्रोनॉमी में यह खोज प्रकाशित हुई है। यूनाइटेड किंगडम में लीसेस्टर विश्वविद्यालय के टीम लीडर हेनरिक मेलिन के अनुसार हमने सोचा कि यह क्षेत्र शायद उबाऊ व निर्जीव होगा। मगर परिणाम इसके विपरीत निकला। वैज्ञानिकों का मानना है कि बृहस्पति का ऊपरी वायुमंडल का आकार और संरचना को बदलने वाला एक और तंत्र होना चाहिए। जिसकी पड़ताल अगले अध्ययन में की जाएगी। गैसीय ग्रहों के वातावरण की जानकारी हासिल करने के लिये यह खोज बेहद महत्वपूर्ण हैं।